डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | माघ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 23 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक- 100, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पराक्रम दिवस की शुभकामनाएं

तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा!

1940 में सुभाष चंद्र बोस ने ... दिया था।

"जय हिंद!" यह एक अत्यंत प्रसिद्ध नारा है, जिसे बोस ने भारतीय राष्ट्रीय सेना का आदर्श नारा बनाया

## जलगांव में रेल हादसा, 16 लोगों की मौत, 20 घायल

**मुंबई (एजेंसी)।** जलगांव जिले में परधाड़े स्टेशन के पास बुधवार शाम हुए रेल हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इस घटना में 20 लोगों का इलाज जलगांव सिविल अस्पताल में हो रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना में प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद और घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की है। घटनास्थल पर रेलवे प्रशासन, जिला प्रशासन और ग्रामीण मिलकर राहत और बचाव काम कर रहे हैं। जिले के अधिकारी भूषण अहिरे ने बताया कि बुधवार की शाम को करीब सवा पांच बजे लखनऊ से मुंबई आ रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह से 40 यात्री ट्रेन से कूद गए। उसी समय पुष्पक एक्सप्रेस से कूदे यात्री मुंबई से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में अब तक 16 यात्रियों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 20 घायल लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## गैर निवासी क्रूज शिप संचालकों के लिए आयकर अधिनियम में संशोधन अधिसूचित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गैर-निवासी क्रूज शिप ऑपरेटरों के लिए अनुमानित कराधान व्यवस्था की प्रयोज्यता के लिए शर्तें निर्धारित करने के लिए आयकर नियमों में संशोधन को अधिसूचित किया है। आयकर विभाग ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उपाय के रूप में वित्त अधिनियम, 2024 ने क्रूज जहाजों के संचालन के व्यवसाय में लगे गैर-निवासियों के लिए एक अनुमानित कराधान व्यवस्था शुरू की गई है।

### फोरलेन निर्माण स्थल पर अपराधियों ने की गोलीबारी

# साइट इंजीनियर के पैर में लगी गोली

**घटना की जिम्मेदारी किसी अपराधी या उग्रवादी संगठनों ने नहीं ली**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 39दोमुहान पुल के समीप फोरलेन सड़क निर्माण कार्य स्थल पर एक मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी करने से कार्य स्थल पर साइट इंजीनियरिंग दीपांकर विश्वास के दाहिने पैर में गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही मनिका थानेदार शशि कुमार सदलबल घटना स्थल पर पहुंच कर घायल इंजीनियर को मनिका सामुदायिक अस्पताल भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने घायल इंजीनियर को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना स्थल से मनिका पुलिस ने गोली का दो खोखा



बरामद किया है। फिलहाल फोरलेन निर्माण कार्य स्थल पर गोली चलाने की जिम्मेवारी किसी अपराधिक या उग्रवादी संगठन ने नहीं लिया है। घटना के बावत साइट पर काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश हथियार लेकर साइड पर अचानक आ धमके। काम कर रहे मजदूर जब तक कुछ समझ पाते, अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान साइट पर मौजूद कर्मी भागने लगे। भागने के क्रम मे इंजीनियर दीपांकर विश्वास के पैर में गोली लग गई। कर्मियो ने बताया कि अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ चार राउंड गोली चलाई गई है। कमियों ने बताया कि अपराधी गोली चलाने के दौरान मोबाइल से वीडियो भी बना रहे थे। गोली चालन की घटना के बाद मनिका पुलिस व सैट के जवान अपराधियों के धर पकड़ के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दिया है। मनिका पुलिस ने गोलीबारी की घटना मे शामिल अपराधियों को जल्द पकड़ने का दावा किया है। गोलीबारी की घटना से निर्माण कार्य मे लगे मजदूर सहित कंस्ट्रक्शन कर्मियों में दहशत का माहौल व्याप्त है। बता दें कि लातेहार में सक्रिय अपराधी दहशत बनाकर लेवी वसूलने की नीयत से इस प्रकार की घटना को अंजाम दे रहे हैं। कुछ दिन पूर्व भी चंदवा थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण साइट पर अपराधियों ने गोली चलाई थी, हालांकि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को मनिका थाना क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़

# एक उग्रवादी घायल हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरखाड़ गांव के पास पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में एक उग्रवादी को गोली भी लगी है। घटनास्थल से पुलिस ने एक हथियार बरामद किया है। एसपी कुमार गौरव ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अभी घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। दरअसल लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार और लोहरदगा के सीमावर्ती क्षेत्र में जेजेएमपी के उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जमे हैं। सूचना के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। वहां पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से सैकड़ों चक्र गोलियां चली। तकरीबन आधे घंटे तक चली मुठभेड़ में एक उग्रवादी को गोली लगी है। घटनास्थल से



पुलिस ने एक हथियार और आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है। अन्य उग्रवादी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहें। बता दें कि लातेहार और लोहरदगा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र को उग्रवादियों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता है, हालांकि पुलिस द्वारा उग्रवादियों के खिलाफ छापेमारी जारी है। लेकिन पूर्व में पुलिस द्वारा कार्रवाई के बाद अब उग्रवादी इस इलाके से भी उखड़ने लगे हैं।

### मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन विधायक आवासीय परिसर का किया निरीक्षण, कहा

# सभी सुविधाओं से युक्त होगा विधायक आवास

- **सीएम हेमंत सोरेन ने कार्य प्रगति की ली जानकारी, दिए कई निर्देश**
- **कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कहा, जून माह तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को रांची के जगन्नाथपुर में निमाणाधीन विधायक आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण करने के क्रम में निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि जल्द से जल्द इसके हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी कर विधायकों को ये आवास आवंटित किए जा सकें। इस दौरान उन्होंने यहां विधायकों के लिए बन



रहे आवास, हेल्थ सेंटर, शॉपिंग कांप्लेक्स, चिल्ड्रेन पार्क, प्ले ग्राउंड, बिजली, पानी और सड़क, व्हीकल पार्किंग, सीवरेज-ड्रेनेज सिस्टम समेत कई निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कई निर्देश भी दिए। इस दौरान निर्माण कार्य कर रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी ने इस वर्ष जून माह तक सभी निर्माण कार्य पूरा हो जाने की बात कही। मुख्यमंत्री के विधायक आवासीय परिसर के निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**योजनाबद्ध तरीके से प्लांटेशन कराए जाएं : सीएम**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक आवासीय परिसर में बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध तरीके से प्लांटेशन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभी विधायकों के लिए आवासीय व्यवस्था व्यवस्थित नहीं है। राजधानी रांची के अलग-अलग क्षेत्र में उन्हें रहने के लिए आवास उपलब्ध कराया गया है। लेकिन, विधायक आवासीय परिसर के निर्माण होने से सभी विधायकों को एक ही कैंपस में रहने के लिए एक बेहतर, व्यवस्थित और सुविधाओं से युक्त आवास मिलेगा।

# बेरमो में हुई मुठभेड़ में एक महिला समेत दो नक्सली ढेर

- **मृत महिला नक्सली 15 लाख के इनामी रणविजय महतो की पत्नी**
- **दो पुलिसकर्मी भी हुए घायल, इलाके में हाई अलर्ट किया गया जारी**

**नवीन मेल डेस्क**

**बोकारो।** जिले के बेरमो अनुमंडल के ऊपरघाट में बुधवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। वहीं, दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। बेरमो अनुमंडल के नक्सल प्रभावित पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊपरघाट के बंशी एवं जरवा के जंगल में सुरक्षा बलों के जवानों की प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के साथ बुधवार के



तड़के मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक महिला एवं एक पुरुष नक्सली को ढेर कर दिया। मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली मंगलवार को चंद्रपुरा से पकड़े गए 15 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली रणविजय महतो की पत्नी बताई जा रही है। बोकारो एसपी को सूचना मिली थी कि रणविजय महतो की गिरफ्तारी के बाद छह नक्सलियों का सशस्त्र दस्ता ऊपरघाट के जरवा एवं बंशी के जंगल में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और जगुआर के जवानों के साथ बोकारो एसपी ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया। सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को देखकर नक्सलियों ने उनको निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाल लिया और देखते ही देखते दोनों ओर जमकर गोलीबारी शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि नक्सलियों के खिलाफ इस ऑपरेशन की कमान बोकारो एसपी स्वयं संभाल रहे हैं। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और जंगल में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है और इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज | कल**




# रेलवे में दो करोड़ रुपए का टिकट बिक्री घोटाले का पर्दाफाश

- **अधिकृत एजेंसी राईटर सेफ गार्ड लिमिटेड के दो कर्मियों की संलिप्तता**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** रेलवे में बड़े घोटाले का मामला उजागर हुआ है। जानकारी के अनुसार नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन में टिकट बिक्री के 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये का घोटाला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह घोटाला वर्ष 2023 में हुआ है। घोटाला कोई और नहीं बल्कि एसबीआई द्वारा स्टेशन से बैंक तक पैसा लाकर जमा करने के लिये अधिकृत एजेंसी राईटर सेफ गार्ड लिमिटेड (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर (कर्मियों) ने की है। उक्त




कंपनी के दो कर्मी अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति पर राशि के कथित घोटाले का आरोप लगा है। इसका खुलासा रेलवे के बैंक खाते के स्टेटमेंट की जांच पड़ताल के पश्चात हुआ है। इतनी बड़ी राशि का घोटाला होने पर रेल अधिकारियों के कान खड़े हो गये। रेलवे के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार ने नगर ऊंटरी थाना में आवेदन देकर बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद कुमार प्रजापति के विरुद्ध राशि गबन करने का मामला दर्ज कराया है। दोनों भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा गांव के रहने वाले हैं। **शेष पेज 11 पर**

# एसीबी ने राजस्व कर्मचारी के चार ठिकानों पर की छापेमारी

- **रांची में दो, घाघरा में एक और बिहार में एक ठिकाने पर पड़ा छापा**
- **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कई कागजात भी किए हैं जब्त**
- **नामकुम अंचल में कार्यरत है राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/घाघरा (गुमला)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को भ्रष्टाचार से जुड़े



मामले में रांची के नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के मोरहाबादी के रामकृष्ण मिशन के पास स्थित आवास, नामकुम सीओ ऑफिस और गुमला के घाघरा में स्थित उसके किराए के आवास पर छापेमारी की। यह छापेमारी सुबह में ही शुरू की गई थी। झारखंड के रांची और गुमला के अलावा बिहार के औरंगाबाद में भी छापेमारी की गई है। जानकारी के अनुसार, टीम **शेष पेज 11 पर**

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा मामले में हाईकोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या न्यायिक जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 मार्च की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में सीआईडी के अनुसंधान जारी है। मोबाइल सहित कुछ डिजिटल उपकरण को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जिसकी **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

# जिनके नाम से कभी नेता शब्द की प्रतिष्ठा बढ़ी थी



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

खुलेआम जाति धर्म और क्षेत्रवाद की राजनीति करने वाले नेताओं की भीड़ में नेताजी का नाम आज भी सभी लोग बहुत सम्मान से लेते हैं जिन्होंने अपनी आजाद हिंद फौज में सभी को शामिल कर भारत को एक सूत्र में बांधा था।सुभाष चंद्र बोस ने भारत को आजादी दिलाने के लिए अपना सबकुछ त्याग दिया। उन्होंने घर छोड़ा, सिविल सर्विस की आरामदेह और पैसे वाली नौकरी भी छोड़ी और क्रांति की राह पर विश्व से सहयोग लिया। अंग्रेजों से आजादी दिलाने में नेताजी ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' जैसे नारे दिए। नेता जी भारत को आजादी दिलाने के लिए अपनी जान की बाजी तक लगा दी। उन्होंने भारत को आजादी दिलाने के लिए आजाद हिंद फौज की स्थापना की जिसने निर्णायक भूमिका अदा की । नेता जी सुभाष चंद्र बोस की मौत आज भी दुनिया के लिए पहेली बनी हुई है। लोगों के मन में कई सवाल आज भी घूमते रहते हैं। ऐसे में क्या आपने कभी सोचा है कि सुभाष चंद्र बोस को नेता जी क्यों कहते हैं। देश की आजादी के लिए सुभाष चंद्र बोस जर्मनी के तानाशाह अडोल्फ हिटलर से मिले थे। बोस से मिलने के बाद हिटलर उनसे काफी प्रभावित हुआ था। इस दौरान हिटलर ने सुभाष चंद्र बोस को नेता जी कहकर संबोधित किया था। लोग प्यार से उन्हें नेताजी कहते थे। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़ीसा के कटक में हुआ था। उन्होंने आजाद हिंद फौज का निर्माण और संगठन अद्भुत सूझबूझ से किया था ताकि हमारी शक्ति, आदर्श और कार्ययोजना को मूर्तरूप दे सकें। नेताजी ने युवाओं में स्वाधीनता का अर्थ केवल राष्ट्रीय बंधन से मुक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक समानता, जाति, भेद, सामाजिक कुविचार का निराकरण, सांप्रदायिक संकीर्णता त्यागने का विचार मंत्र भी दिया। नेताजी के विचार विश्वव्यापी थे। वे समग्र मानव समाज को उदार बनाने के लिए प्रत्येक जाति को विकसित बनाना चाहते थे। उनका स्पष्ट मानना था कि जो जाति उन्नति करना नहीं चाहती, विश्व रंगमंच पर विशिष्टता पाना नहीं चाहती, उसे जीवित रहने का कोई अधिकार नहीं।नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं। एक बार उन्होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है। जबकि दूसरों से ली गई ताकतें



उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है। नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं। एक बार उन्होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है। जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है। नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं। एक बार उन्होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है। जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है। नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं। एक बार उन्होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है। जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है। नेता जी हमेशा उच्च विचारों पर चलना स्वीकार करते थे। उन्होंने अपने विचारों में भी यह कहा था कि अगर आप उच्च विचारों के साथ जीवन जीते हैं तो यह आपकी कमजोरियों को दूर करने का ताकत देती है इसलिए हमें उच्च विचारों के साथ जीना चाहिए। नेताजी जिस भी काम को पूरा करने की ठान लेते थे, उसे पूरा करने के बाद ही दम लेते थे। यह उनके काम का तरीका था। एक बार उन्होंने कहा था कि जिस व्यक्ति के अंदर सनक नहीं होती, वो कभी महान नहीं बन सकता। 29 दिसंबर 1943 नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंडमान एंड निकोबार द्वीप के पोर्ट ब्लेयर पर पहुंचे। 30 दिसंबर 1943 को जिमखाना ग्राउंड पर नेताजी ने तिरंगा फहराया। दूसरे वर्ल्ड वार में जापान ने इस द्वीप पर कब्जा कर लिया था। 1942 में उनका इस पर कब्जा हुआ, जो 1945 तक बरकरार रहा। इसे 29 दिसंबर को उन्होंने सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद सरकार को सौंप दिया। हालांकि इस पर जापान का वास्तविक नियंत्रण बना रहा। उन्होंने अंडमान का नाम शहीद और निकोबार का नाम स्वराज रखा जिसका सम्मान रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने के यहां तिरंगा फहराने की 75वीं सालगिरह पर रॉस आइलैंड का नामकरण उनके नाम पर करने की घोषणा की। अब इसे नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वीप के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा नील आइलैंड को शहीद द्वीप और हेवलॉक आइलैंड को स्वराज द्वीप के नाम से पहचाना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध में अंडमान-निकोबार पर जापानी सेना के कब्जे के बाद 30 दिसंबर, 1943 को यहां पहुंचे नेताजी ने ही अंडमान-निकोबार का नाम बदलकर शहीद और स्वराज द्वीप करने की सलाह दी थी।

# इलेक्टोरल बॉन्ड योजना पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर समीक्षा याचिका

**16,518 करोड़ रुपए की जब्ती की फिर मांग की गई**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में दायर हुई एक समीक्षा याचिका में उसके ही दो अगस्त 2024 के उस आदेश पर विचार की मांग की गई है, जिसके तहत वर्ष 2018 की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना के तहत राजनीतिक दलों की तरफ से जुटाए 16,518 करोड़ रुपए की जब्ती की मांग को नकार दिया गया था। समीक्षा याचिका में दो अगस्त 2024 के आदेश को वापस लेने की मांग की गई है। इस आदेश ने योजना के तहत प्राप्त धन को जब्त करने की मांग वाली पिछली याचिका को खारिज कर दिया था। इसलिए याचिका को बहाल करने और नए सिरे से सुनवाई की मांग की गई है। शीर्ष अदालत ने बीते वर्ष दो अगस्त को खेम सिंह भाटी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद समीक्षा याचिका दायर की गई थी और चुनावी बॉन्ड योजना (ईबीएस) में जांच की भी मांग की गई थी। वकील जयेश के. उन्नीकृष्णन के माध्यम से दायर और वरिष्ठ वकील विजय हंसानिया द्वारा निपटान की गई समीक्षा याचिका में कहा गया है कि 2024 को शीर्ष अदालत ने एक अन्य मामले को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन करने के लिए असंवैधानिक करार दिया था। याचिका में कहा गया है कि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) मामले में फैसले ने ईबीएस को शुरूआत से ही अमान्य मान लिया है। इसी वजह से राजनीतिक दलों द्वारा एकत्र की गई राशि को जब्त करने की मांग वाली बाद की याचिकाओं को खारिज **शेष पेज 11 पर**

## कोरोना की वैश्विक आपदा में मूर्तिकला निखारने का मिला अवसर

# मां शारदे की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार बसंत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** हंस वाहिनी विद्यादात्री मां शारदे की बसंत पंचमी पर पूजा-अर्चना करने को लेकर जहां आयोजकों ने तैयारी शुरू कर दी है, वहीं मूर्तिकार बसंत कुमार प्रजापति व उनके सहयोगी और परिवार के अन्य सदस्य मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। मूर्तिकार बसंत प्रजापति ने बताया कि करीब 10 साल पहले से उन्होंने स्थानीय ठाकुरबाड़ी के समीप विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमा बनाने का काम शुरू किया था। सबसे पहले उन्होंने मां शारदे की मूर्तियां बनाने से ही मूर्तिकला शुरू की थी। बाद में अन्य



देवी-देवताओं की मूर्तियों की मांग हुई, तो उन्होंने सभी आकृति की मूर्तियों का निर्माण करना शुरू कर दिया। बताया कि स्थानीय स्तर पर सहज और सुलभ तरीके से विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों के उपलब्ध होने लगने से इनकी पूजा-अर्चना और स्थापना को लेकर लोगों खासकर, बच्चों और युवाओं की आस्था बढ़ने लगी। इससे साल दर साल इनकी मांग भी बढ़ती जा रही है। जबकि पहले लोगों को खासकर दशहरा पर्व पर मां दूर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों के लिए डेहरी (बिहार) अथवा जपला जाना पड़ता था या बाहर से मूर्तिकार को बुलाना पड़ता था। मगर अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से दूगा पूजा के साथ ही ज्यादा जगहों पर लक्ष्मी, सरस्वती और विश्वकर्मा की भी मूर्ति पूजा की जाने लगी। मूर्तिकार ने बताया कि इस बार मां शारदे की 43 मूर्तियों का निर्माण किया गया। इनमें सबकी बुकिंग हो गई है। इनमें 1500 से 5000 की कीमत की कीमत के मूर्तियों का अंतिम रूप देना शुरू कर दिया गया है।

### रोजगार के लिए पलायन की त्रासदी से मिली मुक्ति

बसंत प्रजापति ने बताया कि मूर्तियां बनाने के पहले रोजगार के लिए उन्हें अपने भाईयों के साथ अन्य महानगरों में पलायन करने को विवश होना पड़ता था। मगर कोरोना की वजह से घर वापसी के बाद मूर्तिकला को निखारने का अवसर मिला। कोरोना जैसी वैश्विक आपदा उनके लिए स्वावलंबन का अवसर बन गया। उन्होंने कहा कि मूर्तिकला से उन्हें लोगों का सम्मान मिला, पर सरकार की ओर से इसके लिए सहायता नहीं मिल रही है इसका उन्हें मलाल है।

# कादलकुर्मी में थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण से आवागमन में बढ़ी असुविधा, ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर जताया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे थर्ड लाइन विस्तारीकरण के कारण कादलकुर्मी में आवागमन को लेकर असुविधा बढ़ जाएगी। इससे प्रभावित ग्रामीणों ने आवागमन की सुविधा प्रदान करने की मांग को लेकर पंचायत के मुखिया अनिता देवी के नेतृत्व में इसमें लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड के अधिकारियों को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने इसके समाधान के लिए अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद, अंचलाधिकारी मोहम्मदगंज, रेल सुरक्षा बल पोस्ट जपला को भी पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित किया है। इसके साथ ही बुधवार को प्रभावित ग्रामीणों ने सुविधाजनक आवागमन के लिए सड़क की मांग को लेकर विरोध भी जताया। सड़क की मांग को लेकर नारे भी लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के रेलवे



फाटक से तरेंद्र सिंह के घर से होकर मेन रोड तक वर्षो से ग्रामीणों का आवागमन होता रहा है। मगर थर्ड लाइन विस्तारीकरण से इस मार्ग से आवागमन पूर्णतः बन्द हो गया है। उन्हें आने जाने के लिए कार्यस्थल से ही होकर गुजरना पड़ता है। जब लाइन बिछ जाएगा, तो विकट स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इसमें समाज सेवी प्रमोद राजवंशी, प्रेम किशोर मेहता, जितेंद्र राम, महेश राम, राजेश्वर राम, हीरा साव, रघुबीर यादव, अरविंद शर्मा, विजय सिंह, अनंनी देवी, राजपतिया देवी, चर्मनिया देवी और अनिल राम सहित कई ग्रामीण विरोध प्रकट किया है।

# बीडीओ ने पेंशन किया स्वीकृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कार्यालय पहुंच कर त्वरित निष्पादन करने की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने कार्यालय कक्ष में बताया कि एक घंटे के अंदर ही सभी दस्तावेजों की जांच के बाद 50 से अधिक सामाजिक सुरक्षा व वृद्धावस्था पेंशन के लाभुकों की स्वीकृति दे दी गई है। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से उपस्थित लाभुक व ग्रामीणों में काफी उत्साह भी देखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बुधवार को पेंशन से जुड़े मामलों का निपटारा व विभिन्न पेंशन से जुड़े आवेदकों से आवेदन लेने का समय निर्धारित पूर्व से ही उनके स्तर पर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन के योग्य लाभुकों का आवेदन प्राप्त कर उन्हें तत्काल स्वीकृति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसकी सर्वप्रथम कार्य प्राथमिकता में है। ग्रामीणों के कागजी खानापूर्ति व उनके आवेदन स्वीकृति दिलाने में जिप सदस्य संगीता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेमतोष सिंह, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, मुखिया जितेन्द्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि नावाजिश खान, सज्जू खान, अशरफ हसन, राजू खान सहयोग किया।

### प्रखंड में स्वास्थ्य मेला का आयोजन कल

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 जनवरी को लगने वाले स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एनएचआरएम के तहत लगाया जायेगा। गंभीर बीमारी की दवाइयां निःशुल्क मिलेगी। साथ ही मेला में गंभीर बीमारी वाले मामले में जन औषधि दवाइयां भी निःशुल्क मिलेगी। साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मानसिक बीमारी के मरीजों को भी दवा निःशुल्क दी जायेगी।

# 15वें वित्त मद योजना से पुलिया का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जिला पार्षद अंजू देवी सभी जरूरी समस्याओं का समाधान करने में जुट गई हैं। उनकी पहल पर बुधवार को भी 15 वें वित्त आयोग योजना मद से लटपौरी पंचायत अंतर्गत गजरही मोड़ के पास पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर किया गया। इसकी औपचारिकता जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह व मुखिया उमेश राम ने पूरी की। मौके पर युवा समाजसेवी ने कहा कि चुनाव में किए गए वादे को पूरा करने की दिशा में जिला पार्षद



काफी हद तक सफल हो गई हैं। सीमित फंड में एक-एक कर सभी जरूरी काम को बेहतर तरीके से कराने को लेकर लगातार पहल की जा रही है। मौके पर श्रीकांत पासवान, पुटू राम, रामजी राम, विजय पासवान, बसंत साव और परमेश्वर सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन

**नीलांबर पीतांबरपुर।** जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन लेस्लीगंज थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लेस्लीगंज पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार झा,पांकी पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन, अंचल अधिकारी सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज मनोज कुमार झा ने कहा की पूरे पलामू जिला में एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के तहत नागरिकों को उनके नजदीकी शिकायत केंद्र पर जाकर अपनी समस्याओं को दर्ज कराने का अवसर है जहां उनके शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए विभाग लगातार प्रयत्नशील है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार को पूरे पलामू जिला के सभी पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में लोगों की लिखित व मौखिक शिकायत का निष्पादन प्रखंड कार्यालय, थाना, शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर किया जायेगा। जन समाधान शिविर के मौके पर तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार,मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, एसआई विक्रमशील, एएसआई अजय कुमार सहित अन्य लोग शिविर में उपस्थित थे।

### मनरेगा की प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई से जनता दूर, पंचायत प्रतिनिधि के अलावा किसी की भागीदारी नहीं

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, कर्मचारी व मनरेगा कर्मियों की मात्र उपस्थिति और जनता की भागीदारी सुनिश्चित नहीं किये जाने से ग्रामीणों में कई सवाल उमड़ रहे हैं। अन्य प्रायोजन को लेकर आये कुछ मुखिया प्रतिनिधियों ने बाध्य होकर ही भाग लिया। बताया जाता है कि चार वर्षों से इस कार्यक्रम में जनता की संख्या ही शून्य पाई जाती है। जनता ही नहीं रहें तो सवाल कौन खाड़ा करेगा और सुनवाई किसकी होगी। इस पर लोग मंथन करने लगे हैं। इसमें शामिल सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमतोष सिंह व अरविन्द कुमार सिंह ने मनरेगा की जनसुनवाई को खानापूर्ति बताते हुए कहा कि मुजरिम और मुंसिफ एक ही होंगे तो न्याय किसे मिलेगा। जबकि स्वतंत्र पद मनरेगा का लोकपाल का काम है कि निष्पक्ष पक्ष कार्य सुनिश्चित कराने और मजदूरों का शोषण रोकने को लेकर है। यहां तो एक भी मजदूर तक भाग नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के लिये विधिवत प्रचार प्रसार व मीडिया तक को कार्यक्रम की सूचना नहीं दिये जाने के जिम्मेवार कौन हैं, इसकी जांच होनी चाहिये। उन्होंने उपायुक्त से जनसुनवाई कार्यक्रम सभी प्रखंडों के बंद कोठरी के बजाय खुले सार्वजनिक स्थानों पर कराने की मांग की है।

### इंडिया गठबंधन की बैठक में सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय




**हुसैनाबाद।** शहर के पुरंदर बीघा स्थित विधायक संजय कुमार सिंह यादव के फार्म हाउस परिसर में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने की। संचालन राजद के अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान ने किया। मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में आपसी समन्वय और बेहतर तालमेल के साथ एकजुटता का परिचय देते हुए जीत का परचम लहराया,जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में कार्यकर्ताओं की सकारात्मक भूमिका की जरूरत है। प्राथमिकता के आधार पर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में सड़क,शिक्षा, चिकित्सा व अन्य विकास कार्यो में तेजी लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक राजद के सदस्यता अभियान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यता अभियान में गांव से शहर तक कार्यकर्ताओं को सक्रियता के साथ कार्य करने की जरूरत है। आपसी समन्वय से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करेंगे। कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही विकास की गति को तेजी देगी। मौके पर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र चंद्रवंशी, राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सह राजद नेता शशि कुमार, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक,प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह,रामजनम सिंह, जेएमएम नेता डॉ. एजाज आलम,राजद नेता बिनय सिंह यादव,रवि यादव,मदन पासवान,कलामुदिन खान,राजेश सिंह,अशोक यादव,बिमलेश पासवान,परवेज समेत काफी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**हैदरनगर।** गणतंत्र दिवस पर आगामी 26 जनवरी को झंडोत्तोलन को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में समय का निर्धारण किया गया है। बुधवार प्रखंड कार्यालय में आयोजित बैठक में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रातः 9 बजे जबकि इस परिसर से सटे नया थाना परिसर में 9.20 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। इसके बाद पशुपालन कार्यालय 9.30, प्राथमिक स्वाष्थ्य केन्द्र 9.40, बालिका उच्च विद्यालय 9. 50 और 10+2 उच्च विद्यालय में 10.05 बजे झंडोत्तोलन करने का समय तय किया गया है। प्रखंड के सभी 12 पंचायत सचिवालय प्रागंण में 10.15 और सभी आंगनबाड़ी केन्द्र पर 10.20, बीआरसी कार्यालय इंटवा में 10. 40 बजे झंडोतोतलन करने का आदेश पत्र जारी कर दिया गया है। बैठक में जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेमतोष सिंह, उपप्रमुख मुखिया प्रतिनिधि नावाजिश खान, सज्जू खान, अशरफ हसन, राजू खान सहित कई अन्य प्रतिनिधि शामिल थे।

# बराही धाम में पूरी होती हैं भक्तों की मनोकामनाएं भंडारे का आयोजन में जुटे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला मुख्यालय से 85 किलोमीटर दूर व हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर स्थित बराही धाम धार्मिक स्थल के साथ-साथ इस राज्य के लिए गौरव बन चुका है। यहां प्रत्येक मंगलवार को शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पूजा-अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाता हैं। इस धाम का एक विशेष महत्व है, यहां पर आने वाले भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी होती है। यहां आज भी प्रतिदिन सैकड़ों लोग पहुंच कर धाम परिसर में स्थित मां देवी, शिव व दक्षिण मूखी हनुमान जी की मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेकते है। यहां पर वर्ष 2022 मई में भारत वर्ष की पहली 105 फीट दक्षिणमुखी रामदूत श्री हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके दर्शन के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के अलावा झारखंड राज्य के कई जिलों से लोग पहुंच कर दर्शन करते है। यहां प्रत्येक मंगलवार को शिवांस चैरिटेबल ट्रस्ट व धर्मप्रेमियों के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। जहां इस भंडारे में हजारों लोग महाप्रसाद ग्रहण करते है। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक ने बताया कि अप्रैल माह में मां दुर्गा की 351 फीट प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमि पूजन कर आधार शीला रखी जाएगी। इसकी तैयारी जोरशोर से शुरू हो गई हैं।इसमें सभी के सहयोग से कार्य को पूरा किया जाएगा। भक्तों ने बताया कि इस बराही धाम के बारे में कई लोगों से व समाचार पत्रों के अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से सुनते आ रहे थे। जो यहां आने के बाद साक्षात बजरंग बली के दर्शन हो गए। और हम धन्य हो गये। मौके पर गुरुकुल के आचार्य शिव कुमार झा, विनय चौबे, अयोध्या सिंह टिकैत, टुनटुन सिंह,प्रिंस सिंह,पिंटू के अलावा शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के कई सदस्य मौजूद थे।

# स्वास्थ्य मेला में 1021 मरीजों का इलाज, जांच के बाद दी गई दवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में कुल 1021 मरीजों का ईलाज किया गया। मेला का उद्घाटन राजद प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला पार्षद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, बीडीओ सुनील वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार संयुक्त रूप से किया। मौके पर चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार सिंह, डॉ. शशि भूषण, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. मंजूर आलम, डॉ. आकाश खलखो, नीलम लकड़ा सहित प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेममणि सुधांशु, प्रखंड डाटा प्रबंधक रणजीत कुमार मेहता ने भाग लिया। स्वास्थ्य मेला में कुल 1021 मरीजों का ईलाज किया गया, जिसमें 27 लोगों का आयुष्मान कार्ड-आभा कार्ड बना, 23 लोगों का मोतियाबिंद का जांच हुआ, 7 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया, उन्हें , कैल्सियम की दवा दी गई, 1 महिला का 3आर एएनसी हुआ, 7 महिलाओं का ओजीटीटी जांच, जिनको दवा दी गई, 153 कंडोम, 145 छाया, 81 इजी पिल्स बांटा गया। 177 का परिवार नियोजन के लिए काउंसलिंग किया गया, 23 किशोर-किशोरियों का जांच किया गया। 55 लोगों का मलेरिया जांच, 5 लोगों का कुष्ठ जांच, 6 लोगों का टीबी जांच गया। 236 लोगों का शुगर जांच, उच्च रक्त चांप और कैंसर का जांच किया गया। 57 लोगों का एचआईवी जांच, 42 लोगों को दंत चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराया गया। मेला में सीएचओ रोशनी कमल मुच्छु,अंशु कुमारी, पम्मी कोरियार, अर्चना मेहता, सुमति कुमारी, सुनीता कुमारी, शिल्पा मौर्या, एएनएम पिंकी कुमारी, विनीता सिंह, विनीति कुमारी,सहित सभी सहिया साथी, बीटीटी और एएनएम, सीएचओ मौजूद थे।

### मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**छतरपुर।** प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन बुधवार को मुख्यतिथि प्रमुख उर्मिला कुमारी, सीओ उपेंद्रर कुमार, अनुमंडलीय चिकित्सक प्रभारी डॉ, राजेश अग्रवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, नौडीहा पंचायत के मुखिया, कांग्रेस के मुस्ताक आलम ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। शिविर में 28 स्टॉल लगा था। शिविर में डॉ. संतोष कुमार, रवि,डॉ. राहुल कुमार, डॉ.मंसूर अली, बीडीएम अमित कुमार, बीएम उमाकांत सहाय,अरविंद कुमार, विनोद कुमार,धनंजय कुमार,शिव कुमार,रोहित कुमार,अनिल कुमार,सहित सभी एनएम,सहिया उपस्थित थे। शिविर में पलामू सिविल सर्जन द्वारा 30 टीबी मरीजों को गोद लिए थे। उन लोगों का भेजे गए पोषण किट वितरण किया गया। स्वस्थ्य शिविर में टीबी, कुष्ट, बीपी, शुगर, नेत्र जांच, स्किल जांच, एनीमिया जांच, एचआईवी ,सिफिलिस,आयोडीन, शिशु स्वस्थ्य ,किशोरी स्वस्थ्य, आयुष कार्यक्रम, परिवार नियोजन सहित सभी तरह का जांच किया गया।

## बैठक

## थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन

# पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित के लिए शिविरः एसडीपीओ




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखण्ड सरकार व पलामू पुलिस के निर्देश पर बुधवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में जन शिकायत समाधान जागरूकता कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईपीएस सह एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने की। संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम में पहुंचे 17 फरियादी पहुंचे,6 जमीन विवाद दो पर केस दर्ज,7 अनक्रीत, दो ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो,सीओ पंकज कुमार के साथ हैदरनगर, मोहम्मदगंज, दंगवार ओपी, देवरी ओपी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे। शिविर में कुल 17 फरियादी पहुंचे थे। शिविर में फरियादियों द्वारा लिखित आवेदन लेकर उनकी समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा था। शिकायत दर्ज कराने वालों को पावती रसीद भी दी गई। एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने बताया की पुलिस महानिदेशक झारखंड निर्गत आदेश के आलोक में पूरे झारखंड में शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित की गई है। पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए अनुमंडल स्तर पर शिविर लगाया गया है। शिविर में लोगों को कानून की जानकारी दी गई। इसमें विक्टिम कंपनसेशन स्कीम और नए कानून के साथ ही जीरो एफआईआर,ऑन लाइन एफआईआर, डायल 112, 1930 आदि की जानकारी दी गई। अपराधियों की सूचना,साइबर अपराध के झांसे में होने वाली ठगी के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी सौनू कुमार चौधरी, संजय कुमार यादव, महिला थाना परामर्श केंद्र से एसआई नंद पासवान, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी, मुकेश कुमार सिंह, दंगवार ओपी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार समेत अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाने और ओपी के कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

### जमीनी विवाद का अधिक मामला पहुंचा, कई का ऑन द स्पॉट निपटारा

**विश्रामपुर** पुलिस अनुमंडलीय थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लोगों के समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी,पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान,थाना प्रभारी सौरभ चौबे,एसआई दीप नारायण,शिवनाथ रंजन सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।




इस दौरान कई आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमे ज्यादा मामला जमीनी विवाद का था, जिसे संबंधित विभाग को अग्रेषित किया गया। कुछ मामलों का निपटारा ऑन-द-स्पॉट भी किया गया। इसके अलावा साइबर अपराध से बचने की विशेष जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्रामपुर एडीपीओ आलोक कुमार टूटी व संचालन थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने किया। एसडीपीओ आलोक टूटी ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू किया गया यह जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए ज्यादा लाभकारी है। क्षेत्र के छोटे-छोटे विवादों का त्वरित निष्पादन इस कार्यक्रम के माध्यम से किया जा रहा है। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने लोगों से इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभ उठाने का अपील की। मौके पर गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय,युवा समाजसेवी राजन पांडेय,एएसआई अमित पांडेय,प्रदीप कुमार दुबे, बलराम दास, विनोद राम, अर्शफी राम सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रशासन ने जीएनएम कॉलेज भवन में ओपीडी शिफ्टिंग व कंडम भवनों को ध्वस्त किये जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त पलामू द्वारा गठित टीम ने बुधवार को एमएमसीएच में किये जा रहे शिफ्टिंग एवं डिमोलिश कार्यों का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में एमएमसीएच के जीएनएम कॉलेज भवन में विभिन्न ओपीडी शिफ्टिंग व कंडम भवनों को ध्वस्त करने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य की प्रगति एवं मूल्यांकन करने हेतु पलामू उपायुक्त द्वारा टीम गठित किया गया है। जीएनएम कॉलेज के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर साइनएज लगाने के निर्देश निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने एमएमसीएच अधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक को जीएनएम कॉलेज के प्रमुख द्वारों पर साइनएज लगाने को लेकर निर्देश किया। उन्होंने कहा कि साइनएज इस प्रकार से ऐसे स्थानों पर लगायें जिससे किस कमरे में कौन से विभाग का ओपीडी संचालित हो रहा है। यह स्पष्ट रूप से नजर आ जाये। उन्होंने बिजली पोल की शिफ्टिंग में अंडरग्राउंड वायरिंग कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही।




### टीबी कार्यालय व वार्ड को संस्कार भवन में शिफ्ट करने की योजना

निरीक्षण के दौरान टीबी कार्यालय एवं वार्ड को रेड क्रॉस भवन के सामने आयुष विभाग के नवनिर्मित भवन संस्कार भवन से संचालित करने की योजना तैयार की गयी। डीसी की सहमति के बाद इस भवन को शिफ्ट किया जायेगा। इस तरह हॉस्पिटल रोड के चौड़ीकरण, स्क्रैप आदि का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई ओपीडी जीएनएम कॉलेज के भवन में शिफ्ट हो गया है। इस तरह कुछ लैब भी जीएनएम भवन से ही कार्य कर रहें हैं। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने शिफ्टिंग के कार्यो में तेजी लाने की बात कही। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह, एमएमसीएच अधीक्षक समेत कई विभागों के चिकित्सक उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में छपी खबर का असर**

# कोयल नदी पुल के क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोयल नदी पर बने पूरनचंद सेतु पर क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत होना शुरू हो चुका है। बताते चले कि इस क्षतिग्रस्त रेलिंग से दुर्घटना होने की आशंका से संबंधित खबर राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में प्रमुखता से 19 जनवरी को प्रकाशित की थी। इसके बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए पथ प्रमंडल विभाग द्वारा संवेदक को उक्त रेलिंग के हिस्से की मरम्मत करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि इस मार्ग पर रोजाना भारी संख्या में वाहन गुजरते है। हालांकि कुछ वर्षों पूर्व संबंधित पुल की रेलिंग को तोड़कर नए सिरे से इसका निर्माण किया गया था। पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने के कारण अगर जरा सा भी संतुलन बिगड़ता तो वाहन के सीधा नदी में गिरने की आशंका थी। जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। विभाग द्वारा उठाए गए इस कदम की लोग सराहना कर रहे हैं। बताते चलें कि कोयल नदी के ऊपर डाल्टनगंज शहर से शाहपुर होते गढ़वा को जोड़ने वाले इस पुल का उद्घाटन 1981 में तत्कालीन राज्यपाल भीष्म नारायण सिंह ने किया था। इसके पूर्व लोग और वाहन नदी के धारा के बीच से पार करते थे। बता दें कि करीब चार दशक पूर्व बने इस पुल की स्थिति दिन प्रतिदिन जर्जर हो रही है। इस पुल की शुरूआत तथा बीच दर्जनों बड़े छोटे गड्ढे हैं, जिससे लोगों को काफी सावधानी से वाहन को पार करना पड़ता है। विभाग द्वारा नए पुल निर्माण हेतु टेंडर होने के बाद भी अब तक इस पर कार्य योजना आगे नहीं बढ़ पाई है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही नए पुल का निर्माण शुरू होगा, जिससे उन्हें आवागमन में सहूलियत होगी।




कोयल नदी पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त, हादसे का खतरा बढ़ा

नवीन मेल संवाददाता

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भंडारे व कीर्तन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरा होने पर शहर में श्रद्धालुओं ने जश्न मनाया। इस दौरान शहर में जगह-जगह सजावट भी की गई। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर शहर में सुबह से मंदिरों में पूजा-अर्चना करने हेतु लोग पहुंचे। सनातन अनुयायियों ने भगवान राम व हनुमान जी के मंदिरों पर अखंड रामचरितमानस एवं सुंदरकांड के पाठ किया। बताते चलें कि बीते वर्ष 22 जनवरी को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा को एक साल पूरा हो गया है। इस दौरान भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को आस्था एवं हर्षोल्लास से मनाया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर पुलिस लाइन रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर में राम कथा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से राम कथा का श्रवण किया। रेड़मा चौक स्थित कामनापूर्ति शिव मंदिर के समीप श्री राम सेना द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप पूरी,बुंदिया तथा सब्जी का वितरण किया गया। साथ ही उक्त स्थान पर भजन कीर्तन का आयोजन हुआ, जो देर रात तक चला। इस दौरान शहर के कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन कर भंडारे भी लगाए गए। देर रात तक भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरा होने पर श्रद्धालु विभिन्न आयोजन में मशगूल रहे। इस अवसर पर सनातन धर्म के अनुयायियों में उत्साह दिखा।




# रजवाडीह मध्य विद्यालय के बालसभा में दो प्रस्ताव पारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में बालसभा का आयोजन किया गया। बालसभा के संचालन रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। बालसभा में बच्चों ने कचरा निपटान के लिए भस्मीकरण यंत्र उपलब्ध कराने एवं जल जमाव से छुटकारा के उपाय करने के लिए प्रस्ताव पारित कर उसे मुखिया श्री त्रिपाठी को सौंपा। इसके पूर्व मुखिया श्री अनुज कुमार त्रिपाठी ने विद्यालय को शुद्ध व शीतल पेयजल के लिए आरओ एवं कूलर भेंट किया।उनके द्वारा इस कार्य के लिए बाल संसद की प्रधानमंत्री पीहू कुमारी ने उन्हें बालसभा में विद्यालय की ओर से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने बच्चों से निर्भीक होकर प्रस्ताव देने की बात कही ताकि उस पर विचार कर समाधान किया जा सके। साथ ही विद्यालय में संसाधनों की कमी नहीं होने की भी बात कही। वहीं प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने विद्यालय को क्रमशः संसाधन युक्त करने के लिए मुखिया के प्रति आभार प्रकट किया तथा कहा कि प्रत्येक स्तर पर बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देना समय की मांग है। बालसभा के उपरांत बच्चों के साथ सामूहिक रूप से लिट्टी,चोखा व सलाद का आनंद लिया गया। समस्त गतिविधियों को सफल बनाने में शिक्षिका प्रियंका कुमारी,पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर,लैब इंस्ट्रक्टर अनूप मिश्रा, बीएड प्रशिक्षु अभिषेक तिवारी व अभय कुमार ने सराहनीय योगदान दिया। इस मौके पर पीरामल फाउंडेशन के किशन कुमार मौर्य व प्रियदर्शन उपस्थित रहे।



# वृद्ध को मारकर फंदे पर लटकाने मामले में पिता-पुत्र, चाचा समेत चार पर एफआईआर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के मनातू थाना क्षेत्र के डुमरी के सिकदा गांव में वृद्ध संबोधी यादव (65) की हत्या करने के बाद उसके शव को फंदे से लटका देने के मामले में बुधवार को चार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। सभी आरोपी फरार बताये जाते हैं। नामजद आरोपियों में दो सगे भाई रामप्रकाश यादव एवं बनौधी यादव, बनौधी का पुत्र विरेन्द्र यादव एवं उपेन्द्र यादव शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की अहले सुबह भैस दूहकर लौट रहे संबोधी यादव की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी गयी थी। शव को फंदे से टांग दिया गया था, ताकि घटना सुसाइड साबित हो जाए। फंदे पर टंगे वृद्ध के दोनों हाथ बिजली के तार से बंधा हुआ था। घटनास्थल के पास वृद्ध का जूता, कपड़े समेत अन्य सामान बिखरे पड़े थे। घटना को जमीन विवाद में अंजाम देने की चर्चा है। गोतिया परिवार के साथ भूमि विवाद चल रहा था। इस घटना से गांव में सनसनी है। परिजनों के अनुसार संबोधी यादव घर से आधा किलोमीटर दूर भैस दूहने के लिए गए थे। वहां से लौटने के क्रम में उनके साथ घटना हुई। हत्या करने से पहले संबोधी यादव के साथ मारपीट हुई। घटना से पहले आरोपियों ने संबोधी के घर के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया था, ताकि आवाज सुनकर कोई परिजन बाहर बचाने के लिए नहीं निकल सके।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 202 मरीजों की जांच हुई

**चैनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 2025 का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन चैनपुर उत्तरी जिला पार्षद रामलव प्रसाद चौरसिया, चैनपुर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास, सिविल सर्जनअनिल कुमार सिंह,चिकित्सा प्रभारी डॉ, चमन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में दर्जनों स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें मरीजों का जांच कर दवा दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिसका इलाज इस शिविर में संभव नहीं है। ऐसे मरीज का शहर के सदर अस्पताल जाकर कराएं। वहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार का असुविधा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर डाक्टरों की टीम डॉ. नसीम,डॉ. एसके सुधांशु,डॉ. राकेश,डॉ. राजेश,डॉ. अभिषेक बंटी, डॉ. अरूण कुमार,डॉ. राकेश कुमार सिंह उपस्थित थे। मेला में 202 मरीजों का इलाज और जांच के बाद दवा दिया गया।

# प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाएं : अनंत प्रताप देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के रारो स्टेडियम मैदान में बुधवार को बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूनामेंट की शुरूआत की गई। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने फीता काटकर व बल्लेबाजी कर किया। मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि ग्रामीण युवकों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है उनकी प्रतिभा को निखारने की। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाएं। खेल जगत में आज झारखंड की पहचान महेंद्र सिंह धोनी के नाम लेने से मिलता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी चाहे जिस खेल में रुचि ले, उस खेल को तन्मयता के साथ खेलें और उसके माध्यम प्रखंड जिला ही नहीं बल्कि राज्य स्तर तक जाएं। उन्हें खेलो झारखंड योजना के तहत सहयोग राशि प्रदान की जाएगी । उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का कोई भी आम आवाम उन्हें जब भी जरूरत पड़े याद करें, हम उनके पास जरूर पहुंचेंगे। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों को क्रिकेट टूर्नामेंट के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। टूर्नामेंट का पहला मैच रारो व डोल टीम के बीच खेला गया। रारो क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाया। जबाबी पारी खेलने उतरी डोल क्रिकेट टीम 37 रन पर सिमट गई। रारो की टीम ने जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर प्रांतीय यादव महासभा ज़िलाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, झामुमो नेता जितेंद्र कुमार ठाकुर, आकाशदीप भारती,आनंद प्रकाश, चंद्रशेखर प्रसाद,झामुमो नेता व आयोजक पप्पू यादव, कमिटी के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव, सचिव शशिकांत ठाकुर कोषाध्यक्ष शेषमानी यादव,आयोजक महेंद्र यादव,मनीष गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष ने कंबल का किया वितरण

**मेदिनीनगर।** पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने निगम क्षेत्र के सभी वार्ड में अलग-अलग वार्ड में जाकर जरूरतमंदों के बीच छठे दिन भी कंबल का वितरण किया। उनका निगम क्षेत्र के असहाय, बुजुर्गों और जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटने का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड की वजह से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। गर्म कपड़े और खासकर कंबल नहीं होने के कारण वह ठिठुरने को विवश होते हैं। उन्होंने बताया कि अच्छे कर्म के बाद मनुष्य के रूप में हमारा जन्म होता है। इसलिए हमें असहाय लोगों की यथासंभव सेवा करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से ठंड से बचने की भी अपील की। कंबल प्राप्त करने वाले दर्जनों लोगों ने इस कार्य हेतु मनोज सिंह को धन्यवाद दिया।


# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, 1. 55 लाख का जुर्माना भी लगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 10 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 10 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 10 लोगों पर 1.55 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनमें फैजान अहमद, विकास सिंह, राहुल सिंह, राजेश राम, चंद्रमन देवी, ओमप्रकाश मेहता, अनिल कुमार मेहता, भोला मेहता, रामचंद्र चंद्रवंशी व फागुन बीवी शामिल हैं। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार व रंजीत कुमार, रामानंद पांडेय शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।



# मौसम ने ली करवट, तेज धूप खिलने से ठंड में आई कमी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला है। मंगलवार सुबह और दोपहर दोनों समय ठंड में एक दिन पहले की अपेक्षा कमी देखी गई। जिस कारण दिन में धूप में स्वेटर बर्दाश्त नहीं हो रहा था। बिना गर्म कपड़ों के ज्यादा राहत महसूस हुई। इस दौरान लोगों को ठंड से निजात मिली। इस कारण लोग बड़ी संख्या में बाजार में दिखाई दिए। न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद तापमान बढ़कर 11 डिग्री सेल्सियस हो गया। सोमवार को जहां अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री से. रहा था वहीं न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री से. दर्ज किया गया था। जबकि बुधवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से. पहुंच गया। हालांकि अधिकतम तापमान में एक डिग्री से. की ही बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि लगातार तापमान में बदलाव देखने को मिल रहा है। इसलिए बच्चे और बुजुर्गों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए, ताकि वे बीमार न हों।हालांकि अब भी सुबह शाम के वक्त ठंड परेशान करेगी। 26 जनवरी के बाद एक बार फिर से मौसम में बदलाव के आसार है। बुधवार को भी तेज धूप निकलने से मौसम में गर्माहट देखी गई। हालांकि अभी तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। ऐसे में लोगों को विशेष रूप से सतर्क होने की जरूरत है। दरअसल, इस मौसम में लोग लापरवाही ज्यादा बरतते हैं, जिससे ठंड लगने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।

# ठंड खत्म होने के कगार पर,निगम नहीं शुरू कर पाया आश्रय गृहों का संचालन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ठंड के मौसम के अंतिम दौर में पहुंचने पर भी नगर निगम द्वारा सद्दीक मंजिल चौक तथा स्टेशन रोड स्थित आश्रय गृह का संचालन शुरू नहीं करा पाया। बताते चले कि वर्तमान में सदिक मंजिल चौक स्थित आश्रम गृह का उपयोग नहीं होने से ताला लटका है।स्टेशन रोड स्थित आश्रय गृह का निर्माण पूरा होने के बाद भी संचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। बता दें कि वर्तमान में एकमात्र सरकारी बस डिपो स्थित आश्रय गृह का संचालन किया जा रहा है। इस ठंड के मौसम में भी लाखों रुपए की लागत से बनने वाले आश्रय गृह का उपयोग नहीं होने से यह बेकार पड़ा है। ठंड के दिनों में रिक्शा चालक तथा दातुन बेचकर गुजारा करने वाली महिलाओं को काफी सुविधा होती। इसके साथ ठंड के दिनों में घने कोहरे और ठंड की वजह से कई ट्रेनें काफी देर से स्टेशन पर पहुंचती हैं। प्लेटफार्म पर इंतजार करने वाले यात्रियों खासकर महिलाओं को रेलवे स्टेशन स्थित आश्रय गृह संचालन होने से सुगमता होती। बताते चलें कि उपयोग में नहीं लाए जा रहे दोनों आश्रय गृह में 50-50 लोगों के लिए रुकने की व्यवस्था है। नगर निगम ने लोगों को ठहरने और रात्रि विश्राम हेतु कई सुविधाएं होने की बात कही थी। लेकिन सुविधा देना तो दूर इसकी अब तक शुरूआत भी नहीं हो सकी। मौसम विभाग के अनुसार फरवरी के पहले सप्ताह से ठंड में कमी आने के आसार है। इसके बाद इन आश्रय गृह की उपयोगिता स्वतः कम हो जाएगी। इस बाबत जानकारी लेने पर सिटी मिशन मैनेजर अभिषेक कुमार ने बताया कि सद्दीक मंजिल चौक स्थित आश्रय गृह के संचालन हेतु केयरटेकर नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही स्टेशन रोड स्थित आश्रय गिरी में फिलहाल संवेदक के तरफ से कुछ काम बाकी है, जिसके बाद ही उसे चालू कराया जा सकेगा।

# झामुमो जिला कमेटी की बैठक : सदस्यता अभियान को लेकर दिए गए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** माको डाक बंगला परिसर में बुधवार को झामुमो जिला कमेटी की आयोजित बैठक पार्टी की सदस्यता अभियान चलाने कर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने की। बैठक में पूर्व शिक्षा मंत्री विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है। पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान की शुरूआत 18 जनवरी को कर दी गई है। उसके लिए पंचायत प्रखंड और जिला स्तर के सभी पदाधिकारी को सदस्यता अभियान को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए वैसा कोई लक्ष्य नहीं है। लेकिन पूरे जिले में डेढ़ लाख नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश के निर्देश पर जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मौके पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, शमशुल होदा, दीपू सिंहा, जुनेद अनवर, अशोक पांडेय, विनोद उरांव, सुशील यादव, गोपाल सिंह समेत पंचायत, प्रखंड से लेकर जिला स्तर के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

# केंद्रीय मंत्री ने की सरकारी योजनाओं की समीक्षा, अस्पताल और स्कूलों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने बुधवार को गढ़वा जिले के विभिन्न स्थानों का दौरा कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने गढ़वा के सीएम विद्यालय सह बालिका उच्च विद्यालय से दौरे की शुरूआत की। यहां बच्चों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया गया। मंत्री ने भारत माता और डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और दीप जलाकर किया। इसके बाद उन्होंने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों से बातचीत की। केंद्रीय मंत्री ने बच्चों को उच्च शिक्षा का महत्व समझाया और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने स्कूल के लैब, स्मार्ट क्लास और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। केंद्रीय मंत्री ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तहत चल रहे स्टॉल का निरीक्षण किया। वहां स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने बताया कि पलाश मार्ट योजना के तहत वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना से उन्हें रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बहनों की मेहनत की सराहना की।

## मंत्री ने डाक्टरों से नाराजगी जतायी

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने विभिन्न वार्डों का दौरा किया। उन्होंने भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और इलाज में किसी तरह की परेशानी के बारे में पूछा। एक मरीज ने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की और बताया कि उसे ऑक्सीजन नहीं मिल रहा है। इस पर मंत्री भड़क गए और डॉक्टरों से जवाब मांगा। अस्पताल की इस लापरवाही पर मंत्री ने डीसी से नाराजगी जताई, जिसके बाद डीसी ने सिविल सर्जन और डीएस को फटकार लगाई, हालांकि लेबर वार्ड का निरीक्षण करते हुए मंत्री वहां की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि जन आकांक्षात्मक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बेहतर सेवाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जो काम साठ साल में नहीं हुआ, वह पिछले दस साल में हुआ है, नरेंद्र मोदी के आने के बाद महिलाओं का जीवन बेहतर हुआ है, वहीं महिलाओं को उनकी पहचान भी मिली है।

किसानों को कृषि कार्य प्रशिक्षण व बीज का वितरण

# बीज व खाद पदार्थो का समुचित उपयोग कर कृषि उपज को बेहतर बनाएं:मुखिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सिलीदाग पंचायत सचिवालय में बुधवार को झारखंड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) गढ़वा के, प्रखंड प्रौद्योगिकी प्रबंधक रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में कृषि कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में किसानों को उन्नत विधि से कृषि कार्य,उपज को बेहतर बनाने और मृदा प्रदूषण की रोकथाम और हानिकारक यूरिया का प्रयोग कम करने तथा नैनो यूरिया का प्रयोग करने के बारे में विस्तार से समझाया। कृषि कार्य में यूरिया का प्रयोग से होने वाले दुष्परिणाम को कैसे कम किया जाय, की जानकारी दी गई। साथ ही रासायनिक पदार्थो से होने वाले स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम के लिए जैविक कृषि को अपनाने, और आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाने के लिए नैनो यूरिया का प्रयोग करने की जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि नैनो यूरिया से फसल को 80 प्रतिशत फायदा होता है और इस यूरिया से फसल को 20 प्रतिशत ही लाभ होता है। मौके पर उपस्थित किसानों के बीच टमाटर, बैगन, लौकी आदि बीज का वितरण किया गया। मुखिया अनिता देवी ने कहा कि कृषि कार्य को बेहतर बनाने के लिए बीटीएम द्वारा सुझाये गये कृषि बीज व खाद पदार्थो का समुचित उपयोग कर कृषि उपज को बेहतर बनाये। प्रशिक्षण के मौके पर पंचायत सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह,किसान मित्र अलोक सिंह, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, किसान सुरेन्द्र पासवान, बालेश्वर मेहता, नंदलाल ठाकुर, सुरेंद्र मेहता, नंद मेहता सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड वितरित

**खरौंधी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी में 42 विद्यार्थियों को आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड वितरित किए गए। प्रधानाध्यापक गोविंद उरांव ने विद्यालय परिसर में आयोजित एक छोटे से कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड सौंपा और उन्हें परीक्षा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। बोर्ड परीक्षा का आयोजन 28 जनवरी को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा किया जाएगा। विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में निर्धारित किया गया है। प्रधानाध्यापक ने सभी बच्चों को परीक्षा के दौरान अनुशासन और कड़ी मेहनत बनाए रखने का संदेश दिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों में उत्साह का माहौल देखा गया। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारियों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। ग्रामीण क्षेत्र में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर शिक्षक नगीना राम,श्यामराज गुप्ता,कुंज बिहारी प्रसाद यादव, नवलेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# केंदीय मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, उपायुक्त शेखर जमुआर, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बुधवार को मझिआंव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रखंड कार्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों का निरीक्षण किया। केंद्रीय मंत्री सबसे पहले खजूरी स्थित महिला समूह के पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने करमडीह गांव में जाकर वहां के बड़े तालाब का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला वार्ड, प्रसव कक्ष,ओपीडी,कुपोषण केंद्र आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद केंद्रीय मंत्री द्वारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैठक की। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि पूरे भारत देश में भारत सरकार नीति आयोग द्वारा 500 ब्लॉक को आकांक्षी ब्लॉक घोषित किया गया है। वहां पर केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में एक मात्र मझिआंव प्रखंड आकांक्षी प्रखंड है। वहां पर योजनाओं की समीक्षा के लिए मंत्री आए हैं। सीओ प्रमोद कुमार, बीडीओ कनक व रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ, गोबिंद सेठ सहित जिलास्तरीय कई पदाधिकारी उपस्थित थे।




# बिजली चोरी मामले में 15 पर प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** विद्युत विभाग के कनीय अभियंता सुधीर बाडो के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर 15 लोगों के खिलाफ 48,1718 रुपए का फाइन लगाते हुए उनके विरुद्ध भवनाथपुर थाना में बिजली चोरी से संबंधित मामला दर्ज कराया गया है। विद्युत विभाग के जेई सुधीर बांडो ने बताया कि मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के भवनाथपुर एवं बंसानी पंचायत मे चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 15 लोगो को अवैध तरीके से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिसमें भवनाथपुर पंचायत के विवेक कुमार पर 29127, मदन प्रसाद गुप्ता 29127, करमू राम 29127, आनंद पासवान 29127, विद्यानन्द प्रजापती 174762, बंसानी पंचायत के झगड़ाखाड निवासी जयनाथ प्रसाद यादव 16040, रामनाथ प्रसाद यादव 16040, विश्वनाथ प्रसाद यादव 16040, हिरदया प्रसाद यादव 16040, जिरहुला निवासी दिलीप यादव 16040, उदय नाथ वैद 16040, रेणु देवी 4891, दसरथ यादव 55188 उपेंद्र यादव 24129, रविन्द्र यादव 10000का आर्थिक दंड लगाते हुए इनके खिलाफ स्थानीय थाने में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छपामारी टीम में विद्युत्म अमल राय, विद्युत कर्मी सुनील कुमार भारती, अशोक कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# मैरौनी व बुका की टीम पहुंची फाईनल में

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत में आयोजित बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैरौनी बनाम सिसरी टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैरौनी की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 92 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलते हुए सिसरी की टीम ने 50 रन ही बना सकी। मैरौनी की टीम ने मैच को अपने हाथ कर लिया। वहीं दूसरी सेमीफाइनल मुकाबला बुका बनाम बेलाबार टीम के बीच खेला गया। बुका की टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 125 रन का लक्ष्य बेलाबार टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए बेलाबार के टीम ने 12 ओवर में 78 रन ही बना सकी। फाइनल मुकाबला मैरौनी बनाम बुका के बीच खेला जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी जयकुमार को मैन ऑफ द मैच द मैच देकर समाजिक संगठन जागृति युवा सेना परिषद के अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्ष अनूप कुमार ,सामाजिक संगठन से मनीष कुमार गुप्ता, संजय बैठा, आकाश यादव नरेंद्र कुमार अरुण कुमार रविशंकर गुप्ता काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




## एक नजर

### मुखिया ने पूजा अर्चना कर खुशहाली का मांगा अर्शीवाद

**गढ़वा।** जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह चिनियां प्रखंड के बरवाडीह गांव निवासी नीतेश सिंह व उनकी पत्नी सह पंचायत के मुखिया पम्मी देवी अपने पूरे परिवार के साथ दो दिवसीय दौरे पर चित्रकूट के चारों धाम का दर्शन करने गए हैं। वहां चित्रकूट पर्वत पर स्थित मां शारदा के दरबार में पूजा-अर्चना के बाद विंध्याचल पहुंचे। वहां मां विंध्यवासिनी की विधिवत पूजा अर्चना कर मां की आरती कर अपने प्रदेश की सुख समृद्धि व शांति के लिए कामना की। इस दौरान 20 सूत्री उपाध्यक्ष नीतेश सिंह ने स्थानीय गठबंधन के नेताओं से मिलकर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। मौके पर तेजस कुमार, छोटू सिंह खरवार, नीतू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### अरसली गढ़ परिवार के दादा का निधन

**भवनाथपुर।** सोनपुरा स्टेट अरसली गढ़ के नरेंद्रनाथ शाही (दाद भाई) 92 वर्ष का निधन बुधवार सुबह रांची निवास स्थान पर हो गया। उनका शव भवनाथपुर के अरसली उत्तरी स्थित पैतृक आवास लाया जाएगा। दाह संस्कार अरसली स्थित श्मशान घाट में किया जाएगा। दाद भाई तीन भाइयों मे सबसे छोटे थे। स्व. दाद भाई के पांच पुत्र है, जो रांची में ही रहकर राजनीति में सक्रिय है। दाद भाई को सोनपुरा स्टेट अरसली गढ़ के अंतिम राजा थे। कहा जाता है कि दाद भाई किसी भी गांव का कोई भी विवाद का फैसला बड़ी आसानी से कर देते थे। दाद भाई की निधन की खबर मिलते ही अरसली मुखिया प्रतिनिधि पिंटू अंसारी, राजेश्वर पासवान, लोक अधिकार पार्टी के केंद्रीय सचिव जयराम पासवान, प्रेम चौबे, पूर्व मुखिया श्यामसुंदर गुप्ता, आत्मा विश्वकर्मा, दयानंद सोनी ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम: सभी मामलों के आवेदनों पर जांच के बाद कार्रवाई का निर्देश

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय के परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र के विभिन्न मामलों के 41 आवेदन प्राप्त हुए। बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से 8 आवेदन,खरौंधी थाना क्षेत्र से 2,रमना थाना से 4,बिशनपुरा थाना क्षेत्र से 8,धुरकी थाना से 3, भवनाथपुर थाना से 4,हरिहरपुर ओपी से 2 और केतार थाना से 5 आवेदन प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के निर्देश पर गढ़वा पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में अधिकतर आवेदन भूमि से संबंधित त्मामले आये है, जिसे जांच के लिए थाना क्षेत्र के विभागीय पदाधिकारी और थाना प्रभारी को जांच कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में जमीन विवाद से संबंधित 18,विविध मामले में 16,धोखाधड़ी से संबंधित 3,छेड़छाड़ से संबंधित 2,संपत्ति से संबंधित मामलों में 1 तथा डायन बिसाही से 1 मामले आये है। पुलिस जन शिकायत कार्यक्रम में पुलिस से संबंधित मामलों पर त्वरित कार्य किया जा रहा है तथा पुराने मामलों पर त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि बढ़ते वाहन दुर्घटना को रोका जा सके। दोपहिया वाहन चलाते समय ट्रिपल लोडिंग नहीं चलने, हेलमेट पहनने तथा ट्रैफिक रूल का पालन करने की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले साइबर फ्रॉड का मामला बंशीधर नगर से हुआ था। साइबर फ्रॉड के माध्यम से बंशीधर नगर के अंडा व्यवसायी द्वारा एक अननोन लिंक पर क्लिक करने से उनके बैंक खाते से नौ लाख से अधिक रुपए कट गए। उसके बाद अंडा व्यवसायी तस्लीम खान के द्वारा 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराया गया। साथ ही साथ नगर उंटारी थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराया गया। पुलिस प्रशासन के तत्परता से जिस बैंक खाते में पैसा गया था उस खाते को ब्लॉक कर दिया गया। जिससे कि वह पैसा नहीं निकल सके। ।मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह,नगर ऊंटरी पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह व भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह,नगर ऊंटरी थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक व महिला थाना प्रभारी रूक्मिणी कुमारी,धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार,रमुना थाना प्रभारी आकाश सिंह,बिशनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह,भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन,केतार थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी,खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी तथा हरिहरपुर ओपी प्रभारी सैफुल्लाह अंसारी व पुलिस पदाधिकारी विरेन्द्र चौड़े,कार्यालय के निशाल कोंगड़ी आरक्षी अमित कुमार,राजेश कुमार तथा कई लोग मौजूद थे।

# कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम की सातवीं कड़ी महत्वपूर्ण रही : एसडीएम




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक घंटे के विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में अलग-अलग क्षेत्रों से आएं 60 से अधिक गृहिणी माताओं-बहनों ने अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के समक्ष अपनी शिकायतों व समस्याओं को रखा। साथ ही कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। एसडीओ ने कहा कि ₹कॉफी विद एसडीएम₹ कार्यक्रम की यह सातवीं कड़ी अब तक की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी इसलिए है, क्योंकि इसमें आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हुए गृहिणियों ने न केवल अपनी निजी समस्यायें, महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को रखा, बल्कि क्षेत्र की बेहतरी को लेकर कई सुझाव दिये। बैठक में उठायी गयी समस्याओं में सबसे ज्यादा समस्यायें राशन कार्ड से जुड़ी प्राप्त हुई।

### महिलाओं ने रखी अपनी बातें

शोभा केसरी, सुनीता देवी, मीरा देवी, गुड़िया देवी आदि ने बताया कि उनके परिजनों का नाम राशनकार्ड में नहीं जुड़ पा रहा है। कुछ महिलाओं ने राशनकार्ड में सुधार को लेकर हो रही परेशानी को भी रखा। दूसरे नंबर पर मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी शिकायतें मिलीं। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से कहा कि उनकी चिंताओं और शिकायतों को सम्बंधित पदाधिकारियों तक भेजकर निस्तारित करने का यथासंभव प्रयास किया जायेगा। बैठक में कुछ महिलाओं की ओर से बच्चों की फीस की समस्या, आयुष्मान, पेयजल, रोड-नाली, प्रकाश आदि से जुड़े कई अन्याय निजी मामले रखे गये। वहीं कुछ लोगों ने पूरे क्षेत्र की बेहतरी के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इनमें ज्यादातर सुझाव साफ-सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था से जुड़े हैं। लता गुप्ता ने कहा कि रामबांध तालाब का सौंदर्यकरण जिस मकसद से किया गया था, उसका लक्ष्य सही मायने में हासिल नहीं हो पाया। अभी तत्काल में उसकी जलकुंभी हटाने के लिए प्रयास किया जाए। उसी क्रम में कंचन जायसवाल ने सुझाव दिया कि रामबांध ही नहीं बल्कि अन्य तालाबों का सुंदरीकरण करते हुए वहां चौपाटी की तर्ज पर फूड जोन बनाये जाएं ताकि लोगों के घूमने फिरने के लिए स्थल तैयार हों। साथ ही खाने-पीने के छोटे ठेला दुकानदारों को वहां रोजगार मिले। सहिजना निवासी प्रज्ञा रश्मि पाठक ने सुझाव दिया कि नगर परिषद के तमाम प्रयासों के बावजूद भी शहर में कई स्थल ऐसे हैं जो गंदगी के स्पॉट बन गए हैं। इसके निदान के रूप में उन्होंने सुझाव दिया कि उन स्पॉट पर सीसीटीवी लगा दिए जाएं और वहां लिख दिया जाए कि जो कचरा फेंकता हुआ सीसीटीवी में पकड़ा जाएगा उस पर जुमार्ना होगा। ऐसा प्रयास करने से गंदगी से कुछ मुक्ति पाई जा सकती है। सभी की समस्याओं और सुझावों को सुनने के उपरांत एसडीओ ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा रखी गई सभी बातों पर यथा संभव अमल किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत जलसहिया को मिला प्रशिक्षण

**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार भवन में बुधवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत जल सहिया का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। श्रम विभाग के प्रशिक्षक सरवर आलम ने जल सहिया को बताया कि अपने कार्य क्षेत्र के 18 से 35 उम्र वर्ग के युवा व युवती को इस योजना के माध्यम से जोड़कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाना है। उन्हें झारखंड सरकार की ओर से कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर सशक्त बनाने में कार्यरत रहते हैं, तथा रोजगार के मुख्यधारा से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से सभी युवक-युवतियों को तीन माह का आवासीय प्रशिक्षण रांची में दिया जायेगा। सभी युवक-युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण के दौरान स्विंग मशीन ऑपरेटर, जेनरल ड्यूटी सहायक, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन, कंप्यूटर ट्रेनिंग, फिटर फेब्रीकेशन, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रीशियन जैसी अन्य प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहां प्रशिक्षण प्राप्त के बाद सभी को रोजगार से जोड़े जाने का लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षक द्वारा सभी जलसहिया को अपने-अपने पंचायत में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया, ताकि अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो। मौके पर संजय वर्मा, संगिता देवी, आरती देवी, उर्मिला देवी, रीता देवी, अर्चना देवी, बसंती देवी, अनीता देवी सहित सभी जल सहिया उपस्थित थे।

### डीहवार बाबा मंदिर निर्माण कार्य निजी खर्च पर शुरू



**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत के परती गांव में बुधवार को युवा समाज सेवी पंकज सिंह ने आदिवासी समुदाय के देवता डीहवार बाबा मंदिर निर्माण का शुभारंभ नींव खुदाई कर किया। मंदिर निर्माण कार्य शुरू होने से आदिवासी समुदायों में हर्ष का माहौल देखा गया। इस अवसर पर समाज सेवी पंकज सिंह ने कहा कि गांव के आदिवासी समुदाय के लोगों की मांग बडका आंगना के समीप डीहवार बाबा का मंदिर का निर्माण करना था। उन्होंने अपने निजी खर्च से मंदिर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। इस मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने पर लोगों को पूजा पाठ करने में सहूलियत होगी। मंदिर निर्माण की लागत 1.5 लाख रुपए की है। पंकज सिंह ने कहा कि प्रखंड के लोगों का सहयोग करने के लिए वह हर संभव तैयार है। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब, असहाय, जरूरतमंदों को मेरे सहयोग की जरूरत हो तो उन्हें सूचना दें। मौके पर सतेन्द्र ठाकुर, लालमुनि चौधरी, राधा सिंह, गौरव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### प्रखंड में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारण को लेकर बैठक हुई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि झंडोत्तोलन स्थलों के आसपास पूर्ण रूप से स्वच्छ रखना है। किसी भी परिस्थिति में उल्टा ध्वजारोहण नहीं होना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों पर झंडोत्तोलन कराने के लिए समय निर्धारित किया गया। सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय केतार में झंडोत्तोलन 9:00 बजे, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9:35 बजे, आंबेडकर चौक बाजार 9:25 बजे, मध्य विद्यालय केतार 10:00 बजे, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक 10:10 बजे, आरके सिंह पब्लिक स्कूल 10:20 बजे, लोहिया समता उच्च विद्यालय 9:45 बजे, बीआरसी कार्यालय 9:55 बजे, आंबेडकर चौक कोल मोड़ 11:00 बजे, स्वास्थ्य उपकेंद्र केतार 11:10 बजे और केतार थाना परिसर में 10:30 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। पंचायत सचिवालयों पर 9:20 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। बैठक में पंचायत जनप्रतिनिधि अनुपस्थित रहे। बैठक में उप प्रमुख शंभू सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, एसआई चंदन कुमार, बीपीओ नीरज कुमार, जेई अमर भारती, आनंद कुमार,पंचायत सचिव राम सुरेश राम, आदित्य कुमार, दीपक जायसवाल, विनय कुमार, जीतेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**उद्घाटन**

## स्वास्थ मेला में 543 मरीजों की जांच, विभाग ने लगाएं 16 स्टॉल

# मेला से ग्रामीणों को विशेष लाभ होगा: रूपनिरंजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**भडरिया। (गढ़वा)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन भंडरिया प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी कुमारी,उप प्रमुख श्रद्धा देवी, मुखिया विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूपनिरंजन सिंहा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा॑, संजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। शिविर में 534 मरीजों का जांच कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि शिविर में 16 स्टॉल लगाए गए थे। उसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम, धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन का दुष्प्रभाव, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, योगा, यक्ष्मा नियंत्रण, चिकित्स, ईएनटी, मोतियाबिंद, अंधापन की रोकथाम, मातृ स्वास्थ्य बाल स्वास्थ्य टीकाकरण ,डायबिटीज उच्च रक्तचाप, पोषण परामर्श, मलेरिया, फाइलेरिया, कुष्ट उन्मूलन का स्टॉल लगाकर मरीजों की जांच की गई। फाइलेरिया के महिला मरीजों के बीच फाइलेरिया का किट मुख्य अतिथियों द्वारा दिया गया। उसे उपयोग करने की विधि एमटीएस संतोष टोप्पों ने बताया गया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि स्वास्थ्य मेला से सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस तरह के कार्यक्रम से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ पहुंचेगा। शिविर में अधिक से अधिक लोगों का इलाज, उपचार व निशुल्क दवा संबंधी जानकारी भी मिलेगी। मेला से ग्रामीणों को विशेष लाभ होगा। मौके पर भंडरिया प्रमुख ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य मेला, स्वास्थ्य शिविर से लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर एसआई खान, डॉ, अजय पटेल सिंह, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, डॉ. प्रभु कुमार डॉ. दयानंद प्रभाकर, डॉ. अमित कुमार, डॉ. पंचानंद कुमार पासवान, डॉ. सोनी करकेट्टा, डॉ. पुष्पलता जमुदा, डॉ. संध्या किरण बिलुंग, शाहिद व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक

# मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 135 लाभुकों का चयन




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पशुपालन कार्यालय का बकरा विकास, सूकर विकास, ब्रायलर कुक्कुट पालन, बैक्यार्ड कुक्कुट पालन तथा बत्तख चूजा पालन से संबंधित आवेदन आपकी योजना, आपके सरकार आपके कार्यक्रम के तहत प्राप्त कुल 3,393 लाभुकों को जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। समिति द्वारा 135 लोगों का चयन किया गया। शेष 3,258 लोगों को प्रतिक्षा सूची में रखा गया है, जिसे भविष्य में सरकार द्वारा मिलने वाले टारगेट से लाभान्वित किया जाएगा। जिला गव्य विकास कार्यालय द्वारा दो गाय, पांच गाय तथा दस गाय की योजना के अलावा प्रोग्रेसिव किसानों के लिए डिप बोरिंग, चेफ कट्टर, मिल्किंग मशीन, कास मेट आदि के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार से प्राप्त कुल 970 लाभुकों को जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। 113 लाभुकों का चयन किया गया। शेष 857 लोगों को प्रतिक्षा सूची में रखा गया है, जिसे भविष्य में सरकार द्वारा मिलने वाले टारगेट से लाभान्वित किया जाएगा।

बैठक में विधायक, लातेहार, मनिका विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, डीआरडीए, निदेशक, जेएसएलपीएस डीपीएम, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, तथा जिला पशुपालन पदाधिकारी, उपस्थित थे।

## समावेशी शिक्षा पर एक दिवसीय उन्मुखिकरण कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के पीएमश्री मध्य विद्यालय में बुधवार को समावेशी शिक्षा अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय ने दीप जलाकर किया। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में रिसोर्स शिक्षक अशोक सिंह थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों के प्रति सहानुभूति के साथ संवेदनशील रहने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से दिव्यांग बच्चों के साथ सामान्य बच्चों की तरह व्यवहार करने की भी सलाह दिया। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रिसोर्स शिक्षक अशोक सिंह ने कहा दिव्यांग बच्चों के प्रति आप जितना संवेदनशील बनेंगे। उतना अधिक सुरक्षा प्रदान कर पाएंगे। उन्होंने अभिभावकों से दिव्यांग बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। कहा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा देना हमारी कर्तव्य है। कार्यक्रम में बच्चों में विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता की पहचान करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को स्कूल में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने की जरूरत एवं वर्तमान परिपेक्ष में दिव्यांग बच्चों के गृह आधारित शिक्षा का महत्व बताया गया। इसके अलावा कार्यशाला में दिव्यांग बच्चों को सरकार से मिलने वाली सुविधा, देखभाल करने, उन्हें पढ़ना आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं थी।

## राम लला के वर्षगांठ पर हरिकीर्तन सह भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के ढोढी मंधैनिया शिव मंदिर में बुधवार को रामलला के पहली वर्षगांठ पर ग्रामीणों ने अखंड हरिकृतन सह भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही विधि विधान से पूजा-अर्चना कर अखंड हरिकृतन शुभारंभ किया गया। साथ ढोढी मंधैनिया के समस्त ग्रामीण मिल जुलकर मंदिर परिसर में महाप्रसाद व भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के अलावा आस पास के ग्रामीण भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार को हवन पूजन के साथ महाप्रसाद वितरण कर हरिकृतन का समापन किया जाएगा। अनुष्ठान को सफल बनाने में मनोज दांगी, बाबुलाल दांगी, बच्चन देव दांगी, विजय दांगी, गौतम सिंह के अलावा अन्य ने अहम भूमिका निभाई।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला कल

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में स्वास्थ 24 मेला का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम स्वास्थ चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा किया गया है। जिसमें चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे। शिविर में ग्रामीणो का इलाज कर निःशुल्क दवा दी जाएगी। उक्त शिविर में सामान्य चिकित्सा, ईएनटी आंख, कान, गला, टीबी नियंत्रण, पोषण परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, मोतियाबिंद जांच, कुष्ठ नियंत्रण, संचारी एवं गैर संचारी रोग, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, मातृत्व स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य अन्य रोगी की जांच कर दवा दी जायेगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य मेला में मिलने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप दे रही महिला कलाकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के एक साधारण परिवार के किरण आज परिचय का मोहताज नहीं है। किरण मिट्टी से खेलते खेलते एक मूर्तिकार बन गई है। बताया जाता है कि किरण न कहीं प्रशिक्षण लिया और ना ही कहीं किसी मूर्तिकार के पास काम किया। फोटो देखकर वर्ष 2005 में मूर्ति बनाने का काम शुरू किया। प्रारंभ में मूर्ति अच्छा नहीं बन पाता था। परंतु मेहनत और लगन के आगे कुछ नहीं है। मेहनत का फल मीठा होता है और इस कहावत को किरण ने चरितार्थ कर दिखाया। आज एक सफल मूर्तिकार के रूप में अलग ही पहचान बनाया है। किरण मैट्रिक व इंटर की पढ़ाई प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय है से प्राप्त की है। फिलहाल किरण



देवी मां सरस्वती की प्रतिमा बना रही है। वैसे तो विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा दो फरवरी को है। परंतु अभी से ही मूर्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। किरण देवी ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों से ऑर्डर आने पर 25 से 30 मूर्ति का निर्माण कर रही हैं। एक मूर्ति की कीमत 1500 से 10000 रुपए तक है। किरण ने बताया कि वर्ष में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के मौके पर मूर्ति बनाकर घर परिवार का भरण पोषण कर रही है। किरण के इस कारीगरी का कायल है।जबकि बेरोजगार के लिए एक मिसाल बनकर उभरी है।

## एनटीपीसी ने जरुरतमंद स्कूली बच्चों को दी साइकिल

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी नार्थ करनपुरा के वसुंधरा लेडीज क्लब बुधवार को जरुरतमंद स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अरिंदम सिन्हा व क्लब की अध्यक्षा रुपाली सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। बताया गया कि दूर-दराज के अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने को सुलभ बनाने में यह कदम काफी सकारात्मक साबित होगा। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक कल्याण व समावेशी विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हर संभावित प्रयास निरंतर करते रहेंगे। साइकिल पाकर स्कूली बच्चे काफी प्रफुल्लित थे।

## हाइवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक में लिए गए निर्णय



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल रोज गार्डन में हाइवा एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रदीप प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में तुबैद कोलियरी से बिरा टोली तक नया कोयला परिवहन किया जा रहा है, जिसका भाड़ा तय नहीं किया गया है। इसे पहले तय किया जाय, उसके बाद ही परिवहन कार्य सुचारू रूप से किया जाने की बात कही। साथ ही पूर्व में तुबैद से कुसमाही कोयला साइडिंग का तय भाड़े में 10 प्रतिशत भाड़ा बढ़ोतरी करने के लिए प्रबंधक से बात करने व माइंस के अंदर से लोडिंग बंद करने की मांग की गई। साथ ही सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में जीपीएस के नाम पर वाहन मालिकों को शोषण किया जा रहा है, उसे अविलंब बंद किया जाए। बैठक में एसोसिएशन के सचिव शाहनवाज आलम, कोषाध्यक्ष देवपाल, मो, कलीम, संतोष राणा, इरफान, आफताब, कौशल, अफरोज, चंदन, आशिक, पंकज समेत अन्य वाहन मालिक शामिल थे।

## कांग्रेस ने जय बापू, जय भीम जय संविधान मार्च निकाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को बारियातू मे जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान मार्च निकाला गया। अभियान में प्रखंड प्रभारी सुरेंद्र भारती, दरोगी यादव, विश्वनाथ पासवान ने विशेष तौर पर भाग लिया। प्रखंड अध्यक्ष रिगन ने कहा कि वर्तमान में देश की जो हालात है, उसका जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री है। वह देश को जिस दिशा की ओर ले जाना चाहते है, वह दिशा संविधान से हटकर है। इस कारण लगातार संविधान पर हमला किया जा रहा है। हम सभी को हक और अधिकार संविधान ने दिया है। संविधान में हक और अधिकार देने का कार्य डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रयास




से हुआ है। इसे खत्म करने के लिए देश के गृह मंत्री द्वारा डॉ. आंबेडकर का भी अपमान किया जा रहा है, जो देश बर्दास्त नहीं करेगा। जब तक गृह मंत्री अमित शाह स्तीफा नहीं देते तब तक आंदोलन किया जायेगा। कांग्रेस प्रखंड प्रभारी सुरेंद्र भारती ने कहा कि इस अभिवान मार्च के माध्यम से देश के गृहमंत्री को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान का बदला पूरे देशवासी जरूर लेंगे। देश संविधान से चल सकता है। मौके पर विश्वनाथ पासवान, कुलदीप राम, चलितर राम, भगन उरांव, देवलाल उरांव, भोला राम, मोहन उरांव, नग्न उरांव, मो. ईशा, संजय राम, मनोज कुमार, बिगन पाहन, बालकिशुन गंझु, परमेश्वर उरांव, सूरज उरांव, सुरेन्द्र उरांव, रोहित उरांव, रोहन उरांव, बालसी उरांव, राजेंद्र उरांव, प्रदीप उरांव, गंगा उरांव, सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## जीपीएफटी सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार से (जीपीएफटी) ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को 21 जनवरी से 23 जनवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 17 पंचायतों के लिए प्रखंड सभागार व बीपीआरसी भवन में केंद्र बनाये गये हैं। उक्त प्रशिक्षण केंद्रों के लिए शंकर दांगी, विकास कुमार, सुरेश प्रसाद राणा, योगेन्द्र कुमार बतौर प्रशिक्षक नियुक्त हैं। मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, प्रधान लिपिक सीताराम दास, पंचायती राज विभाग के प्रखंड समन्वयक नेहाल वारसी, सीताराम रवानी, जितेन्द्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार समेत वार्ड सदस्य,जल सहिया व अन्य मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में 475 रोगियों टीबी रोगियों की जांच हुई

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन प्रमुख अनिता यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथियों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए सभी स्टॉल का जायजा लिया। प्रमुख अनिता यादव ने कहा समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला का आयोजन किया जाना काफी अच्छी पहल है। इससे गांव घर के मरीज आसानी से मेला में पहुंचकर अपनी इलाज करवा सकते हैं। साथ ही साथ स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से प्रत्येक पंचायत में स्वास्थ्य शिविर लगाने की सलाह दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण आज भी ग्रामीण चिकित्सकों पर निर्भर हैं। विभाग द्वारा गांव-गांव स्तर पर स्वास्थ्य शिविर लगाने की योजना चल रही है। अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंच सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित जायसवाल ने दर्जनों मरीज का स्वयं जांच किया। निःशुल्क दवा का वितरण किया। स्वास्थ्य मेला में सरकार द्वारा आंख,कान,गला, दांत, त्वचा के अलावा मधुमेह,रक्तचाप,कुष्ठ रोग की भी सहित अन्य रोग से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। मेला में करीब 475 लोगों का टीबी की जांच निःशुल्क करवा। शिविर में डा.अमृता अनुप्रिया,डॉ. कुमारी अंजली भगत, फार्मासिस्ट अनिल कुमार, ए ग्रेड नर्स अनीशा चेन्नई, रिंकी कुमारी, लैब टेक्नीशियन आशुरंजन कुमार,मुरारी दांगी के अलावा स्वास्थ्य विभाग के कर्मी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

# मनिका में 598, बारीयातू में 284, गारू प्रखंड में 311 मरीजों का जांच किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के मनातू, बारीयातू, गारू प्रखंड में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। स्वास्थ्य मेला में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा निशुल्क जांच केंद्र के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य जांच भी कराए गए। स्वास्थ्य जांच के बाद ग्रामीणों के बीच दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख, कान एवं गले से संबंधित




बीमारियों की जांच, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, एनसीडी जांच, खून जांच, एनीमिया जांच, मलेरिया, फाइलेरिया की जांच, शुगर के रोगियों की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टी.बी. नियंत्रण, धूम्रपान और तंबाकू के सेवन के बुरे प्रभाव की जानकारी, कैंसर नियंत्रण जागरूकता समेत अन्य संबंधित बीमारियों के इलाज संबंधी सेवाएं प्रदान की गई। मनिका प्रखंड में आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला में कुल 598 मरीजों, बरियातू प्रखंड में 284 मरीजों, गारू प्रखंड में कुल 311 मरीजों का जांच किया गया। जांचोंपरांत जरूरत अनुसार दवा का भी वितरण किया गया है। बता दें कि 23 जनवरी को महुआडांड़, 24 जनवरी को बरवाडीह, चंदवा, हेरहंज, सरयू प्रखंड में एक दिवसीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाना है।

## उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय कुंदा में बुधवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय समावेशी शिक्षा के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत किया गया, जिसका संचालन रिसोर्स शिक्षक फूलचंद सिंह ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित व्यवसायिक चिकित्सक रजनीश रंजन पाठक ने दिव्यांगअधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार 21 प्रकार के दिव्यांगता की पहचान के प्रमुख लक्षण से संबंधित जानकारी दिया। प्रशिक्षण में अल्प दृष्टि,कुष्ठ रोग मुक्त, बौद्धिक अक्षमता,मानसिक रोगी समेत 21 तरह के लक्षण को पहचान करने के बारे में बताया गया। साथ ही दिव्यांगता छात्र-छात्राओं को शिक्षा से कैसे जोड़ा जाय इसके बारे में भी बताया गया।

## न्यूज बॉक्स

### अनियंत्रित कोल वाहन के ट्रक में मारी टक्कर, चालक व उपचालक घायल

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना के मुख्य द्वार के बाहर एक खड़ा एक ट्रक को मंगलवार की देर रात अनियंत्रित कोल वाहन ने टक्कर मार दिया। इससे कोल वाहन व खड़े ट्रक की परखच्चे उड़ गई। हघटना में चालक बाल बाल बच गया। जबकि उपचालक घायल हो गया। अंधेरा का लाभ उठाकर चालक वाहन को छोड़कर भागने में सफल रहा। उपचालक दुर्घटनाग्रस्त कोल वाहन में फंसा रहा। दूसरी ओर इस घटना में थाना का मुख्य द्वार के साथ बिजली की पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक व कोल को अलग किया गया। उपचालक को सुरक्षित निकाल लिया गया। बताया जाता है कि यह घटना मंगलवार की रात 12:30 बजे रात की है। कोल वाहन कटकमसांडी से कोयला पहुंचा कर टंडवा लौट रहा था। इस क्रम में थाना के मुख्य द्वार के समीप चालक को नींद आ गई और वाहन अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में जा टकरायी।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, सीओ दीपक मिश्रा व चिकित्सा प्रभारी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विभिन्न स्टॉल लगाकर लोगों को आवश्यक दवाएं दी गई। शिविर में पहुंच कर स्वास्थ जांच कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किए। शिविर में बीपी, सुगर, मलेरिया, नेत्र जांच समेत अन्य बीमारियों की जांच की गई।

### अंडर19 क्रिकेट टीम गुमला रवाना

**गिद्धौर (चतरा)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में बुधवार को अंडर 19 क्रिकेट टीम गुमला रवाना हुई। क्रिकेट टीम को रवाना जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ज्वाइंट सेकेट्री आशुतोष भारती,बीसीए के संचालक मिथिलेश कुमार उर्फ बड़े ने किया। बताया कि चतरा का पहला मैच गुमला बनाम दुमका के बीच खेला जाएगा। इसके पश्चात चतरा टीम रांची में तीन मैच खेलेगी। जिसमें सरायकेला खरसांवा से दूसरा मैच और तीसरा मैच गिरिडीह और लीग का अंतिम और चौथा मैच गढ़वा के साथ खेलेगी। खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने शुभकामनाएं दी है।

### जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा बारी-बारी फरियादियों के विभिन्न शिकायतों को गंभीरता से सुनने के पश्चात विधि सम्मत कार्रवाई की गई। मौके पर थाना प्रभारी उमेश राम, पिपरवार थाना प्रभारी समेत एएसआई रामजी सिंह, राजस्व निरीक्षक रविषेक कुमार, शिवकुमार मंडल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत टंडवा व पिपरवार के दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रखंड में झंडोत्तोलन के लिए समय निर्धारित

**मनिका।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में बुधवार को 26जनवरी को झंडोत्तोलन के लिए समय सारणी निर्धारित करने के लिए प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई। बैठक मे प्रखंड कार्यालय सहित सभी सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । झंडोत्तोलन के लिए समय सारणी भी निर्धारित की गई। सुबह 8बजे प्रखंड संसाधन केंद्र मे झंडोत्तोलन किया जायेगा। 8:10बजे वनरोपन कार्यालय, 8:15में प्रादेशिक वन क्षेत्र कार्यालय, 8:20राजद कार्यालय, 8:30भाजपा कार्यालय, 8:40प्रखंड पशुपालन कार्यालय, 8:50पंचायत भवन मनिका, 9:15प्रखंड कार्यालय 9:30कांग्रेस कार्यालय, 9:40पुस्तकालय भवन, 9:45मनिका थाना परिसर, 9:55झामुमो कार्यालय, 10:5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उच्च विद्यालय 10:15,भीम राव प्रतिमा स्थल, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में 10:35 बजे झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया।मौके पर बीडीओ संदीप कुमार, बीईईओ अमरेंद्र पाठक, बीपीओ संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस अल्प संख्यक मोर्चा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**लातेहार।** जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक आहूत की गई। अध्यक्षता अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी ने की। जिला प्रभारी अर्शदुल कादरी व गुलरेज अख्तर शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लातेहार जिला अल्पसंख्यक कमेटी के पुनर्गठन एवं समीक्षा के विषय पर चर्चा की गई। प्रभारी गुलरेज अख्तर ने कहा कि लातेहार जिला में संगठन को धार देते हुए पूरे प्रदेश में एक नंबर में रखना है और राहुल गांधी को पीएम बनाना है। जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि जब से संगठन कि जिम्मेदारी मिली है। इमानदारी पूर्वक काम कर रहा हूँ। इसका नतीजा है कि मनिका विधानसभा से विधायक को एकतरफा चुनाव जीता कर विधानसभा में भेजें हैं। कार्यक्रम में मौजूद युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि पूरे प्रदेश में अल्पसंख्यक समाज के लोग महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी को जीता कर इंडिया गठबंधन की सरकार बनाया है। अल्पसंख्यक समाज कांग्रेस को पूरे देश मे मदद करती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता सईद हदीस अंसारी,मुन्ना रब्बानी, हैदर, प्रखंड अध्यक्ष अख्तर ,लाडले ,अमीर हयात,असगर खान ,जमील खान,अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारी अख्तर,शमसुल,वाजिद,साजिद ,हेसमुल ,नुरुल,नसीम,मंसूर, ऐनुल, तस्लीम, सरवर, असलम, अफरोज, फिरोज, मासूक, नाजिम, हुसैन,सगीर, वसीम, तैयब,सौकत,कलाम, साबिर, मुस्ताक,समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन




**बारियातू।** प्रखंड के बाजार टांड मे प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उदघाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, उप प्रमुख निशा शाहदेव, सीएचसी प्रभारी प्रकाश बड़ाईक, सेवानिवृत शिक्षक जानकी नंदन राणा, गोनिया मुखिया रानो देवी, प्रधानलिपिक कपिलदेव सिंह, डॉ. अमरनाथ प्रसाद,सुरेंद्र कुमार, बीपीएम मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। सीएचसी प्रभारी बड़ाईक ने कहा कि एनसीबी, फैलेरिया, मलेरिया, आंख, परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य, त्वचा रोग, पोषण आयुष्मान कार्ड, बाल स्वास्थ्य पोषण, दंत चिकित्सक, होमियोपैथिक सहित अलग अलग जांच व निवारण के लिए 16 स्टॉल लगाए गए थें। प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ लेने कि अपील की। जिप सदस्य रमेश राम ने कहा कि फास्ट फूड खाने से परहेज करें। उप प्रमुख निशा शाहदेव ने कहा कि सरकार के पहल से लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर जानकी नन्द राणा, डॉ. सीमा रानी, दंत चिकित्सा अलिसा टोपो, डॉ. पवन कुमार सहित अन्य चिकित्सको ने कई मरीजों का जांच किया। मंच संचालन निरंजन कुमार ने किया। मौके पर एमपीडब्लू संदीप कुमार, बलराम कुमार, पंकज पांडेय, योगेंद्र कुमार, दीपांशु कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### ईंट भट्ठा मालिकों के साथ खनन पदाधिकारी ने की बैठक

# खनन नियम और लाइसेंस प्रक्रिया पर की परिचर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने ईंट भट्ठा मालिकों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की। इस बैठक का उद्देश्य खनन गतिविधियों को नियमबद्ध करना, जिले के राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करना और ईंट भट्ठा मालिकों को लाइसेंस प्रक्रिया के महत्व से अवगत कराना था। बैठक में खनन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ईंट भट्ठा संचालन के लिए खनिज लाइसेंस, पर्यावरणीय स्वीकृति, और खनिज परिवहन परमिट प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, लाइसेंस प्रक्रिया का पालन न करने से कानूनी कार्रवाई हो सकती है, जिससे न केवल व्यवसाय प्रभावित होगा बल्कि सरकारी राजस्व का भी नुकसान होगा। सभी भट्ठा मालिकों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया कि उनके पास संचालन से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज हों। लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आवेदन और स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तेज करने की योजना बनाई है। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि खनिज क्षेत्र जिले के राजस्व का एक प्रमुख स्रोत है। समय पर रॉयल्टी और अन्य करों का भुगतान जिले के विकास कार्यों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी ईंट भट्ठा मालिकों को अपने व्यवसाय को पूरी तरह से वैध बनाना चाहिए और सरकार के निर्धारित शुल्क का ईमानदारी से भुगतान करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध खनन न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि इससे सरकार के राजस्व को भी भारी क्षति होती है। जिला प्रशासन अब अवैध खनन गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखेगा। बैठक के दौरान ईंट भट्ठा मालिकों ने कच्चे माल की कमी, परिवहन लागत, और लाइसेंस प्रक्रिया में देरी जैसी समस्याओं को उठाया।

# गणतंत्र दिवस के दिन होने वाले कार्यक्रमों के समय में हुआ बदलाव

### बीएस कॉलेज स्टेडियम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की करेगी झंडोत्तोलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में हुए विचार-विमर्श उपरांत गणतंत्र दिवस -2025 के दिन लोहरदगा जिला में बीएस कॉलेज में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह, महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण और विभिन्न कार्यालयों में होने वाले झंडोत्तोलन के समय बदलाव किया गया है। संशोधित समयानुसार अब सुबह 7 बजे उपायुक्त आवास में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद नगर परिषद क्षेत्र लोहरदगा में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण सुबह 7.20 बजे से 7.50 बजे तक किया जाएगा। समाहरणालय परिसर लोहरदगा में डीसी द्वारा झंडोत्तोलन सुबह 10.15 बजे किया जाएगा। डीसी द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में झंडोत्तोलन सुबह 11 बजे किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सुबह 10.20 बजे और पुलिस लाईन में सुबह 11.15 बजे किया जाएगा। डीडीसी द्वारा पुराना डीआरडीए कार्यालय में सुबह 10.25 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। जिला परिषद कार्यालय प्रांगण में जिप अध्यक्ष द्वारा सुबह 10.30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। अनुमण्डल कार्यालय में सुबह 10.35 बजे एसडीओ द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। एसडीपीओ द्वारा सुबह 10.40 बजे एसडीपीओ कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन किया जाएगा। डीडीसी द्वारा केंद्रीय विद्यालय बरही लोहरदगा में झंडोत्तोलन किया जाएगा। बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा झंडोत्तोलन सुबह 8.30 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि का सैल्युटिंग बेस पर आगमन सुबह 8.15 में होगा।

## न्यूज | बॉक्स

### बीडीओ ने क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का निरीक्षण किया



**भंडरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बुधवार को प्रखंड के भीठा पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया एवं पंचायत में चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। वहीं मुखिया, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक से योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी ली, साथ ही उसकी उपयोगिता को भी जाना। वहीं पंचायत क्षेत्र में चल रहे प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास व बागवानी का भी स्थलीय निरीक्षण करते भौतिक सत्यापन किया साथ हीं आवास लाभुको को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं वैसे लाभुक जिनके द्वारा राशि प्राप्त होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है उन्हें एक सप्ताह के अंदर फाउंडेशन आदि का कार्य पूरा करने का भी निर्देश दिया। साथ हीं कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, प्रखंड कोऑर्डिनेटर सहित पंचायत स्वयंसेवक को मिलकर निर्माण का शीघ्र पूरा कराने को कहा। निरीक्षण के क्रम मे बीडीओ ने मकुन्दा व कचमची मे बन रहे हैंडवाश यूनिट की जाँच की गई।कनिय अभियंता को कार्य मे सुधार लाने लिए कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

### कैरो में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगो को दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि गांव देहात के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है।उन्होंने कहा की समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए लगातार स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोशिश की जाती रही है। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की एक बड़ी पहल है जहाँ विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगो को मिल रही है। मौके पर विभिन्न स्टॉल में जांच के दौरान टीकाकरण, पोषण परामर्श,परिवार नियोजन परामर्श, किशोर किशोरी स्वास्थ्य जाँच, टीबी नियंत्रण, भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद होम्योपैथी, सामान्य चिकित्सा, अनुभवी चिकित्सा परामर्श, मातृत्व स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड निर्माण, दंत चिकित्सा जाँच, मलेरिया, कुष्ठ नियंत्रण आदि का लाभ दिया गया साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम, नशापान जैसे समाज में फैले कुरीतियों से लोगो को जागरूक किया गया। मौके पर सिविल सर्जन शम्भूनाथ चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भाटाचार्य ,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.राकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### फाइलेरिया रोधी दवा 10 से 25 फरवरी तक खिलाई जाएगी

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त करने के लिए बीएलटीएफ की बैठक का आयोजन प्रखंड कार्यालय भंडरा बीडीओ प्रतिमा कुमारी एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आकाश कुमार की देखरेख में बुधवार को किया गया। बीडीओ ने पिछले साल की भूमियों को चिन्हित कर टीमवर्क के साथ पूरी तरह एक्टिव रहते हुए कार्य करने का निर्देश सभी स्वास्थ्य कर्मियों को दिया। बताया गया कि एमडीए कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। जिसमें 10 फरवरी को बूथ पर और बाकी दिनों में दवा प्रशासक सहिया द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए 108 बूथ और 17 सुपरवाइजर एवं एक मेडिकल टीम कार्यरत रहेंगे ।एमडीए को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए आईसीडीएस और शिक्षा विभाग की भूमिका को हम बताया गया है वहीं स्कूल के बच्चों के माध्यम से प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इसमें एक साल से नीचे एवं गर्भवती महिला और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलाया जाएगा। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आकाश कुमार, भी बी डी कंसलटेंट रजनी लकड़ा, प्रशांत, मेरी बेक , रामकुमार महतो एमटीएस इंचार्ज, बेबी कुमारी बीआरपी, ताजे उरांव एमपीडब्ल्यू, राजेश्वर तिर्की, नौशाद आदि लोग उपस्थित थे।

### उप समाहर्ता के निर्देश पर सीओ ने दिलाई दखल दिहानी

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू अंचल के मौजा हेंजला में भुमि वापसी मुकदमा संख्या 08/23-24 के निपटारे हेतु भूमि सुधार उप समाहर्ता लोहरदगा के पारित आदेश के आलोक में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह कुडू अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा ने बुधवार को दखल दिहानी दिलाई। गौर तलब है कि प्रथम पक्ष हेंजला निवासी रामकिशोर महली पिता स्व महिंदर महली ने मौजा हेंजला के खाता संख्या 29 प्लॉट संख्या 859 रकबा 0.50 एकड़ पर दूसरे पक्ष चन्दलासो गांव निवासी रामकुमार महतो पिता रामु महतो के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किये जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। कुडू सीओ मधुश्री मिश्रा ने बताया कि प्रार्थी प्रथम पक्ष रामकिशोर महली को दखल दहानी दिलाने का निर्देश प्राप्त था। उक्त निर्देश के आलोक में पुलिस अभिरक्षा में बुधवार को उपरोक्त भूमि को चिन्हित करते हुए दखल दिलवाकर कब्जा दिलाया गया। प्रशासन की टीम ने चिन्हित भुमि पर लाल झंडा लगाया। हालांकि दखल कारवाई पुरी होने के बाद प्रार्थी द्वारा उपरोक्त भुमि के कुछ हिस्से पर निर्माण है जिसे तत्काल ध्वस्त करने की मांग करते हुए समझाने के बाद भी दखल दहानी के कागजात पर हस्ताक्षर करने से साफ मना कर दिया। सीओ ने बताया कि मामले की लिखित सुचना वरीय पदाधिकारियों को दी गयी है।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुंचे आईजी असीम विक्रांत मिंज

*लोहरदगा में पुलिस के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से लोगों को मिली उम्मीद*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के नगर भवन में झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर लोहरदगा पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जोन के आईजी असीम विक्रांत मिंज शामिल हुए। जिले के पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमा के साथ लोहरदगा पुलिस के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में जिले भर के फरियादी अपनी फरयाद लेकर पहुंचे और मौखिक और लिखित रूप से शिकायत दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपनी शिकायत अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराई और उसे त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों ने संबंधित विभाग और थानों को निर्देश भी दिया। लोगो की समस्या को त्वरित निपटारा के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन जिले के साथ साथ सभी थानों क्षेत्र में किया जा रहा है ताकि लोग अपनी शिकायत ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से दर्ज करा सके। कार्यक्रम को लेकर आईजी असीम विक्रांत मिंज ने कहा यह कार्यक्रम लोगो के लिए है और उनके शिकायत के समाधान के लिए किया जा रहा कार्यक्रम राज्य सरकार और झारखंड पुलिस की एक अच्छी पहल है। जिससे लोगों को लाभ होगा और उनके शिकायत पर त्वरित करवाई की जायेगी।

## अधेड़ का शव कुएं से बरामद

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के बरही ग्राम स्थित कुएं में शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वही पुलिस शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज अस्पताल भेज दिया। घटना बरही चकरपुर ग्राम स्थित विद्यालय के पीछे स्थित लखन महतो का कुआं में अज्ञात शव देखने के बाद ग्रामीणों द्वारा सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार को सूचना दिया गया। सूचना सत्यापन के पश्चात थाना प्रभारी के निर्देश पर एस आई मनीष कुमार महतो घटना स्थल पहुंच तैरता शव को कुएं से निकलवा कर आस पास के लोगों से पहचानी कराया। वही ग्रामीणों से शव की पहचानी करवाया गया तो पता चला कि कुएं से बरामद शव भंडरा थाना क्षेत्र के बड़का अंबेरा ग्राम निवासी स्व कुंदिया उरांव का 59 वर्षीय पुत्र रमेश उरांव का है।

कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)
Tel. No. (Election Office)- 06562- 224033 E-mail - electionpalamu1@gmail.com

पत्रांक - 15 दिनांक – 21.01.2025

आम सूचना

राज्य के नगर निकायों में पिछड़ा वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय स्तर पर डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद, विश्रामपुर, नगर पंचायत हुसैनाबाद, छतरपुर एवं हरिहरगंज का डोर–टू–डोर सर्वे के उपरांत सर्वे रिपोर्ट को संबंधित नगर निकाय कार्यालय के नोटिस बार्ड एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। आमजन से अनुरोध है कि प्रकाशित सर्वे रिपोर्ट पर यदि कोई आपत्ति हो तो रिपोर्ट प्रकाशित होने के 07 दिनों के अन्दर संबंधित नगर निकाय के शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति अवश्य दर्ज करायें, ताकि आपत्ति का ससमय निराकरण किया जा सके।

निदेशक,
डी0आर0डी0ए0, पलामू।

PR 344946 (Palamu) 24-25 (D)

समाहरणालय, लातेहार (भू–अर्जन शाखा)
प्रपत्र VII
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय)
या समाहर्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)
संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–मननचोटाग थाना नं0–226 राजस्व थाना–लातेहार जिला–लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–*Land Acquisition plan of proposed ROB in lieu of L.C No. 35/B/T(S&T NO-13/B/T) at Railway Km.217/10-12 between Demu-latehar on Latehar-Garu Road MDR No.249 in latehar district.* अपेक्षित हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–मननचोटाग थाना नं0–226 राजस्व थाना–लातेहार, जिला–लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.679** एकड़ मानक माप का भूखंड, अधिघोषणा किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र. सं. | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रैयती भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | मननचोटाग–226 | 4 | 7 | टांड़ दो | 0.181 | अभय कुमार कुशवाहा पिता भयारण महतो वो पुनीत पाल सिंह बहारा पिता कुलवन्त सिंह बहारा | 8 | 43 | 20 | 1 |
| 2 | मननचोटाग–226 | 4 | 8 | मकान | 0.231 | तदैव | 9 | 7 | 20 | 6 |
| 3 | मननचोटाग–226 | 4 | 9/1 | टांड़ दो | 0.21 | आदिम जनजाति सरकारी अस्पताल | 10 | 8 | 11 | 6 |
| 4 | मननचोटाग–226 | 4 | 9/2 | टांड़ दो | 0.067 | उषा महलका पति स्व0 आनन्द कुमार महलका | | | | |
| 5 | मननचोटाग–226 | 4 | 9/3 | टांड़ दो | 0.020 | तदैव | | | | |
| 6 | मननचोटाग–226 | 4 | 9/4 | टांड़ दो | 0.008 | राजा राम प्रसाद | | | | |
| 7 | मननचोटाग–226 | 4 | 9/5 | टांड़ दो | 0.025 | दिलेश्वर प्रसाद साहु पिता स्व0 रामचन्द्र साहु | | | | |
| 8 | मननचोटाग–226 | 4 | 9/6 | टांड़ दो | 0.154 | अभय कुमार कुशवाहा पिता भयारण महतो वो पुनित पाल सिंह बहारा पिता कुलवंत सिंह बहारा | | | | |
| 9 | मननचोटाग–226 | 75 | 2045/1 | टांड़ दो | 0.099 | बसंत कुमार महलका पिता स्व0 दुर्गा प्रसाद महलका | 372 | 372 | 372 | 372 |
| 10 | मननचोटाग–226 | 75 | 2045/2 | टांड़ दो | 0.030 | कमला देवी पति विनोद प्रसाद भगत | | | | |
| 11 | मननचोटाग–226 | 77 | 4/1 | टांड दो | 0.006 | नन्द किशोर प्रसाद | 2043 | 2 | 6 | 2 |
| 12 | मननचोटाग–226 | 77 | 4/2 | टांड दो | 0.007 | शिवदयाल प्रसाद पिता स्व0 मेवा साव | | | | |
| 13 | मननचोटाग–226 | 77 | 4/3 | टांड दो | 0.008 | आशा देवी पति उमेश प्रसाद | | | | |
| 14 | मननचोटाग–226 | 77 | 4/4 | टांड दो | 0.008 | सुरेन्द्र प्रसाद पिता खेलावन साव | | | | |
| 15 | मननचोटाग–226 | 77 | 4/5 | टांड दो | 0.105 | अशोक यादव वो राजेन्द्र यादव पिता बासदेव यादव | | | | |
| 16 | मननचोटाग–226 | 77 | 5 | मकान | 0.023 | तदैव | 4 | 2 | 6 | 2 |
| 17 | मननचोटाग–226 | 110 | 1 | धान दो | 0.132 | जय किशोर प्रसाद वो अनुप प्रसाद वो प्रभात किशोर पिता स्व0 राजकिशोर प्रसाद सिन्हा | 2043 | 6 | 2 | डुडूआ |
| 18 | मननचोटाग–226 | 111 | 383 | मकान | 0.020 | बलकृष्ण श्रीवास्तव पिता स्व0 राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा | टुटुआ | 372 | 372 | टुटुआ |
| 19 | मननचोटाग–226 | 111 | 384/2 | टांड़ दो | 0.2735 | तदैव | 374 | 375 | 381 | 373 |
| 20 | मननचोटाग–226 | 111 | 384/1 | टांड़ दो | 0.0525 | बलराम राम वो श्यामजी राम पिता स्व0 छठु राम वो धर्मेन्द्र कुमार वो उपेन्द्र कुमार वो अमेन्द्र कुमार वो धीरेन्द्र कुमार पिता स्व0 नारायण राम वो प्रशांत वर्मा पिता स्व0 रामजी राम | | | | |
| 21 | मननचोटाग–226 | 146 | 371 | मकान | 0.019 | दीपनारायण गुप्ता वो विजय कुमार गुप्ता वो शंभु प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 सुरज प्रसाद | 368 | 9 | 10 | 6 |
| | कुल – | | | | 1.679 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–**शून्य**

ग्राम–मननचोटाग थाना नं0–226 राजस्व थाना–लातेहार, जिला–लातेहार क्षेत्रफल–**1.679** एकड़ यानि– 0.6794 हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार उपर दिये गये हैं :– **शून्य**

उपायुक्त,
लातेहार।

PR 344895 (Land Reforms) 24-25 (D)

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................../दिनांक................

–: आम सूचना :–

मेदिनीनगर नगर निगम के सभी दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि अपने दुकान के सामने सड़क पर अथवा नाली पर अतिक्रमण नहीं करेंगे। दुकान में छज्जा निकाल कर भी अतिक्रमण करना वर्जित है। किसी भी प्रकार का अतिक्रमण करने वाले स्वतः दो दिनों के अन्दर अतिक्रमण हटा लें अन्यथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सभी प्रकार के अतिक्रमण को विधिपुर्वक हटा दिया जायेगा तथा अतिक्रमण हटाने का खर्च आपसे वसुल किया जायेगा।

इसकी पुरी जावबदेही स्वयं आप पर रहेगी।

सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 344930 (District) 24-25 (D)

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 113 न0प0, दिनांक – 22/01/2025

आम – सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत पिछड़े वर्गो को आरक्षण दिए जाने से संबंधित डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसकी सर्वेक्षित सूची/वार्डवार सर्वे सूची कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित कर दिया गया है। आमजनों/व्यक्तियों से अपील है कि सर्वेक्षित सूची/वार्डवार सर्वे सूची में किसी भी प्रकार का त्रुटि/अशुद्धियाँ/वार्डवार सूची में भिन्नता पायी जाने पर आपत्ति/शिकायत दिनांक – 30.01.2025 तक शिकायत निवारण पदाधिकारी (अंचल अधिकारी, बिश्रामपुर) के कार्यालय में दावा/आपत्ति कर सकते है।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर में संपर्क किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 344909 (District)24-25*D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

सदर थाना कांड सं0–68 / 2024, दिनांक–12.07.2024 धारा 309(4) / 312 बी0एन0एस0 2023 के अप्रा0 अभियुक्त 1. जग्गू राम उर्फ जग्गा, पिता विजय राम, सभी पता पोखराहा कला टोला मटपुरी, थाना सदर जिला पलामू झारखण्ड के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर :– 9431706239
थाना प्रभारी, सदर – 9572428224

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 344908 Police (24-25)_D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................../ दिनांक.....................

आम सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) घटक– IV हेतु मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। शहरी स्थानीय निकाय में रहने वाले आवास विहिन वैसे योग्य लाभुक जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गये है, ऐसे सभी लाभुको को सूचित किया जाता है कि यदि वे योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक हैं तो सभी दस्तावेजो के साथ मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन पत्र दिनांक 31.01.2025 तक समर्पित कर सकते है।

**कौन कर सकते है आवेदनः–**

- आवेदक अथवा उसके परिवार के सदस्य के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का घर नहीं होना चाहिए।
- योजना से संबंधित लाभुको के परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम रू0 3 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते है।

**आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों का होना आवश्यक है:–**

- स्थल सहित परिवारिक फोटो।
- आवेदक/आवेदिका एवं उनके पति/पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति।
- आवेदक/आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
- आवेदक/आवेदिका के बैंक आकाउंट हेतु पासबुक की छायाप्रति।
- आवेदक/आवेदिका के आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
- भारत वर्ष में कही भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ–पत्र।
- भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र।
- अद्यतन होल्डिंग रसीद।
- आवेदन हेतु लाभुक का Active मोबाईल नम्बर आधार कार्ड से लिंक्ड हो।

Link to apply/QR code

ऑनलाईन आवेदन हेतु निर्धारित लिंक– https://pmaymis.gov.in/pmaymis2_2024PMAY_ SURVEY/EligiblityCheck.aspx अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें PMAY(U) कोषांग, मेदिनीनगर नगर निगम से सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोटः– सभी आवश्यक कागजात जाँचो परान्त स्थलीय जाँच की प्रक्रिया की जायेगी।**

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR344942 (District)24-25*D

Government of Jharkhand
Department of Women, Child Development and Social Security
Jharkhand Mantralay, Project Building, Dhurwa, Ranchi-834 004
Phone No. – 0651 – 2400757, Email ID – swdjharkhand@gmail.com

Notice

F. No. 03/स०क०–रा०बा०आ०–48 / 2006 (खण्ड–III)–230 Ranchi, Date - 22-01-2025

**Subject:** Appointment to the vacant positions of Chairperson and Member in Jharkhand State Commission for Protection of Child Rights (JSCPCR).

1. It is for the information of all concerned that Department of Women, Child Development and Social Security, Government of Jharkhand hereby invites online applications on JAP-IT Recruitment Portal (recruitment.jharkhand.gov.in) from eligible candidates, to fill up the vacant positions of Chairperson and Member in Jharkhand State Commission for Protection of Child Rights (JSCPCR).
2. A Notification No.-184 dated-20.01.2025 in this regard, including the Number of Vacant positions, Eligibility Requirements, Selection Process, Important Instructions to Candidates and the Structure of Application Form, is available on the website of Department of Women, Child Development and Social Security, Government of Jharkhand (http://jharkhand.gov.in/wcd) in recruitment section, for the reference of all the concerned.
3. It is also informed that only online applications will be accepted. Applications may be submitted on JAP-IT Recruitment Portal: - recruitment.jharkhand.gov.in within due date and time.
4. The receipt date of the online applications on (JAP-IT Recruitment Portal-recruitment. jharkhand.gov.in), to fill the vacant positions shall commence on 27.01.2025 and shall close on 10.02.2025.
5. The appointment made in reference to Department of Women, Child Development and Social Security, Government of Jharkhand Notification No.-229 dated-22.01.2025 will be affected by the order passed by Honorable Jharkhand High Court in the Petition No.- WP(s) No 916 of 2024 and WP(s) No 910 of 2024.

Sd/-
(Bikrama Ram)
Under Secretary, Department of Women, Child Development & Social Security, Jharkhand

PR.NO.344888 Women, Child Development & Social Security(24-25):D

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र स्थित करंज गाँव में एक दुखद घटना घटी, जहाँ 19 वर्षीय उमा कुमारी ने अपने ही घर के कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बीते रात की है, जब मृतका रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह होते ही जब परिजनों ने उमा के कमरे का दरवाजा देर तक नहीं खोला, तो उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। कई बार आवाज देने के बाद, परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां उमा कुमारी दुपट्टे के सहारे झूलती हुई पाई गईं। इसके बाद, आनन-फानन में परिजनों ने दुपट्टा काटकर उसे फंदे से नीचे उतारा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और युवती की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद, करंज थाना की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन आत्महत्या के कारणों का पता अभी तक नहीं चल पाया है। परिजनों के अनुसार, उमा कुमारी पूरी तरह से सामान्य थी और किसी प्रकार के मानसिक दबाव का सामना नहीं कर रही थी। उनके अचानक उठाए गए इस कदम ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# डीसी ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं की गहन समीक्षा की गई और त्वरित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत राशन और आधार कार्ड के मिसमैच को शीघ्र दूर करने और पीवीटीजी समुदाय के सभी ग्रामीणों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया जांच में जिले को राज्य में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखते हुए बची हुई आबादी की जांच तेज करने को कहा। साथ ही, सिकल सेल पीड़ित बच्चों को दिव्यांग प्रमाणपत्र देकर पेंशन और अन्य सुविधाएं शीघ्र प्रदान करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान ब्लड डोनेशन कैंप को बढ़ावा देने और ब्लड बैंक में रक्त की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही गई। उन्होंने हार्ड-टू-रिच इलाकों में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को सक्रिय करने और डायलिसिस सेंटर की सेवाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। ममता वाहन सेवाओं की स्थिति और गर्भवती महिलाओं के एएनसी चेकअप पर विशेष जोर दिया गया। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में पोषण ट्रैकर ऐप के अद्यतन पर बल दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों के पुनर्निर्माण और जर्जर केंद्रों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मातृ वंदना योजना और सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभार्थियों को जल्द लाभ दिलाने की बात कही गई। शिक्षा विभाग के संबंध में उपायुक्त ने आगामी इंटर और मैट्रिक परीक्षाओं के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने और बच्चों की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना और बिरसा आवास योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए लाभार्थियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। पेयजल एवं स्वच्छता के तहत नाडेप और सोक पिट निर्माण कार्य को गति देने और लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्रों को शीघ्र जमा करने की बात कही गई। सुदूरवर्ती गांवों को सड़क से जोड़ने के लिए नए क्षेत्रों की पहचान और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी गई। वहीं, पीवीटीजी डाकिया योजना और ग्रीन कार्ड वितरण की समीक्षा करते हुए राशन वितरण व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट करने और योजनाओं की धरातलीय स्थिति का निरीक्षण कर सुधारात्मक कदम उठाने को कहा। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने और जिले को राज्य का अग्रणी जिला बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ काम करने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय किसान मेला उन्नत तकनीकों और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते किसान

- *उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी का संदेश : उन्नत तकनीक अपनाने पर जोर*
- *स्टॉल और प्रदर्शनियों का अवलोकन*

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड (कृषि प्रभाग) के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि उत्पाद प्रदर्शनी 2025 गुमला के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मैदान में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और नई विधियों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ उन्नत तकनीकों को अपनाने की अपील की। उन्होंने जैविक खाद के उपयोग, विविध फसलों की खेती, और सोलर उपकरणों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। साथ ही, सरकारी योजनाओं और सब्सिडी का अधिकतम लाभ उठाने पर जोर दिया। उपायुक्त ने किसानों को सिंचाई के नए तरीकों और एफटीओ से जुड़ने की सलाह दी ताकि खेती को और लाभप्रद बनाया जा सके।

कृषि वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कम भूमि पर भी अधिक उत्पादन संभव है। उन्होंने पारंपरिक खेती में नवीन तकनीकों का समावेश कर किसानों को आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त करने पर जोर दिया।

मेला स्थल पर विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जहां किसानों को कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर ने स्टॉल का निरीक्षण कर किसानों के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, जिला कृषि पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत शिक्षक सहेंद्र प्रसाद सिंह की भावपूर्ण विदाई समारोह

**गुमला।** भरनो प्लस टू उच्च विद्यालय भरनो में बुधवार को शिक्षक सहेंद्र प्रसाद सिंह के सेवानिवृत्त होने पर एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए विदाई गीत गाए और शिक्षक को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की एचएम, वरदानी टोप्पो ने कहा कि विदाई की घड़ी हमेशा दुखदाई होती है, लेकिन इसे हम सभी को स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने सहेंद्र प्रसाद सिंह के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त शिक्षक सहेंद्र प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम में भावुक होते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन के अमूल्य समय इस विद्यालय में बिताए हैं और यहाँ के सभी कर्मचारियों और छात्रों से हमेशा सहयोग और स्नेह प्राप्त किया।

## न्यूज बॉक्स

### स्वास्थ्य मेला का आयोजन, टीबी जागरूकता पर विशेष जोर



**गुमला।** बुधवार बिशुनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर गणेश ने 100 दिवसीय टीबी अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिए। स्कूल के बच्चों के साथ टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु शपथ लिए गए। इस स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां संबंधित बीमारियों की निःशुल्क जांच और दवा वितरण की गई। टीबी विभाग के स्टॉल में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम ने टीबी से संबंधित जानकारी प्रदान की और 7 दिसंबर से चल रहे 100 दिवसीय अभियान के महत्व को बताया। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस शिविर का लाभ उठाकर टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म करने में सहयोग करें। मेले में पिरामल संस्था के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी संजीत एक्का ने भी टीबी जागरूकता के प्रति उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है। उन्होंने लोगों से टीबी के लक्षण पहचानने, समय पर जांच कराने और दवा का पूरा कोर्स पूरा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और पिरामल जैसे संस्थान इसके उन्मूलन के लिए लगातार प्रयासरत हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य के बीपीयम मुकेश कुमार मिश्रा, एसटीएस और पिरामल स्वास्थ्य के रुद्र प्रताप टीबी के इलाज और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### गुमला में सड़क सुरक्षा माह के तहत निकाली गई जागरूकता रैली



**गुमला।** सड़क सुरक्षा माह (01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025) के तहत आज दिनांक 22 जनवरी 2025 को एसएस +2 हाई स्कूल, गुमला के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। बड़ी संख्या में शामिल छात्रों ने हाथों में सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन लिखे बैनर और पोस्टर लेकर आमजन को जागरूक किया। रैली में 'रोड में रोको टोको' और 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' जैसे नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक करना था। छात्रों को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, मोबाइल का प्रयोग न करने, और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह और सड़क सुरक्षा टीम ने जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के पीछे तेज गति, लापरवाही, और अल्कोहल का सेवन जैसे कारण प्रमुख हैं। बाइक चलाते समय हेलमेट न पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करना घातक साबित हो सकता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज को भी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के दौरान छात्रों ने सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की शपथ ली। सड़क सुरक्षा टीम ने छात्रों के साथ विचार-विमर्श करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम में मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की, सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, और रोड इंजीनियरिंग ऐनालिस्ट प्रणय कांशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चैतन्य वीर के नाबाद शतक से दुमका की शानदार जीत, चतरा को 7 विकेट से हराया

**गुमला।** शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार से शुरू हुए जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 क्रिकेट टूनामेंट में दुमका ने चैतन्य वीर के नाबाद शतक और शानदार गेंदबाजी की बदौलत चतरा को 7 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चतरा की शुरूआत खराब रही। टीम ने 28 रन पर अपने शीर्ष 5 विकेट गंवा दिए। हालांकि, शुभम मिश्रा (55) और भरत कुमार राणा (57) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर चतरा की टीम 43.3 ओवर में 189 रन का स्कोर खड़ा कर सकी। दुमका के लिए चैतन्य और विभू ने 3-3 विकेट चटकाए, जबकि आर्या चक्रवर्ती ने 2 विकेट और करण व लक्ष्मण ने 1-1 विकेट लिया। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुमका की टीम ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। चैतन्य वीर ने 17 चौकों की मदद से 103 रनों की नाबाद पारी खेली। करण ने 22 और आयुष ने 18 रन का योगदान दिया। चतरा के नैतिक और कुंदन ने क्रमशः 2 और 1 विकेट हासिल किए। चैतन्य वीर को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उन्हें 5,000 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में टीआरडीओ राजेश झा, एलओ अवधेश कश्यप, अंपायर रमेश कुमार और स्कोरर शशिभूषण मिश्रा मौजूद थे।

## कार्यालयः–जिला अभियंता, लातेहार।

**अति अल्पकालीनई–निविदा आंमत्रण सूचना**

ई0–संख्या–ZP/LATEHAR- 24/2024-25 (5th call)

1. कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत बरवाटोली ग्राम बेलंगा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–25.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–31.01.2025, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–03.02.2025 अपराहन 02:00बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवंअग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या–**6205276661**
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकतीहै।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य नहीं है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में BCD/RCD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार।

PR 344903 (Rural Development) 24-25 (D)

## कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका) –सह–उपायुक्त, लातेहार (पंचायत शाखा)

**आम सूचना**

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 40 दिनांक 13.01.2025 के आलोक में आगामी नगर पालिका आम निर्वाचन–2025 के निमित लातेहार नगर पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) मतदान केन्द्र भवनों को चिन्हित करते हुए एदत् संबंधी प्रारूप सूची का प्रकाशन सभी अभिहित स्थलों यथा नगर पंचायत कार्यालय लातेहार/अनुमण्डल कार्यालय, लातेहार/समाहरणालय, लातेहार के सूचना पट्ट सहित जिले के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। मतदान केन्द्रों की प्रकाशित सूची (प्रारूप) पर दिनांक 24.01.2025 तक संबंधित क्षेत्र के आमजनों से आपत्ति/सुझाव प्राप्त करना है।

एतद् द्वारा नगर पंचायत, लातेहार के सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त के आलोक में इस प्रकाशित मतदान केन्द्रों की सूची (प्रारूप) के विरूद्ध किन्हीं को आपत्ति या सुझाव देना है तो जिला पंचायत कार्यालय, लातेहार में दिनांक 24.01.2025 तक कार्यालय अवधि में अपना लिखित सुझाव/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। तदोपरांत आयोग के अनुमोदनोपरांत दिनांक 30.01.2025 को मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका) –सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 344900 Latehar(24-25)#D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 25/वर्ष 2024–25**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 30.01.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 31.01.2025 को 11.00 बजे अपराह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 31.01.2025 को 02:00 बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Deep Boring & Water Supply at Shelter Home Near Railway Station in ward no. 23 under medininagar municipal corporation | 365843 | 7320 | 1000 | दो माह |
| 2 | Construction of Road marking from (i) Bada Talab to Mahavir Mandir (ii) Sattar Seth Chowk to Zila School chowk (iii) Panchmuhan to Adhat Road (iv) Panchmuhan to Jay Bhawani Chowk (v) Pataka Chowk to hospital chowk (vi) Dharamsala to Engineering road (vii) Mahavir Mandir to Bata Road under medininagar municipal corporation | 403761 | 8080 | 1000 | दो माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 344905 District (24-25)D

## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

राज्य के नगर निकायों में पिछड़ा वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय स्तर पर डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद, लोहरदगा का डोर–टू–डोर सर्वे के उपरांत सर्वे रिर्पोट को नगर परिषद, लोहरदगा कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं लोहरदगा जिला के वेबसाईट (https://lohardaga.nic.in/) पर प्रकाशित किया गया है। आमजन से अनुरोध है कि प्रकाशित सर्वे रिर्पोट पर यदि कोई आपत्ति हो तो रिर्पोट प्रकाशित होने के 07 दिनों के अन्दर लोहरदगा जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति अवश्य दर्ज करायें ताकि आपत्ति का ससमय निराकरण किया जा सके।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR.NO.344883 Lohardaga(24-25):D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE OFFICER NAGAR PARISHAD GARHWA

Email:-eo.gharhwa.np@gmail.com

**Short Notice Inviting Tender Expression of Interest (EOI)**

No-04/2024-25

Tenders are invited from interested AWBI recognized NGO's /Animal Welfare Organizations for conducting Animal Birth Control and Anti Rabies Vaccination of stray dogs in Garhwa Nagar Parishad area Garhwa.

| Sl. No | Name of work | Cost of tender Fee(Nonrefundable) | EMD in form of DD | Tender Submission Date | Bid Opening Date | Date of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender for the award of contract for conducting Animal Birth Control and Anti Rabies Vaccination of stray dogs in various blocks of Garhwa Nagar Parishad area for 02 Year. | 10,000/- | 50,000/- | From 22.01.2025 to 29.01.2025 03:00 P.M | 30.01.2025 | 2 Years |

A) Following are the work to be carried out by the selected Agency / NGOs / Company
1. Scanned copy of Affidavit Annexure-I
2. Scanned copy of proof of recognition with Animal Welfare Board of India.
3. Scanned copy of Audited Balance Sheet for last 3 financial years.
4. Scanned copy of firm's PAN
5. The bidder must have at least two permissions for running dog birth control program in Jharkhand State (work order copy to be attached.)

B) The Agency NGO Company should have enough organizational set up and work force to carry out the above services.

C) Interested agency / NGO / should fully understand the importance and depth of the work assigned before applying.

Note:-
1. Cost of tenders and EMD should be in form DD in favor of Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa and payable at Garhwa.
2. Work will be awarded after Technical, Financial and final presentation (PPT)
3. Affidavit (ANNEXURE-I), Detailed Terms and condition (ANNEXURE-II) and further details can be seen on Notice board of Garhwa Nagar Parishad Office.

PR 344898 Urban Development(24-25)D

Sd/- Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa.

## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND (DISTRICT DEVELOPMENT SECTION)

RFP No. 01/2024-25 Date. 21.01.2025

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

**SELECTION OF ORGANISATION FOR THE ESTABLISHMENT AND RUNNING OF THE PLANNING AND MONITORING UNIT (PMU) UNDER THE DISTRICT MINERAL FOUNDATION TRUST,CHATRA**

The administrative body, i,e. the Managing Committee of District Mineral Foundation Trust, Chatra invites Technical and Financial Proposals from organizations of national and international repute for the establishment and running of **Planning and Monitoring Unit (PMU)** for increasing the efficiency and effectiveness of **District Mineral Foundation Trust (DMFT),** Chatra.

The RFP document shall be available from the office of the Deputy Development Commissioner, Chatra Jharkhand.

The RFP document is also available on Chatra district's website. The address of the website is https://chatra.nic.in/

Interested organizations are requested to submit the details to the undersigned as per the schedule indicated in the Fact Sheet or in person at the office of the **DMFT CELL, 2nd Floor, District Collectorate Office, Chatra** -825401.

| S.No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 22.01.2025 |
| 2 | Last date receipt of Technical and Financial proposal (Sealed Envelope) | 10.02.2025 Till 3.00 PM |
| 3 | Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | 11.02.2025 Time- 11.00 AM |
| 4 | Place of Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | Conference Hall, Collectorate Office, Chatra |
| 5 | Issue of Letter of Award | To be intimated to selected organization |

*NOTE:-*
1. The Deputy Development Commissioner, Chatra reserves the right to change any schedule. Please visit the website https://chatra.nic.in/ regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date mentioned in the Fact Sheet **Proposals that are received after the deadline will not be considered.**

DDC-Cum-Member Secretary
DMFT Chatra

PR 344859 (District)24-25*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरुषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पाएगी। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### महाकुंभ की भीड़ का संदेश

विश्व रिकॉर्ड वाली महाकुंभ की भीड़ में धर्म का नहीं पर्यावरण रक्षा का बड़ा संदेश छुपा है। कुंभ का महत्वपूर्ण पहलू नदियों के महत्व से जुड़ा हुआ समागम है। आज जब कुंभ जल में हम सब डुबकी लगा के तरना चाहते हैं, तो इन नदियों की पवित्रता और अस्तित्व बनाए रखना भी तो हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है।कुंभ आस्था, आत्मा, और आत्मीयता का सबसे बड़ा प्रतीक माना जा सकता है। करोड़ों लोग सदियों से इस पर्व को मनाते आ रहे हैं। यह केवल हिंदुओं के लिए धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि इसमें मानवता का सबसे बड़ा अंश निहित है। समुद्र मंथन की कथा और इससे जुड़े विचार इस बात के प्रतीक हैं कि कुंभ का अभिप्राय है-समागम, और समझ, जो मंथन से उत्पन्न हो, ताकि सभी मिलकर इस पर्व को सुरक्षित भविष्य के लिए चिंतन भी मानें। आज यह दुनिया का सबसे बड़ा पर्व माना जा सकता है, जहां हर वर्ग से आकर लोग सामूहिकता का परिचय भी देते हैं। कुंभ का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह नदियों के महत्व से जुड़ा हुआ समागम है। भारत के चारों प्रमुख कुंभ स्थलों (प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक) का संबंध नदियों से है। यह परंपरा समुद्र मंथन की गाथाओं से उत्पन्न हुई है, जिसमें जल को सबसे बड़ा तत्व माना गया है। जल न केवल हमारे शरीर का मुख्य घटक है, बल्कि पृथ्वी और समुद्र का भी मुख्य आधार है। यह जीवन का आधार है। इसे ऐसे भी समझ सकते हैं कि जब भी ब्रह्मांड के अन्य ग्रहों में जीवन की खोज की जाती है, तो हर ग्रह पर सबसे पहले जल की संभावना को तलाशा जाता है, क्योंकि जहां जल है, वहां जीवन है। यह भी सच है कि कुंभ की परिकल्पना सिर्फ एक धर्म विशेष के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए की गई थी। यह विचार 'यत पिंडे, तत ब्रह्मांडे' के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका अर्थ है कि जो हमारे शरीर में है, वही ब्रह्मांड में है। और हमारे शरीर में सबसे ज्यादा जल ही है, जो पृथ्वी में भी है।आज के समय में कुंभ को वर्तमान संदर्भों में देखने की आवश्यकता है। यह पर्व नदियों के सानिध्य में मनाया जाता है, लेकिन नदियों के हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। अगर नदियां हमारे साथ नहीं रहीं, तो कुंभ के महत्व को भी ग्रहण लगेगा। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक के जीवन में नदियां प्रमुख भूमिका निभाती हैं। इन नदियों में स्नान कर मोक्ष प्राप्ति की कल्पना की जाती है। लेकिन आज गंगा, यमुना और अन्य नदियों की स्थिति चिंताजनक है, जिनसे तरना कल कठिन हो जाएगा। आजकल की खबर है कि संगम के आगे पीछे नदियां मैली हैं और त्वचा से संबंधित शिकायतें भी आ रही हैं। चाणक्य ने कहा था, 'क्लो दश सहस्स्त्राणी हरीस्तये जयती, तदर्थ जानवी तोयम तदर्थ ग्राम देवता' अर्थात कलयुग के दस हजार वर्ष पूरे होने पर विष्णु साथ छोड़ देंगे और उसके आधे में गंगा विलुप्त होना शुरू करेगी और उसके भी आधे में ग्राम देवता। और यह सब चाणक्य के लिए इसलिए कहना संभव था, क्योंकि वह मनुष्य की प्रवृत्ति को समझते थे। आज का सवाल ही यह है कि क्या हम इन नदियों को बचा पाएंगे?

*कुंभ का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह नदियों के महत्व से जुड़ा हुआ समागम है।*

# संपत्ति कार्ड : सह-स्वामित्व से होगा महिलाओं का सशक्तिकरण

18 जनवरी, 2025 को लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण, ग्रामीण सशक्तिकरण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह पहल, संपत्ति के अधिकारों को मजबूत करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक समृद्ध और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। ऐतिहासिक रूप से, भारत में ग्रामीण महिलाएँ कृषि, घरेलू प्रबंधन और सामुदायिक जीवन का केंद्र रही हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रणालीगत बाधाओं ने उन्हें उस भूमि की कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया है, जिस पर वे खेती करती हैं और जिसकी देखभाल करती हैं। इस असमानता ने महिलाओं की वित्तीय संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता तक पहुँच को बाधित कर दिया है, जिससे आर्थिक और लैंगिक असमानताएँ अभी तक मौजूद हैं।



स्वामित्व योजना आधिकारिक तौर पर महिलाओं को भूमि के सह-स्वामी के रूप में मान्यता देकर इस आख्यान को नया रूप दे रही है। यह परिवर्तनकारी पहल, महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की सुविधा देती है तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। यह लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत में, भूमि स्वामित्व वित्तीय मूल्य से परे है - यह सामाजिक स्थिति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। संपत्ति के अधिकार के बिना, महिलाओं को अक्सर वित्तीय अस्थिरता, विस्थापन और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कानूनी भूमि अधिकार प्रदान करके, स्वामित्व योजना महिलाओं को भूमि उपयोग, पहुँच और संसाधनों के संबंध में सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है।

योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है - महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू-स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह-स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने महिलाओं को संपत्तियों का सह-स्वामी बनने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप, महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से या पूर्ण स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों का प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 16% से बढ़कर 88% हो गया। इस बदलाव ने महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ-साथ संपत्ति विवादों को कम करने और आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के प्रति सशक्त बनाया है। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, राज्य के भू राजस्व संहिता के तहत सह-स्वामी के रूप में महिलाओं को शामिल करने के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। हरदा की श्रीमती शालिया सिद्दीकी जैसी महिलाओं ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त करने से कैसे उनकी भूमि सुरक्षित हुई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी समर्थन प्राप्त हुआ। इस सशक्तिकरण ने ऋण, कृषि सहायता और अन्य वित्तीय संसाधनों तक पहुँच को सक्षम किया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

आज की बात



**सुशील कुमार लोहानी**
अपर सचिव, पंचायती राज मंत्रालय

वित्तीय और कानूनी सशक्तिकरण से परे, यह योजना एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि है। कई महिलाओं के लिए, संपत्ति का स्वामित्व परिवारों और समुदायों में सुरक्षा, मान्यता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। यह उन सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देता है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को संपत्ति से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखा है। इस योजना के जरिये महिलाओं को घरेलू और सामुदायिक शासन में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है। भूमि अधिकारों को सुरक्षित करके, स्वामित्व योजना गहरी जड़ें जमाए लैंगिक पूर्वाग्रहों का समाधान करती है और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है। कानूनी मान्यता परिवारों और समाज के भीतर उनकी स्थिति को मजबूत करती है, घरेलू संसाधनों पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है और संपत्ति विवादों के दौरान विस्थापन या अधिकारों के उल्लंघन के जोखिम को कम करती है। वित्तीय या व्यक्तिगत संकट के दौरान, भूमि स्वामित्व एक अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करता है, जो महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने और अपनी आजीविका सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है।

इसके अलावा, यह योजना संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है, विशेष रूप से लक्ष्य 1, जिसका उद्देश्य गरीबी को समाप्त करना है, और उप-लक्ष्य 1.4.2, जो महिलाओं सहित कमजोर समूहों के लिए कार्यकाल सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर देता है। महिलाओं को संपत्ति के मालिकों के रूप में मान्यता देकर, स्वामित्व योजना इन वैश्विक लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती है तथा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देती है। सुरक्षित भूमि अधिकारों के लाभ व्यक्तिगत घरों से आगे जाते हैं। जिन महिलाओं के पास भूमि का मालिकाना हक़ होता है, वे वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने, अपने परिवारों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने और लैंगिक हिंसा को कम करने की दृष्टि से बेहतर स्थिति में होती हैं। सशक्त भूमि मालिक आर्थिक विकल्पों पर स्वायत्तता प्राप्त करते हैं, उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार होता है और वे सामुदायिक मामलों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इससे एक क्रमिक प्रभाव पैदा होता है, महिलाएँ अपने समुदायों में फिर से निवेश करती हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करती हैं और सतत विकास को बढ़ावा देती हैं। इस योजना की सफलता महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है, जहाँ इसके कार्यान्वयन के ठोस लाभ सामने आये हैं। 13 राज्यों ने पहले ही संपत्ति में महिलाओं के सह-स्वामित्व को अपना लिया है, उम्मीद है कि अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे, जिससे ग्रामीण भारत में इस योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव का विस्तार होगा। योजना के कार्यान्वयन ने 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। 67,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 3.17 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। इस व्यापक मानचित्रण से अनुमान लगाया गया है कि भूमि का आर्थिक मूल्य 132 लाख करोड़ रुपये है, जो योजना की ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को बदलने की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

## देश में प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही जानलेवा 'चाईना डोर'

विश्व के सबसे बड़े बाज़ार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले भारत में चीन जैसे पड़ोसी देश के अनगिनत उत्पाद पटे पड़े हैं। शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जिससे संबंधित सामग्री चीन निर्मित न कर रहा हो और भारत सहित पूरी दुनिया को उनकी आपूर्ति न कर रहा हो। छोटी से छोटी मामूली चीज़ों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फ़ोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाज़ार में भरे पड़े हैं वहीं चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली,नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट, मशीनरी, कांच, पत्थर, प्लास्टिक, खिलौना, कपड़ा, बर्तन, क्रॉकरी, फ़र्नीचर, हार्डवेयर, आतिशबाज़ी, धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र, फ़ोटो फ्रेम, नज़र बट्टू, कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है 'चाईना डोर'। 'चाईना डोर' का प्रयोग पतंगबाज़ी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाज़ी के लिये प्रसिद्ध है। वसंत पंचमी जैसे अनेक त्योहारों पर तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और इसके अलावा छुट्टियों के दिनों में तमाम लोग अपने फ़ुर्सत के लम्हे पतंगबाज़ी कर बिताना चाहते हैं। चीन जहाँ भारत को तरह तरह की रंग बिरंगी छोटी बड़ी पतंगें निर्यात करता है वहीं पतंग उड़ने में प्रयोग किया जाने वाला डोर/मांझा भी चीन से ही आता है। दरअसल पतंगबाज़ी में प्रयुक्त मांझा जो भारत में भी बनता है उसमें भी कुशाग्रता अथवा धार पैदा करने के लिये उसमें पिसे हुये कांच का पाउडर मिलाया जाता है। और भारत में चाईना डोर के आने की शुरुआत से पहले भी पतंग उड़ाने वाले मांझे में उलझकर अनेक लोग जख़्मी हो जाते थे। परन्तु आख़िरकार वह भारतीय मांझा टूट जाया करता था। लेकिन जबसे भारतीय बाज़ार में चाइनीज़ मांझों ने अपनी दस्तक दी है तब से तो पतंगबाज़ी मनोरंजन से अधिक दहशत भरे व जानलेवा मनोरंजन के रूप में जाना जाने लगा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**निर्मल रानी**

सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष में

# नए भारत को युवाओं के शिक्षा कौशल पर ध्यान देना होगा

सुभाष चंद्र बोस, जिन्हें "नेताजी" के नाम से जाना जाता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक ऐसे नायक थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प, और राष्ट्रभक्ति से देश को स्वतंत्रता की दिशा में प्रेरित किया। हर साल 23 जनवरी को उनकी जयंती को "पराक्रम दिवस" के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उनके विचारों और आदर्शों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था। उनके पिता जानकीनाथ बोस एक प्रतिष्ठित वकील थे। सुभाष बचपन से ही प्रतिभाशाली और राष्ट्रप्रेमी थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कटक और फिर कोलकाता में पूरी की। भारतीय सिविल सेवा (ICS) की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त करने के बावजूद, उन्होंने ब्रिटिश सरकार की सेवा करने से इनकार कर दिया और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी का निर्णय लिया। सुभाष चंद्र बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सक्रिय नेता थे। 1938 में, वे हरिपुरा अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष बने और भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने क्रांतिकारी विचारों को प्रस्तुत किया। हालांकि महात्मा गांधी से उनके विचारों में भिन्नता थी, फिर भी उन्होंने देश के हित को सर्वोपरि रखा। नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया और "दिल्ली चलो" का नारा दिया। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष का मार्ग चुना और जापान तथा जर्मनी जैसे देशों से सहयोग प्राप्त किया। उनका नेतृत्व भारतीय सैनिकों के लिए प्रेरणादायक था। "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।" "स्वतंत्रता बलिदान मांगती है।" ये नारे न केवल आजादी के समय बल्कि आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। नेताजी का मानना था कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता का भी प्रतीक होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, कौशल, और चरित्र निर्माण का महत्व समझाया और राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि माना। नेताजी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की नींव माना। उनका कहना था कि युवा अगर संगठित और अनुशासित हों, तो कोई भी शक्ति भारत को प्रगति के मार्ग पर बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव का कड़ा विरोध किया और एक समान और न्यायपूर्ण समाज की वकालत की। नेताजी ने कहा, "धर्म किसी का निजी मामला है, इसे राष्ट्र से जोड़ना गलत है।" उन्होंने सभी धर्मों और समुदायों के बीच एकता और भाईचारे पर जोर दिया।

आज के समय में सुभाष चंद्र बोस के विचार और सिद्धांत भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। जब भारत आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में उन्नति कर रहा है, तब उनकी शिक्षाओं को अपनाना और उनके आदर्शों पर चलना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके विचार आत्मनिर्भर भारत की नींव रखते हैं, जो आज के समय में "मेक इन इंडिया" और "स्टार्टअप इंडिया" जैसे अभियानों के माध्यम से प्रकट होता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और प्रेरणा-स्रोत थे। उनका जीवन केवल देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष तक सीमित नहीं था, बल्कि वह भारत को एक मजबूत, स्वावलंबी और समृद्ध राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे। उनका मानना था कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है, और इसके लिए शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। उनकी जयंती के अवसर पर उनके विचारों और सिद्धांतों पर चर्चा करना अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि आज भी उनके विचार देश के विकास के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं।



आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक आचार्य, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला रांची विवि, रांची।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

रूप हजारों आग के, इसे न छेड़ें आप।
पता नहीं किस रूप में, लील जाय चुपचाप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस : पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे "भारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थान" का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है।

इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "नेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो।"

सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आईसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में, उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में 'स्वराज' नामक एक समाचार पत्र शुरू किया।

नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ़ एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नज़रबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ़ एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और ज़रूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था। उन्होंने घोषणा की, "मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा," यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आज़ादी के लिए सिर्फ़ शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के निर्माण के ज़रिए हो या आज़ाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के ज़रिए, बोस ने दिखाया कि आज़ादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की ज़रूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताए, "उनमें से सबसे प्रमुख कारण था - नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना।"

अलग बात



**गजेंद्र सिंह शेखावत**
केंद्रीय संस्कृति मंत्री

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ 2025 : सीएम योगी ने अपने मंत्रियों के साथ पवित्र संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**एजेंसी। महाकुंभनगर**



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसकी जानकारी सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तस्वीर शेयर करते हुए दी। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, ''तत्राभिषेकं यः कुर्यात् संगमे शंसितव्रतः। तुल्यं फलमवाप्नोति राजसूयाश्वमेधयोः॥ एकता, समता और समरसता के महासमागम, भारतीयता और मानवता के महोत्सव, महाकुंभ -2025, प्रयागराज में आज अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ पवित्र त्रिवेणी संगम में पावन स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती सभी का कल्याण करें। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में प्रवासी पक्षियों को दाना भी खिलाया। सभी त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए एक विशेष नाव पर सवार हुए। इसके पहले कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी और सभी मंत्री अरैल घाट से संगम के लिए रवाना हुए। रास्ते में साइबेरियन पक्षियों और मछलियों को दाना खिलाया। इसके बाद संगम में मुख्यमंत्री योगी और सभी मंत्रियों ने स्नान किए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मीटिंग के बाद बैठक में हुई चर्चा पर जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार को लेकर नई पॉलिसी बनाने पर चर्चा हुई, इस पॉलिसी में बड़े निवेश को आमंत्रित करने के लिए इंसेंटिव की चर्चा हुई है। इसके साथ ही युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट देने की बात पर मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा की गई है। कैबिनेट बैठक में बागपत, हाथरस और कासगंज में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। प्रयागराज के पास चार लेन ब्रिज बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

# वाराणसी, प्रयागराज सहित सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

- प्रयागराज विंध्य क्षेत्र व वाराणसी विंध्य क्षेत्र का गठन
- गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक
- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का भी विस्तार रीवा तक
- गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा
- यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा
- प्रयागराज, वाराणसी व आगरा के लिए बॉन्ड जारी किए जाएंगे

**प्रयागराज।** महाकुंभ में हुई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल, संगम के पास अरैल में भी एक सामानंतर पुल को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा वाराणसी, प्रयागराज सहित सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी व आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज समेत कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विंध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक करना शामिल है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोड़ने के लिए एक और चार लेन का पुल बनाया जाएगा। यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विंध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक सतत विकास बनाने के लिए, हम एक विकास क्षेत्र विकसित करेंगे। इसके बुनियादी ढांचे के लिए, गंगा एक्सप्रेस वे का विस्तार दिया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मिजार्पुर, भदोही से काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है, वाराणसी और चंदौली से, यह (गंगा) एक्सप्रेसवे सोनभद्र को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा। योगी ने कहा कि हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल बनेगा, अरैल में भी एक पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम हैं। इन तीनों के लिए बॉन्ड जारी किए जाएंगे। पिछले एक हफ्ते में 9.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है। प्रयागराज नगर निगम प्रयागराज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बॉन्ड जारी करेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवाचार, आविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरी कैबिनेट पहली बार महाकुंभ में मौजूद है। राज्य के विकास से जुड़ी नीतियों पर चर्चा हुई। प्रयागराज से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा तथा रोजगार नीति को पांच साल पूरे हो गए हैं। इसे नवीनीकृत किया जाएगा। अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए नए प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है।

## उपराष्ट्रपति ने आईआईडीएल के छात्रों से की बात

# दुख की बात है, लोग मर्यादा भूल गए हैं : जगदीप धनखड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**बोले उपराष्ट्रपति**
- लोकतंत्र का मंदिर बन गया है अखाड़ा
- गरिमा नाम की कोई चीज नहीं रही



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप (आईआईडीएल) के छात्रों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर विचार रखे। लोकतांत्रिक मूल्यों की वकालत करते हुए वर्तमान राजनीतिक हालातों पर नजर रखकर आगे बढ़ने की सलाह दी। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने संसद की कार्यवाही को बाधित करने वाले विपक्ष को भी खरी-खोटी सुनाई। उपराष्ट्रपति ने कहा, "ये दुख की बात है, लोग मर्यादा भूल गए हैं।

उन्होंने कहा, "लोकतंत्र का मंदिर अब अखाड़ा बन गया है। क्या कुछ देखने को नहीं मिल रहा है, क्या कुछ सुनने को नहीं मिल रहा है। मर्यादा शब्द ही लोग भूल गए हैं, गरिमा नाम की कोई चीज ही नहीं रही है। जिस तरह के दृश्य हम अपनी संसद में देखते हैं, वह निश्चित रूप से देश में किसी के लिए भी प्रेरणादायक नहीं है।"

उन्होंने आगे कहा, "हमें लोकतंत्र की जननी होने पर गर्व है, लेकिन जो देखने को मिल रहा है, उसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। देश में राजनीतिक माहौल बेहद चिंताजनक है। राजनीतिक दलों का आपस में कोई सार्थक संवाद नहीं है। वे राष्ट्रवाद, सुरक्षा या विकास के मुद्दों पर विचार-विमर्श नहीं करते हैं। टकराव का रुख मजबूत हो रहा है, अशांति को राजनीतिक रणनीति के तौर पर हथियार बनाया गया है। हर तरफ से जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जाता है, वह न केवल भारतीय मानस को कमजोर करती है, बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता को भी धूमिल करती है।"

इससे पहले जयपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि राजनीतिक विचारों में अंतर लोकतंत्र की खूबी है, लेकिन इसके लिए राष्ट्रहित की अनदेखी नहीं की जा सकती। हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम किसी भी हाल में राष्ट्रीयता को तिलांजलि नहीं देंगे।

अलग-अलग विचार रखना प्रजातंत्र के गुलदस्ते की महक है। राजनीतिक मतांतर प्रजातंत्र की खूबी है। व्यक्तिगत और राजनीतिक हितों के लिए राष्ट्रीय हित को छोड़ना उचित नहीं है। अगर राष्ट्रहित को सर्वोपरि नहीं रखा गया तो राजनीति में मतभेद राष्ट्रविरोधी हो सकते हैं। मेरा मानना है कि ऐसी ताकतें देश के विकास के लिए हानिकारक हैं।

## स्कूल के हेड मास्टर पर छेड़खानी का आरोप, ग्रामीणों ने किए हंगामे

**नवादा।** जिनके कंधों पर बच्चियों के भविष्य बनाने की जिम्मेदारी है, उन्हीं से आज बेटी सुरक्षित नहीं हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को नवादा में घटित हुई है।,जहां सर्व शिक्षा अभियान के तहत पकरीबरावां प्रखंड के कोनंदपुर गांव में स्थित सरदार पटेल इंटर विद्यालय में पढ़ने वाली एक छात्रा छेड़खानी का शिकार हुई है। छेड़खानी को अंजाम देने वाले बाहरी और स्कूल के छात्र नहीं हैं बल्कि स्कूल का प्रधानाचार्य है। इस घटना से छात्रा सहमी और डरी हुई है। नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के कोनंदपुर गांव में स्थित सरदार पटेल इंटर स्कूल के पढ़ने वाली एक छात्रा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय प्रसाद पर "बैड टच" का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए हड़कंप मचा दिया। पीड़िता का आरोप है कि स्कूल में पढ़ने वाली छात्रों को झांसा देकर प्रधानाचार्य गलत काम करने के लिए मजबूर करते हैं। कक्षा 9वीं की छात्रा के साथ अश्लील हरक़त से आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा किया। पीड़िता के मुताबिक स्कूल कैंपस में ही गुरु-शिष्या की मर्यादा को तार-तार कर दिया है। बताया जा रहा छात्रा किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर अपने घर तक पहुंची, जहां पीड़िता ने आपबीती परिजनों को सुनाई, जिसके बाद प्रधानाध्यापक की करतूत से आक्रोशित ग्रामीण थाने पहुंच कर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे।

# 29 को मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में 10 करोड़ श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी

**नवीन मेल संवाददाता**

- जूना अखाड़े में की जा रही फ्रांस, इटली, जापान व रूस के 5 हजार से ज्यादा भक्तों के लिए व्यवस्था

**प्रयागराज।** त्रिवेणी तट पर 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में बहुत ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेला प्रशासन के दावे के अनुसार इस स्नान पर्व में 7 से 10 करोड़ के लगभग श्रद्धालुओं व पर्यटकों के महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है। इसके मद्देनजर प्रशासन तैयारी में जुटा है। साधु-संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर अमृत स्नान के लिए आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि का कहना है कि अकेले उनके शिविर में इस पुण्य पर्व पर फ्रांस, इटली, जापान व रूस से पांच हजार से ज्यादा विदेशी भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। ये सभी भक्त 24 जनवरी से पहुंचने लगेंगे। विश्व बंधुत्व का भाव भारतीय संस्कृति का मूल है, जिसमें सभी तरह के भेद और विचारों का शमन हो जाता है। सनातन के गर्व, महाकुंभ पर्व पर शांति, मुक्ति और सद्भाव की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। यहां युद्धरत देशों यूक्रेन और रूस के नागरिक एक ही मंच पर एक साथ अपने गुरु के सानिध्य में विश्व शांति के लिए शिव नाम का जाप कर रहे हैं। रूस के नागरिक एंड्री का कहना है कि पहली बार वह त्रिवेणी संगम आए हैं। यहां इतने सारे लोगों को एक साथ देखकर आंखों को यकीन दिलाना मुश्किल है। गंगा में डुबकी लगाना एक रहस्य जैसा अनुभव है। एंड्री कहते हैं कि वह भगवान शिव के भक्त हैं और इसलिए वह विश्व की शांति की कामना के लिए अपने गुरु के चरणों में प्रार्थना करते हैं, सभी भेद अब मिट गए हैं। वहीं, यूक्रेन से आए ओली सिमोवा भी स्वामी विष्णुदेवानंद जी के शिविर में रूसी नागरिक एंड्री के साथ मिलकर शिव नाम का जाप करते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**वृष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनों के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**सिंह :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**धनु :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मकर :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मीन :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

# पीएम मोदी का 'आप' और केजरीवाल पर तंज, 'जनता जवाब दे रही, ये फिर खाएंगे'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय की बात कही। उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि ये 'आप' वाले आजकल नारे बुलवाते हैं कि 'फिर आएंगे, फिर आएंगे'। लेकिन, जनता इन्हें जवाब दे रही है कि 'ये फिर खाएंगे, फिर खाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली वाले 'आप' वालों की आप-दा और उनके झूठ एवं फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आप-दा वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि उनको रोज पराजय की नई-नई खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ रही है। लेकिन, अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गई है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में जो 'आप' वाले 'आपदा' लाकर बैठे हैं, उन्हें अपने हिस्से का जो पैसा दिल्ली की गलियों, सीवर सिस्टम बनाने, पार्क बनाने और स्वच्छता के लिए लगाना चाहिए था। लेकिन, इन आप-दा वालों ने अपना एक भी दायित्व दिल्ली में निभाया नहीं। झूठ के सहारे इनकी गाड़ी चल जाएगी, ये इसी भरोसे चलते रहे। पीएम मोदी ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के लिए कार्यकर्ताओं को टारगेट भी दिए। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सिर्फ विजय काफी नहीं है। हर बूथ दो लक्ष्य तय कर सकता है। पहला, मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे। पिछले 10 साल में जितना मतदान हुआ है, उससे ज्यादा मतदान हमारे बूथ में होगा।

## केजरीवाल को फ्री की राजनीति पर वोटों की रोटी सेंकनी बंद करनी चाहिए : अलका लांबा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अलका लांबा ने बुधवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, फ्री की योजनाएं जनता का हक है, ये हर सरकार करती है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनाव प्रचार के दौरान बयान दिया था कि अगर दिल्ली में 'आप' सरकार नहीं आई तो दिल्ली वासियों के लिए शुरू की गई फ्री की योजनाएं बंद हो जाएंगी।कांग्रेस प्रत्याशी अलका लांबा ने पलटवार करते हुए कहा, "उनको दिल्ली की जनता को डराना नहीं चाहिए। जनता को फ्री की योजनाएं न वो दे रहे हैं और न कोई दे सकता है, ये उनका अधिकार है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

**-ःनिविदा शुद्धि पत्रः-**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना–20/2024–25 जन सम्पर्क विभाग के PR 340491 (Building) (24-25):D से प्रकाशित जिसकी परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–25.10.2024 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–26.10.2024 था के क्रमांक संख्या–01 का परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–02.02.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–03.02.2025 को है।

अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 344901 (Building)24-25*D



**समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)**
Email - dprogarhwa84@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सदस्य सचिव, पिछड़ेवर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखण्डरॉंची का पत्रांक – 701/पि0,दिनांक– 03.12.2024. के आलोक में नगर निकाय क्षेत्रों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर – टू – डोर सर्वे गढ़वा नगरपरिषद् वर्ग (ख), मझिऑव नगरपंचायत एवं श्री बंशीधर नगरपंचायत क्षेत्र में पूर्ण करा लिया गया है। जिसके प्रारूप का प्रकाशन दिनांक – 21.01.2025 को गढ़वा जिलान्तर्गत सभी नगर निकाय क्षेत्रों में कर दिया गया है।

आम सूचना के क्रम में प्रारूप सर्वेक्षण सूची विनिर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त जिला पंचायत राज कार्यालय, संबंधित नगरपालिका कार्यालय, संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय में मतदाताओं के निरीक्षण हेतु दिनांक – 21.01.2023 से 28.01.2025 तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) 11:00 पूर्वाहन् बजे से 05:00 बजे शामतक रखीजाएगी। प्रकाशित प्रारूप सर्वेक्षण सूची के आधार पर प्राप्त दावा/ आपत्ति विहित प्रपत्र में दिनांक – 28.01.2025 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त की जाएगी।

प्रकाशित सर्वेक्षण सूची के आधार पर दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं इसके निष्पादन हेतु संबंधित नगरपालिका क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी, को प्राधिकृत किया जाता है।

संबंधित नगरपालिका क्षेत्र के आमजन से अनुरोध है कि दिनांक – 21.01.2025 को प्रकाशित प्रारूप सर्वेक्षण सूची के आधार पर यदि किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो, तो दिनांक – 28.01.2025 तक कार्यालय अवधि में उक्त कार्य हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी को विहित प्रपत्र में हस्तगत करा दिया जाय। उक्त निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार की दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, गढ़वा

PR 344894 Panchayati Raj(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –16/2024-25**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमान विपत्र की बिक्री की तिथि :– 29.01.2025 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.01.2025 (अपराहन 03.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.01.2025 (अपराहन 03.30 बजे)
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का सीनः–i.मुख्य अभियंता (या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची, इंजिनीयरिंग हास्टल, न0.02, धुर्वा, राँची।
ii.अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल,हजारीबाग।
iii.कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थानः– क्रमांक 5 पर वर्णित स्थान।
7. कार्य विवरणी :–

| क्र0. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सिमरिया–टण्डवा पथ के सेरेंगदाग बाजार के 20वें कि0मी0 में पथ के दोनो तरफ 500m पक्की RCC नाली निर्माण कार्य। | 49.50 | 5000=00 | 1,00,000=00 | 02 (दो) मांह |

निविदा की शर्तें WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट :– परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ भी सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि का आंकलन मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.344893 Road(24-25):D

## भारत बनाम इंग्लैंड अभिषेक शर्मा के लिए आखिरी मौका होगा : आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली।** मेजबान भारत के लिए यह निश्चित रूप से एक बदलाव का समय है क्योंकि वे विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना जीवन को समायोजित कर रहे हैं, जिन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीत के बाद सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया। अभिषेक शर्मा प्रतिस्थापन की शॉर्टलिस्ट में शामिल कुछ खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन राष्ट्रीय टीम के साथ अपने संक्षिप्त कार्यकाल में निरंतरता दिखाने में विफल रहे हैं। बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को मैदान के सभी हिस्सों की ओर हिट करने की उनकी क्षमता के लिए जाना जाता है। यह कौशल पूरी तरह से प्रदर्शित हुआ जब उन्होंने जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 में 47 गेंदों पर धमाकेदार शतक बनाया।

## किंग्समीड में बारिश के चलते मैच रद्द के बाद एमआई केपटाउन प्लेऑफ के करीब

**डरबन ।** मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पहली बार दक्षिण अफ्रीका 20 प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए एक और कदम आगे बढ़ा दिया है। किंग्समीड में डरबन सुपरजाइंट्स के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। मेहमान टीम ने दो अंक ले लिए, जिससे वह तालिका में शीर्ष पर स्थित पार्ल रॉयल्स के बराबर हो गई, जिसने अधिक जीत हासिल करके पहला स्थान बरकरार रखा है। इस बीच, डरबन के सुपर जायंट्स अपने दो अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर बने हुए हैं, जिससे उनके आठ अंक हो गए हैं। पिछले सीजन के उपविजेता को अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए आगे बढ़ने के लिए एक करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

# स्वीयाटेक ने नवारो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**मेलबर्न (आईएएनएस)**

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक बुधवार को 2022 यूएस ओपन जीतने के बाद से रौलां गैरो के बाहर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गईं। पांच बार की प्रमुख चैंपियन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में 89 मिनट में नंबर 8 एम्मा नवारो को 6-1, 6-2 से आसानी से हराया। स्वीयाटेक ने 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेला, जहां वह डेनियल कोलिन्स से हार गईं। स्वीयाटेक ने रैली को नियंत्रित करने और नवारो को कोर्ट के चारों ओर घुमाने के लिए अपने आक्रामक खेल का उपयोग किया। पहला सेट केवल 35 मिनट में जीतने के बाद, स्वीयाटेक को दूसरे सेट की शुरुआत में अधिक लगातार दबाव का सामना करना पड़ा। नवारो, जो लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने मैच का पहला ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया, जबकि स्वीयाटेक 2-2 पर सर्विस कर रही थीं। हालांकि, स्वीयाटेक ने उस अवसर को मिटा दिया और अगले गेम में वापसी की। कुल मिलाकर, नवारो दूसरे सेट में स्वीयाटेक को उनके तीन सर्विस गेम में ड्यूस करने में सक्षम थीं, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 1 ने दृढ़ निश्चय किया और अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना मैच पूरा किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी नंबर 14 मैडिसन कीज़ से होगा, जिन्होंने मेलबर्न में यूक्रेन की नंबर 28 सीड एलिना स्वितोलिना पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत के साथ अपने सातवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और अपने तीसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### सिंगल्स सेमीफाइनल गुरुवार शाम को **मेलबर्न पार्क** में खेले जाएंगे




डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार कीज़ ने 2025 की अपनी शानदार शुरुआत के दौरान अब लगातार दस मैच जीते हैं, उन्होंने पिछले सप्ताह एडिलेड में अपना नौवां करियर खिताब जीता था। कुल मिलाकर, वह इस सीजन में 12-1 से आगे हैं और उनकी एकमात्र हार ऑकलैंड में अंतिम चैंपियन क्लारा टॉसन से हुई थी। सिंगल्स सेमीफाइनल गुरुवार शाम को मेलबर्न पार्क में खेले जाएंगे। स्वीयाटेक और कीज़ का मुकाबला विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 12 पाउला बडोसा के बीच पहले सेमीफाइनल के बाद होगा। अगर सबालेंका और स्वीयाटेक शनिवार के फाइनल में पहुंचती हैं, तो यह मुकाबला तय करेगा कि मेलबर्न पार्क से वर्ल्ड नंबर 1 के रूप में कौन निकलता है।

## घरेलू मुकाबले में हमें युवाओं को तैयार करने में मदद मिलेगी : रोहित राजपाल




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल के अनुसार, भविष्य के डेविस कप सितारों को तैयार करने के लिए घरेलू मुकाबले से बेहतर कुछ नहीं है और टोगो के खिलाफ आगामी मुकाबला ऐसा करने का एक अच्छा अवसर है। डेविस कप, जो 1-2 फरवरी को खेला जाएगा, की पांच सदस्यीय टीम में शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन, करण सिंह, एन.श्रीराम बालाजी और ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली शामिल हैं। भारत के शशिकुमार मुकुंद 368वें नंबर पर इस मुकाबले में सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी होंगे। लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ खेलने के बाद वे टीम में वापसी कर रहे हैं। कप्तान राजपाल इस बात से खुश हैं कि भारत को 2024 के अपने दोनों मैच घर से बाहर खेलने के बाद घर पर खेलने का मौका मिलेगा।

## **ऑस्ट्रेलियन ओपन :** शेल्टन ने सोनेगो को हरा दूसरे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया



**मेलबर्न ।** अमेरिकी युवा खिलाड़ी बेन शेल्टन, बुधवार को लोरेंजो सोनेगो के खिलाफ एक संघर्षपूर्ण जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंच गए, जो उनके करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है। 22 वर्षीय अमेरिकी, जो 2023 में अपने घरेलू मेजर में अंतिम चार में पहुंचे थे, मेलबर्न में रॉड लेवर एरिना में 6-4, 7-5, 4-6, 7-6(4) की जीत के बाद खिताब से दो जीत दूर हैं। एटीपी के अनुसार, शेल्टन फ्रांसेस टियाफो के बाद कई प्रमुख सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सक्रिय अमेरिकी व्यक्ति हैं, और टॉमी पॉल के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अपने देश के दूसरे सक्रिय खिलाड़ी हैं। बेसलाइन से शेल्टन के धैर्य ने पहले दो सेटों में रंग दिखाया, क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने अपने बाएं हाथ के फोरहैंड को कुशलता से इस्तेमाल करने और नेट पर फिनिश पॉइंट बनाने के लिए अपने पलों को चुना।

## 2025 सीजन में रैंकिंग में बड़ा सुधार चाहते हैं किदांबी श्रीकांत



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूर्व विश्व नंबर 1 और विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने 2025 सीजन के लिए अपनी योजनाओं को साझा करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य रैंकिंग में शीर्ष 25 में वापस आना है और आगामी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने पर उनका ध्यान केंद्रित है। पिछले साल नवंबर में हैदराबाद में स्टाइलिस्ट श्रव्या वर्मा से शादी करने वाले श्रीकांत का पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा। वह पिछले साल ओलंपिक में भी हिस्सा नहीं ले पाए थे। 2024 में 14 टूर्नामेंटों के दौरान, वह छह स्पर्धाओं के पहले दौर में बाहर हो गए और तीन बीडब्ल्यूएफ स्पर्धाओं में दूसरे दौर में हार गए। श्रीकांत, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर हैं, ने आईएएनएस से कहा, "2025 में (मेरा लक्ष्य) निश्चित रूप से फिर से कम से कम शीर्ष 20-25 (रैंकिंग में) में वापस आना होगा और फिर टूर्नामेंट जीतने की कोशिश करनी होगी तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी के लिए 2025 सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि उन्हें इंडिया ओपन, सुपर 750 इवेंट के पहले दौर में ही बाहर होना पड़ा, क्योंकि उन्हें चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त शि युकी और इंडोनेशिया के आठवें वरीयता प्राप्त एंथनी गिंटिंग के हटने के कारण मुख्य ड्रॉ में देर से प्रवेश मिला था। हालांकि, मंगलवार को शुरू हुए इंडोनेशिया मास्टर्स में श्रीकांत को क्वालीफिकेशन राउंड में साथी भारतीय आयुष शेट्टी के हाथों सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा और वह मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में असफल रहे।

## खेल मंत्री ने खो-खो विश्व कप विजेताओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को भारतीय पुरुष और महिला खो खो टीमों को सम्मानित किया, जिन्होंने पहली बार विश्व कप में इतिहास रच दिया। मेजबान भारत ने 19 जनवरी को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में पहला खिताब जीतकर टूर्नामेंट में दोहरी खुशी मनाई। दोनों टीमों ने अपने-अपने फाइनल में नेपाल को हराया। पुरुष और महिला खो खो टीमों की पूरी टीम के साथ-साथ कोच, भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अन्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे। मांडविया ने एक्स पर पोस्ट किया, "आज, मैं भारतीय पुरुष और महिला टीमों से मिला, जिन्होंने पहला खो-खो विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। भारत के पारंपरिक खेल को विश्व स्तर पर गौरव दिलाने के लिए दोनों टीमों को बधाई और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं। पूरे देश को आप सभी पर गर्व है। देश में पारंपरिक खेलों के पुनरुत्थान के बारे में बात करते हुए मांडविया ने कहा, "पारंपरिक खेल लचीलापन, सामुदायिक भावना और सबसे महत्वपूर्ण बात, हमारे पारंपरिक खेल मूल्य को बनाए रखते हैं। दुनिया को इन पारंपरिक खेलों की समृद्धि से बहुत कुछ सीखना है।" उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर कहा है कि हमें पारंपरिक खेलों को सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करना है। अब हमारी टीमें न केवल सर्वश्रेष्ठ अवसर प्राप्त कर रही हैं, बल्कि शानदार प्रदर्शन भी कर रही हैं। मैं अपने खिलाड़ियों की भावना और दोनों टीमों के पारंपरिक कौशल की सराहना करता हूं।" 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत ने बोली लगाई है, जिसके लिए सभी हितधारकों से जीत का सिलसिला जारी रहना चाहिए, जिसका नवीनतम लक्ष्य एशियाई खेल 2026 है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान का बहिष्कार समस्या का हल नहीं : बटलर

**कोलकाता (आईएएनएस)**



अगले महीने चैंपियंस ट्रॉफ़ी में इंग्लैंड की अफ़ग़ानिस्तान के साथ होने वाली भिड़ंत पर इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि अफ़ग़ानिस्तान का बहिष्कार करना समस्या का समाधान है। 26 फ़रवरी को लाहौर में खेला जाने वाला यह मुक़ाबला लेबर पार्टी से सांसद टोनिया एंटोनियाज़ी द्वारा ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड को लिखे पत्र के बाद राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है, जिसमें कहा गया था कि अफ़ग़ानिस्तान में 14 मिलियन महिलाएं सत्तारूढ़ तालिबान द्वारा भेदभाव का शिकार हो रही हैं। एंटोनियाज़ी द्वारा लिखे पत्र में 160 ब्रिटिश सांसदों ने भी हस्ताक्षर किए थे और उसमें इंग्लैंड के ख़िलाड़ियों से तालिबान के तहत अफ़ग़ानिस्तान में महिलाओं के ख़िलाफ़ हो रहे अत्याचार और दुर्व्यवहार पर बोलने के लिए आग्रह किया गया था। अफ़ग़ानिस्तान में 2021 से ही महिलाओं पर खेल में भागीदारी लेने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। पत्र में कहा गया था कि बहिष्कार से यह संदेश स्पष्ट तौर पर जाएगा कि इस तरह के अमानवीय व्यवहार को किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। हालांकि गोल्ड ने इस मांग को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में अलग-अलग देशों की एकतरफ़ा कार्रवाई के बजाय आईसीसी के नेतृत्व में तमाम देशों के बीच सामंजस्य स्थापित कर कोई फ़ैसला लेने की आवश्यकता है।



### केंद्र सरकार ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा

# कच्चे जूट की एमएसपी बढ़ाई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान कई बड़े फैसले लिए गए। केंद्र सरकार ने कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 315 रुपए की बढ़ोतरी की है। वर्ष 2025-26 के विपणन सत्र के लिए इसे 5,650 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि कैबिनेट में आज दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। पहला रॉ जूट की एमएसपी को लेकर है। कैबिनेट ने कच्चे जूट के लिए एमएसपी 5,650 रुपए प्रति क्विंटल (विपणन सीजन 2025-26 के लिए) को मंजूरी दे दी है। पीयूष गोयल ने आगे कहा कि मोदी सरकार सीएसीपी की सिफारिशों के आधार पर लगातार एमएसपी बढ़ा रही है। जब से एमएसपी को 50 फीसदी से ज्यादा तय करने का फैसला लिया गया है, तब से इसका विधिवत पालन किया जा रहा है। इसके आधार पर वर्ष 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट के एमएसपी में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में जूट के कम उत्पादन पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा, उत्पादन का फैसला किसानों के अपने हितों के आधार पर होगा। जूट का उत्पादन कई तरह की स्थितियों पर आधारित है और इसे एक टिकाऊ उत्पाद के रूप में स्वीकृति मिल रही है। हमने किसानों को जूट उत्पादन के लिए लगातार प्रोत्साहित किया है और हम एमएसपी पर खरीद का आश्वासन देते हैं। हालांकि, जूट का उत्पादन किसानों की अपनी रुचि पर निर्भर करेगा कि उन्हें किस उत्पाद से सबसे अच्छा मूल्य मिलता है। इस साल एमएसपी में की गई बढ़ोतरी 2024-25 सीजन से भी ज्यादा है, जिसका उद्देश्य भारत में जूट उत्पादन को बढ़ावा देना है। पिछले साल कच्चे जूट के एमएसपी में 285 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, जो 2024-25 सीजन के लिए 5,335 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई थी।

**40** लाख किसान परिवारों की आजीविका जूट उद्योग पर निर्भर

**82** प्रतिशत जूट किसान पश्चिम बंगाल से, शेष असम व बिहार के

## आईटी के दम पर उछला बाजार, सेंसेक्स 566 अंक बढ़ा



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार के मुख्य सूचकांकों में खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 566 अंक या 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,404 और निफ्टी 130 अंक या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 23,155 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी की वजह आईटी शेयरों में खरीदारी होना था। इन्फोसिस 3.16 प्रतिशत, टीसीएस 2.97 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 2.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ सेंसेक्स के टॉप तीन गेनर्स थे। वहीं, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, एसबीआई और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 721 अंक या 1.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,113 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 283 अंक या 1.63 प्रतिशत गिरकर 17,172 पर बंद हुआ। व्यापक बाजार का रुझान नकारात्मक था। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,153 शेयर हरे निशान में और 2,791 शेयर लाल निशान में और 115 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। गिरने वाले शेयरों की संख्या अधिक होने के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट 3 लाख करोड़ रुपए गिरकर 421 करोड़ रुपए रह गया है, जो कि मंगलवार को 424 लाख करोड़ रुपए पर था।

आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा और प्राइवेट बैंक सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। ऑटो, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में दबाव देखा गया।

## रोबोटिक्स की विकसित भारत के लक्ष्य में अहम भूमिका : नरोत्तम साहू

- कहा, रोबोट वह कार्य कर सकते हैं जो मानव से संभव नहीं

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**



गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में सलाहकर नरोत्तम साहू ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रोबोटिक्स की अहम भूमिका होगी। रोबोफेस्ट गुजरात 4.0 के साइडलाइन में समाचार एजेंसी आ ई ए ए न ए स से बातचीत करते हुए साहू ने कहा कि इस बार अंडरवाटर रोबोट की कैटेगरी भी रोबोफेस्ट में जोड़ी गई है। इस तरह के रोबोट का इस्तेमाल पानी के अंदर राहत-बचाव कार्य करने, रिस्क ऑपरेशन और ऐसे कार्य करने के लिए किया जाता है, जो मानव द्वारा संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि 19 बड़ी संस्थाओं की टीमें यहां अपने प्रोजेक्ट दिखा रही हैं। छात्रों की भी इस इवेंट में बढ़-चढ़कर भागीदारी देखने को मिल रही है। इस प्रतियोगिता में फर्स्ट प्राइज 10 लाख रुपए, सेकंड प्राइज 7.5 लाख रुपए और थर्ड प्राइज 5 लाख रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता का कुल प्राइज 5 करोड़ रुपए है। गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित रोबोफेस्ट गुजरात 4.0, भारत की सबसे बड़ी रोबोटिक्स प्रतियोगिता है। इसमें अपने रोबोट प्रोटोटाइप को दिखाने के लिए देशभर की बड़ी यूनिवर्सिटी के तकनीकी पढ़ाई करने वाले छात्र भाग ले रहे हैं।

## भारत में लोग खरीद रहे हैं बड़े फ्लैट

**मुंबई (आईएएनएस)**




भारत में अब लोग पहले के मुकाबले बड़ा फ्लैट खरीदना पसंद कर रहे हैं। दरअसल, वर्ष 2024 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 8 प्रतिशत बढ़कर 1,540 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि वर्ष 2023 में 1,420 स्क्वायर फीट था। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एनारॉक ग्रुप ने कहा कि वर्ष 2024 में नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में औसत फ्लैट साइज 29 प्रतिशत बढ़कर 2,435 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि वर्ष 2023 में 1,890 स्क्वायर फीट था। इसकी वजह लग्जरी घरों की आपूर्ति बढ़ना है। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2019 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 1,145 स्क्वायर फीट था। इसमें पिछले छह वर्षों में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी के अनुसार, यह उछाल मुख्य रूप से पिछले एक साल में एनसीआर में नए लग्जरी हाउसिंग सप्लाई में हुई बढ़ोतरी के कारण है। उन्होंने आगे कहा, यहां के डेवलपर्स मांग पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उसके मुताबिक प्रोडक्ट्स तैयार कर रहे हैं। यही वजह है कि एनसीआर में 1.5 करोड़ रुपए और उससे ज्यादा कीमत वाले घरों में नई आपूर्ति में वृद्धि देखी गई है।

## ईपीएफओ ने जोड़े नवंबर महीने के दौरान 14.63 लाख सदस्य

**नई दिल्ली (हि.स.)**

रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नवंबर महीने में शुद्ध रूप से (नेट) 14.63 लाख सदस्य जोड़े हैं। पिछले महीने अक्टूबर, 2024 के दौरान ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्यों को जोड़ा था। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि ईपीएफओ ने नवंबर, 2024 में 14.63 लाख नेट सदस्यों को जोड़ा है, जबकि अक्टूबर, 2024 के दौरान ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्यों को जोड़ा था। इस तरह ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या में शुद्ध 9.07 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, सालाना आधार पर नवंबर 2023 की तुलना में शुद्ध सदस्यों की संख्या में 4.88 फीसदी की वृद्धि है। अनंतिम पेरोल डाटा के अनुसार, ईपीएफओ ने नवंबर, 2024 में करीब 8.74 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। अक्टूबर, 2024 की तुलना में नए सदस्यों की संख्या में 16.58 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। नए सदस्यों के सालाना आधार पर विश्लेषण से पता चलता है कि नवंबर 2023 में पिछले वर्ष की तुलना में नए सदस्यों की संख्या में 18.80 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है।

**9.07** फीसदी की दर्ज की गई है वृद्धि

# श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

- *क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए आईएसओ 9001 : 2015*
- *एजुकेशनल ओरिगनाइजेशन मैनेजमेंट आईएसओ 21001 : 2018*
- *एनवायर्नमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम के लिए आईएसओ 14001 : 2015*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के मेयर्स रोड स्थित झारखंड की प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को उत्कृष्ट मैनेजमेंट के लिए आईएसओ सर्टिफिकेट से नवाजा गया है। आईएसओ के ये तीनों प्रमाण पत्र 17 जनवरी को प्राप्त हुए हैं। आईएसओ सर्टिफिकेट देने वाली संस्था क्वालिटी रिसर्च ऑगेर्नाइजेशन द्वारा श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आईएसओ का मूल्यांकन किया गया। जिसमे संस्थान को इन तीनों प्रमाण पत्रों के अनुरूप पाया गया। झारखंड के लिए हर्ष की बात है कि संस्थान को एक साथ आईएसओ के तीन प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं।

संस्थान द्वारा लोक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर कर रहे अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने, मानिकीकरण, पारदर्शिता, पाठ्यक्रम के मानक को उच्चतर बनाने के साथ ही प्रशिक्षण के दौरान उत्तम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आईएसओ 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम(विशिष्ट गुणवत्ता प्रबंधन) से नवाजा गया।

एजुकेशनल ओरिगनाइजेशन मैनेजमेंट के लिए से कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को आईएसओ 21001:2018 का प्रमाण पत्र मिला है। संस्थान द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षण शैली, विशाल पुस्तक संग्रह के माध्यम से गुणवत्तापरक परिणाम देने एवं बेहतरीन पाठ्यक्रम उपलब्ध करने के लिए दिया गया है। संस्थान द्वारा एक, दो एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। समय- समय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्य क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मियों एवं पदाधिकारियों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहे हैं।

श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को संस्थान में बेहतरीन वातावरण प्रबंधन उपलब्ध करने के लिए आईएसओ 14001:2015 का प्रमाण पत्र मिला है। संस्थान में ऊर्जा एवं पानी की बचत, बेहतरीन कचरा प्रबंधन के माध्यम से वातावरण प्रबंधन हेतु किए गए कार्यों और संस्थान परिसर में प्रदूषण रहित वातावरण हेतु इस प्रमाण पत्र से नवाजा गया है।

## भाजपा ने रिम्स की अव्यवस्था पर राज्य सरकार को घेरा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने राज्य की चिकित्सा व्यवस्था के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार रिम्स पार्ट-2 की नींव रखने की बात कर रही है जबकि रिम्स की मौजूदा स्थिति दिन-प्रतिदिन और भी बदतर होती जा रही है। महतो ने कहा कि राज्य सरकार को पहले रिम्स की वर्तमान व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना चाहिए, न कि नया प्रोजेक्ट सब्जबाग दिखाकर स्वास्थ्य क्षेत्र में कुव्यवस्था मुंह मोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिम्स की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। रिम्स में न दवाइयां और न ही बेड मिल पा रहे हैं। कई जांच मशीनें खराब पड़ी हैं। महतो ने रिम्स में हाल में हुई महिला के साथ दुष्कर्म की घटना पर भी चिंता जताते हुए कहा कि यह घटना यह साबित करती है कि रिम्स में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। महतो ने यह भी कहा कि रिम्स में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन भी समय पर नहीं मिल पाता, जिससे वहां काम करने वाले कर्मचारियों की स्थिति और भी खराब हो रही है।

### महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाई

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन बन गया है : अन्नपूर्णा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली/रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) ने बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना, जो लैंगिक असंतुलन को दूर कर बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, की 10वीं वर्षगांठके महत्वपूर्ण अवसर पर समारोह मनाया गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि बीबीबीपी के अंतर्गत स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुई प्रगति को रेखांकित किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की सफलता बाल लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव और लड़कियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में पर्याप्त सुधार से स्पष्ट है। भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक बालिका को वह देखभाल और अवसर प्राप्त हों जिसकी वह हकदार है ताकि वह भविष्य की नेता बन सके।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बीबीबीपी के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार किया, इस बात पर जोर दिया कि यह योजना सामाजिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बन गई है। उन्होंने कहा, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल सरकारी योजना से आगे बढ़कर राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गई है। इस 10 साल की यात्रा ने बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास के समान अवसर प्राप्त हों यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि इस योजना द्वारा लाए गए सांस्कृतिक बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिलाओं के उत्थान के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए हम एक ऐसा माहौल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जहां हर लड़की को शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसरों से भरे भविष्य का अधिकार हो। इस अवसर पर सर्वोत्तम प्रथाओं का संग्रह, मिशन वात्सल्य पोर्टल, मिशन शक्ति पोर्टल और मिशन शक्ति मोबाइल ऐप सहित कई महत्वपूर्ण पहल शुरू की गईं, जो देश भर में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, पुलिस, अर्धसैनिक बलों, चिकित्सा, विज्ञान, सरकार सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिला अधिकारियों के साथ-साथ उत्साही छात्राएं भी उपस्थिति थीं।

## राज्य स्तर पर 'जन शिकायत समाधान कार्यकम' का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता, के नेतृत्व में बुधवार को को राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा जनसंपर्क शिविर, बैनर, प्रचार वाहन, पोस्टर, पंपलेट सहित स्थानीय अखबारं एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आम नागरिकों को जानकारी साझा की गई थी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की इस पहल से यह सुनिश्चित किया गया कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की कोई समस्या जैसे जमीन / अपराव / महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध तथा किसी भी पीडित को थानों के चक्कर न काटना पड़े। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को थाने में पहुंच बने पर तत्काल सहज रूप से समस्याओं का समाधान उपलब्ध हो सके तथा आम जनता और पुलिस की बीच विश्वास को मजबूत किया जा सके। आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी को पूरी तरह से मिटाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के निर्देश पर पूरे राज्य में एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उसका समाधान करने के लिये एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जिला प्रशासन स्थानीय पुलिस एवं अन्य अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भूमिका निभाई। कार्यक्रम की सफलता को सुनिश्चित करने एवं शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने हेतु पुलिस मुख्यालय के स्तर से पुलिस पदाधिकारियों का विभिन्न जिलों में निगरानी करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था।

## नाबालिग का अपहरण का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी




**रांची।** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार नबंर-2 की अदालत ने बुधवार को शादी की नियत से नाबालिग को अपहरण करने के आरोप से लोहरदगा निवासी मुर्शीद अंसारी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। रातू थाना क्षेत्र निवासी के निर्माणाधीन मकान में काम करने वाले राजमिस्त्री ने घटना का अंजाम दिया था। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने रातू थाना में एक अप्रैल 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# ई-लॉटरी से 9 अप्रैल को हरमू और अरगोड़ा में 181 फ्लैट का होगा आवंटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड



रांची में बने 181 फ्लैटों का ई-लॉटरी से आवंटन करेगा। रांची प्रमंडल के हरमू, अरगोड़ा में बने इन फ्लैट को लेने के लिए योग्य लोगों को बोर्ड की ऑफिशियल बेवसाइट से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह जानकारी राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने बुधवार को दी। उन्होंने कहा, रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। इसकी अंतिम तिथि 10 मार्च तक है। आवेदनों और कागजातों की जांच 11 मार्च से 4 अप्रैल तक होगी। योग्य आवेदकों की सूची सात अप्रैल को वेबसाइट पर जारी होगी। इसके बाद 9 अप्रैल को बोर्ड परिसर में ऑनलाइन लॉटरी निकाली जाएगी। पहले चरण में हरमू, अरगोड़ा में बने ये फ्लैट 90 वर्षों के पट्टे पर आवंटित किए जाएंगे। बोर्ड ने अलग-अलग वर्ग के फ्लैट और मकानों के आवंटन के लिए कुछ शर्तें तय की हैं। सामान्य, दिव्यांग, एससी-एसटी, ओबीसी, ओबीसी दिव्यांग, रिटायर सरकारी सेवक, सैन्य सेवा से रिटायर, बेसहारा विधवा के लिए फ्लैट भी तय किए गए हैं।

### 65 लाख तक के उपलब्ध हैं फ्लैट

फ्लैट की कीमत के अलावा इसकी कुल कीमत का 10% ईएमडी के रूप में आवेदकों को देना होगा। आर्थिक कमजोर, अल्प, मध्यम, उच्च आय वालों के अलग-अलग आवेदन शुल्क हैं। लाभुक 18% जीएसटी के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फ्लैटों की कीमत अलग-अलग (15 से 65 लाख) है। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' संवाददाता से यह पूछे जाने पर कि महेंद्र सिंह धौनी और हरमू स्थित बीजेपी ऑफिस का मकान भी कॉमर्शियल श्रेणी में आता है, इसपर उन्होंने कहा कि कारवाई चल रही है।

## बकाएदारों से वसूली सुनिश्चित किया जाए : उप प्रशासक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में निगम के कर संग्रहणकर्ता तथा मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। जिसमें तय हुआ कि मार्च तक युद्धस्तर पर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी बकाएदारों को नोटिस निर्गत कराते हुए कर की वसूली करना सुनिश्चित करें ताकि इस वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। जिन भवनों के अब तक स्व-कर निर्धारण नहीं किया गया है, उन सभी भवनों की मापी कराते हुए कर की वसूली करना सुनिश्चित करें। जिन व्यावसयिक प्रतिष्ठानों की ट्रेड लाईसेंस की वैद्यता समाप्त हो गई है उन्हें चिन्हित करते हुए रिन्यूअल का कार्य करें। मौके पर सहायक प्रशासक श्री चन्द्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# विकसित भारत कार्यक्रम में पालोना के विषय को जोड़ा जाएगा : संजय सेठ

### जन्म देने के बाद छोड़े गए नवजातों का नहीं रहता है रिकार्ड : मोनिया आर्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची प्रेस क्लब सभागार में शिशु संरक्षण अधिनियम (आईपीए) पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम का आयोजन पालोना संस्थान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश में लाखों नवजात हैं जो रेलवे स्टेशनों में, कूड़ेदानों में मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम 1947 के विकसित भारत कार्यक्रम के तहत पालोना के विषय को भी जोड़ा जाएगा। विदित हो कि जन्म देने के बाद नवजातों को छोड़ दिया जाता है। एक तरफ देश में आयुष्मान भारत योजना चल रही है वहीं दूसरी ओर दुधमुंहे नन्हें बच्चे सड़क के किनारे, झाड़ियों में, रेलवे प्लेटफार्म, शौचालय में फेंके हुए पाए जाते हैं। कोई नवजात बच जाता है तो किसी की मृत्यु हो जाती है। पालोना ने दो दीप जलाए, एक दीया उन बच्चों के



लिए जो बच गए हैं उनके सुखद भविष्य के लिए और दूसरा दिया उन नवजातों के लिए जो मर गए। पालोना संस्थान की मोनिया आर्या ने कहा कि नवजातों के उपर हो रहे अत्याचार का रिकार्ड सरकार स्तर एवं किसी संस्थान के द्वारा नहीं रखा जा रहा है। भ्रूण हत्या, नवजातों का परित्याग ऐसे मामले है जो आपराधिक हैं। अब नवजातों के सामने उनके सर्वाइल और प्रोटेक्शन की समस्या आन खड़ी हुई है। परंतु इस विषय की गंभीरता को गहाराई से नहीं समझा जा रहा है। वहीं कार्यक्रम के बाल संरक्षण आयोग के पूर्व निदेशक डी के सक्सेना ने कहा कि नवजातों का परित्याग और कन्या भ्रूण हत्या ऐसे मामले हैं जिसमें जागरूकता की जरूरत है। पालोना ग्रुप के सभी पदाधिकारी के पात्र हैं जिन्होंने शिशु शुसंरक्षण अधिनियम बनाने की मांग की है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संवेदनशील बनने की आवश्यकता है। इन्होंने आगे बताया कि एक बार कहीं नवजात को झाड़ियों में फेंक दिया गया था जिसे चीटियों ने नवजात को जकड़ रखा था। ऐसे मामले लगातार प्रकाश में आते रहते हैं लेकिन इसका रिकार्ड राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर नहीं रखा जाता है, इसके लिए कानून बनाने की जरूरत है। कैप्टन डा प्रिया श्रीवास्तव ने कहा कि नवजात का परित्याग करने पर कठोर दंड का प्रावधान हो। शिशुओं की सुरक्षा के लिए कोई कानून नहीं बना है। वैसे बच्चों के पुर्नवास और गोद लेने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। सिटीजन फाउंडेशन की ओर से गणेश रेड्डी ने भी शिशु संरक्षण कानून बनाने की मांग की। साइक्लोजिस्ट डॉ भूमिका ने कहा कि क्राइसिस प्रेग्नेसी अपने आप में एक ऐसा विषय है जो इस विषय से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। ऊषा मार्टिन की ओर से डॉ मयंक मुरारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऊषा मार्टिन ग्रामीण क्षेत्र में शिशु के विकास या बच्चों के विकास से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम में अडाणी पावर के प्रतिनिधि संजीव शेखर भी मौजूद थे।

## झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव आज




- *79 उम्मीदवारों के लिए 1904 मतदाता अपने मतों का करेंगे प्रयोग*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव गुरुवार को होगा। सात पदाधिकारी और नौ कार्यकारिणी सदस्य के लिए सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। 79 उम्मीदवारों के लिए 1904 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। हाई कोर्ट परिसर के ब्लाक एक में एसोसिएशन लाइब्रेरी में मतदान के लिए दो बूथ बनाए गए हैं। चुनाव कराने के लिए वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह, एमके राय और विजय राय को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। मतदान के दौरान एडवोकेट एसोसिएशन या बार काउंसिल की ओर से जारी प्रमाण पत्र रखना अनिवार्य होगा। मतदान केंद्र के पास प्रचार करने पर प्रतिबंध रहेगा। अधिवक्ताओं को ड्रेस में आकर मत डालने को कहा गया है। इसके अलावा मतदान केंद्र में मोबाइल ले जाने की मनाही होगी। पदाधिकारियों के पद के लिए शाम चार बजे के बाद ही मतगणना शुरू हो जाएगी। बता दें कि अध्यक्ष पद के लिए छह, उपाध्यक्ष के लिए सात, महासचिव के लिए पांच, संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए पांच, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के लिए तीन, कोषाध्यक्ष के लिए पांच, सह कोषाध्यक्ष के लिए सात और कार्यकारिणी के लिए 41 उम्मीदवार मैदान में है।

## पेज एक के शेष

**रेलवे में दो करोड़ रुपये का...**

फिलहाल दोनों कर्मी फरार चल रहे हैं।

**क्या है मामला :** रेलवे स्टेशन आय की रकम को स्टेशन से लेकर बैंक में जमा करने के लिये रेलवे एवं एसबीआई के द्वारा 31अक्टूबर 2020 को एग्रीमेंट किया गया है। उसके बाद से एग्रीमेंट के तहत बैंक के द्वारा अधिकृत एजेंसी (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर के द्वारा ही स्टेशन से टिकट बिक्री के पैसे को ले जाकर बैंक में रेलवे के खाता संख्या 32595570076 में जमा किया जाता है तथा बैंक से प्राप्त प्राप्ति रसीद को स्टेशन में जमा किया जाता है। किन्तु एजेंसी के द्वारा नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के वर्ष 2023 मे हुये टिकट बिक्री का पैसा लगभग 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये को एजेंसी के बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति ने बैंक में जमा नहीं किया। जबकि बैंक में राशि जमा करने का फर्जी प्राप्ति रसीद को स्टेशन प्रबंधक को लाकर जमा कर दिया। यह क्रम एक वर्ष तक चलता रहा। किंतु किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाइकर हर 10 दिन एवं 15 दिन पर बैंक में राशि जमा करने के नाम पर मोटी राशि का गबन करते गया और फर्जी रसीद स्टेशन प्रबंधक के यहां जमा करते गया।

**कैसे हुआ खुलासा :** धनबाद रेल मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में लगातार राजस्व की कमी होने पर रेल विभाग हरकत में आ गया। रेलवे के उच्च अधिकारियों ने इसकी जांच पड़ताल शुरू की। अधिकारियों ने सभी स्टेशन को अपने स्टेशन से बाइकर द्वारा भेजे गये रकम तथा एसबीआई में रेलवे के खाते में जमा किये गये रकम की जांच करने का आदेश दिया। जांच के क्रम में नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन प्रबंधक के द्वारा जब बैंक से स्टेटमेंट एवं बाइकर द्वारा जमा की गई प्राप्ति रसीद की जांच की तो पता चला कि बाइकर ने बैंक में राशि को जमा ही नहीं किया है। साथ ही फर्जी तरीके से प्राप्ति रसीद को स्टेशन में जमा किया है। जांच के क्रम में स्टेशन प्रबंधक ने पाया कि 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक लगभग 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये बाइकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति ने स्टेशन से बैंक में जमा करने के लिये पैसा लिया, किंतु बैंक में रेलवे के खाता नंबर 32595570076 में जमा ही नहीं किया। बैंक के द्वारा दिये गये स्टेटमेंट में भी इसकी पुष्टि हुई है। स्टेशन प्रबंधक के द्वारा इसकी सूचना तत्काल रेलवे के वरीय अधिकारियों को दी। जिसके आलोक में सीटीआई मनुराम के निर्देश पर स्टेशन प्रबंधक ने नगर ऊंटारी थाने में आवेदन देकर बाइकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति के विरुद्ध सरकारी राशि का गबन करने का मामला दर्ज कराया है।

**जल्द गिरफ्तार होंगे आरोपी : थाना प्रभारी**

नगर ऊंटारी थाना के थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि स्टेशन प्रबंधक के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में स्टेशन में कार्यरत रेल कर्मियों से पूछताछ की गई है। जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**एसीबी ने राजस्व कर्मचारी के**

ने कई कागजात भी जब्त किए हैं। बताया गया कि एसीबी की टीम ने मुंशी राम के करीबी नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी सह उपनिरीक्षक राजेश कुमार के रांची, गुमला और बिहार के औरंगाबाद स्थित चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। रांची के टैगोर हिल रोड स्थित अनन्या अपार्टमेंट के पहली मंजिल में राजेश कुमार के आवास पर छापेमारी देर शाम तक जारी थी। एसीबी एसपी ने बताया कि चार स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। एसीबी की टीम एक साथ रांची में दो, गुमला में एक और औरंगाबाद में एक स्थान पर छापेमारी कर रही है। इधर, गुमला के घाघरा प्रखंड मुख्यालय के पाकरटोली स्थित राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के किराए के मकान पर एसीबी की 15 सदस्यीय टीम ने बुधवार की सुबह साढ़े छह बजे ही धावा बोला। यहां एसीबी की टीम ने करीब साढ़े पांच घंटे तक छापेमारी की। मकान की चाबी का पता कर घर के एक-एक कमरे की तलाशी ली। जानकारी के अनुसार, यहां कोई आपत्तिजनक सामान उन्हें नही मिला। लेकिन, एक कमरे का दरवाजा बंद था। उस कमरे की चाबी राजेश के पास होने के कारण एसीबी कर्मी रांची से चाबी लेकर घाघरा आए। पर, हड़बड़ी में सिर्फ गोदरेज की ही चाबी लाए। इस कारण दरवाजे पर लगे ताले को तोड़ कर तलाशी ली गई। मिली जानकारी के अनुसार, इस कमरे से भी कोई सामान बरामद नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, एसीबी को यह पता था कि पाकरटोली वाला आवास राजेश कुमार का है। लेकिन, घर मालिक जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी ने जमीन का कागज दिखाकर अपना घर होने की बात कही। एसीबी की टीम इस जमीन के कागजात की छायाप्रति अपने साथ लेती गई। वहीं, मौके पर नियुक्त मजिस्ट्रेट द्वारा घर से निकलते समय सभी एसीबी कर्मियों की जांच सतवंती देवी के समक्ष की गई। ताकि, घर मालिक द्वारा यह आरोप नहीं लगाया जा सके कि कोई सामान गायब है।

**मुंशी राम मामले की जांच के दौरान राजेश कुमार की संलिप्तता आई थी सामने :** रांची के सदर सीओ मुंशी राम से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले की जांच के दौरान राजेश कुमार की संलिप्तता भी सामने आई थी। इसके बाद एसीबी टीम ने एक साथ रांची, गुमला और औरंगाबाद में छापेमारी की। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कार्रवाई करते हुए रांची के सदर सीओ मुंशी राम को 37 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया था। मुंशी राम रांची के रहने वाले एक व्यक्ति से उसकी जमीन की मापी को लेकर 37 हजार की रिश्वत मांग रहा था। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसीबी से की थी। मामले की जांच के बाद एसीबी ने तीन जनवरी को रांची के कचहरी स्थित मुंशी राम के कार्यालय में छापेमारी की और उसे 37 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की थी, जहां से 11 लाख 42 हजार रुपए नकद बरामद किए गए थे।

**जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा...**

रिपोर्ट में चार सप्ताह का समय लगेगा। इस पर कोर्ट ने सरकार को समय प्रदान करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 26 मार्च निर्धारित की। साथ ही, राज्य सरकार को अनुसंधान की अपडेट स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक बरकरार रखा है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा। पिछली सुनवाई में झारखंड हाईकोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम-2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करें और अनुसंधान कर अपनी रिपोर्ट दे। उल्लेखनीय है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा मामले की जांच सीआईडी कर रही है। सीजीएल परीक्षा-2023 में गड़बड़ी के आरोप में सीआईडी ने दो केस दर्ज कर लिए हैं। इस मामले के अनुसंधान के लिए डीजीपी सह सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने एसआईटी भी गठित कर दी है।

**इलेक्टोरल बॉन्ड योजना पर...**

नहीं किया जा सकता था। याचिका में आगे कहा गयाहै कि ईबीएस के तहत राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त राशि को जब्त करने की मांग वाली याचिकाओं को तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा खारिज करना अप्रत्यक्ष रूप से एडीआर फैसले को संशोधित करता है। याचिका में बताया गया है कि अदालत के निर्देशों के तहत दिए गए सबूत ईबीएस के माध्यम से किए गए दान और कॉरपोरेट दानदाताओं द्वारा प्राप्त लाभों के बीच पारस्परिक संबंध को रेखांकित करते हैं। यह पीठ के निष्कर्ष का खंडन करता है कि ऐसे दावे काल्पनिक थे। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने पिछले साल 15 फरवरी को भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई राजनीतिक फंडिंग की चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था। अदालत के फैसले के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग के साथ डाटा साझा किया था। चुनाव आयोग ने इन डाटा को सार्वजनिक किया था।



## अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार पहली वर्षगांठ पर जयकारों से गूंजी अयोध्या

# श्रीरामलला के मंदिर में उमड़ा जनसमुद्र

**अयोध्या (आईएएनएस)**

रामनगरी में बुधवार को फिर से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह कोहरा और बेतहाशा ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किए। हर तरफ 'जय श्रीराम' के जयकारे लगते रहे। मानो एक बार फिर से त्रेता युग लौट आया हो। श्री रामचंद्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जन्मभूमि पथ पर कतारबद्ध दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का सैलाब नजर आया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिन आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए थे।

- **भारतीय कैलेंडर से 11 जनवरी 2025 को मनाई गई थी पहली वर्षगांठ**

अब जब बारी आई 22 जनवरी की, तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंच गए। प्रदेश की योगी सरकार ने दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटा दिखा। राम मंदिर की पहली वर्षगांठ को देखते हुए मठ मंदिरों में भी धूम है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। इसके अलावा दशरथ महल-कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मणिरामदास छावनी में सुबह रथयात्रा निकालने के बाद 41 दिवसीय अनुष्ठान का आगाज हो गया। इसमें सवा लाख से भी अधिक श्रीराम रक्षास्त्रोत का जाप होगा।

बड़ी संख्या में अपने आराध्य का दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं में से अनेक ऐसे भी हैं, जो बीती 22 जनवरी को अयोध्या में थे। उसी पल को जीने के लिए वे फिर रामनगरी में हैं। ट्रस्ट को भीड़ के आने का अनुमान था, इसलिए व्यवस्थाएं भी उसी अनुसार की गई थीं। राम मंदिर के आसपास का सारा क्षेत्र ब्रह्म मुहूर्त से ही जयकारों से गूंजने लगा था। होटल और धर्मशालाएं पहले से ही लोग आरक्षित कराए हुए थे। रामलला के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि हिंदी कैलेंडर के मुताबिक 11 जनवरी को द्वादशी मनाई गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक दर्शन करने पहुंचे हैं। सुबह से ही भारी भीड़ दिखी। राजस्थान की विजयलक्ष्मी ने बताया कि उधर बालाजी और यहां रामलला की ही कृपा रही कि अच्छे से दर्शन मिल गया। उन्होंने बताया कि उनके साथ 17 लोगों का ग्रुप आया था। सभी ने हनुमान चालीसा पढ़ते हुए राम मंदिर में प्रवेश किए। 500 वर्षों बाद अयोध्या में रौनक लौटी है। सभी को दर्शन के लिए पहुंचना चाहिए।

### सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम

अयोध्या के एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम हैं। अयोध्या को 6 जोन और 17 सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। जोन में राजपत्रित अधिकारियों और सेक्टर में सीओ लेवल के अधिकारी की तैनाती की गई है

## ट्रंप के आदेश के विरोध में अमेरिका के 22 राज्य

# 'बर्थराइट पॉलिसी' बदलने के खिलाफ मुकदमा दायर

**वॉशिंगटन (हि.स.)**

### अदालत में राज्यों का सामना करने के लिए तैयार हैं : व्हाइट हाउस



अमेरिका के 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'बर्थराइट पॉलिसी' बदलने के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह पॉलिसी अमेरिका में जन्मे बच्चों को उनके माता-पिता के इमिग्रेशन स्टेटस को नजरअंदाज कर नागरिकता की गारंटी देती है। डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण के साथ जारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जो अमेरिकी संविधान में 'बर्थराइट पॉलिसी' को बदलने की बात करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'बर्थराइट पॉलिसी' को लेकर दी गई मंजूरी कानूनी अड़चनों में फंसती दिख रही है। ट्रंप ने देश की बर्थराइट पॉलिसी की यह कहते हुए आलोचना की थी कि यह नीति अवैध आव्रजन को प्रोत्साहित करती है। इसी वजह से दोबारा सत्ता में आते ही ट्रंप ने इस नीति को बदलने संबंधी आदेश जारी कर दिए।

ट्रंप के आदेश के साथ अमेरिका सहित दुनिया भर में हलचल मच गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रंप के आदेश के खिलाफ कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट और सैन फ्रांसिस्को के साथ 18 राज्यों ने फेडरल अदालत में मुकदमा कर दिया है। न्यू जर्सी और दो शहरों के साथ कैलिफोर्निया, मैसाचुसेट्स, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, मेन, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क, उत्तरी कैरोलिना, रोड आइलैंड, वर्मोंट और विस्कांसिन भी ट्रंप के आदेश के खिलाफ मुकदमे में शामिल हुए हैं। न्यू जर्सी के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल मैट प्लैटकिन ने कहा कि राष्ट्रपतियों के पास व्यापक शक्तियां होती हैं, लेकिन वे राजा नहीं होते। इधर, मुकदमा दायर होने के बाद व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया है कि वह अदालत में राज्यों का सामना करने के लिए तैयार है। इन मुकदमों को वामपंथी प्रतिरोध का विस्तार बताया है।


### क्या है अमेरिका की 'बर्थराइट पॉलिसी'

वर्ष 1868 में किए गए अमेरिका के संविधान के 14वें संशोधन के मुताबिक, देश में पैदा हुए सभी बच्चों को जन्मजात नागरिकता दी जाती है। संशोधन का मकसद पूर्व में देश में गुलाम बनाए गए लोगों को नागरिकता और समान अधिकार देना था। संविधान के मुताबिक, अमेरिका में जिन बच्चों का जन्म हुआ, उनके अधिकार क्षेत्र के अधीन वे अमेरिका और जिस भी राज्य में पैदा हुए, वहां के नागरिक बन जाते हैं।

**क्या है ट्रंप का आदेश :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश में कहा गया है कि 'बर्थराइट पॉलिसी' में गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों के बच्चों को बाहर रखा जाना चाहिए और उन्हें जन्मजात नागरिकता नहीं दी जानी चाहिए। ट्रंप का आदेश अमेरिका में जन्मे किसी भी बच्चे को 14वें संशोधन के तहत नागरिकता प्रदान करने को चुनौती देता है।

# ट्रंप सरकार करेगी एआई के बुनियादी ढांचे पर 500 अरब डॉलर का निवेश

## परियोजना की शुरुआत 2024 में बाइडेन प्रशासन के दौर में ही हो गई थी



### फिलहाल 'स्टारगेट' से अलग हैं एलन मस्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और उनके प्रशासन के तहत डीओजीई संभालने वाले एलन मस्क को फिलहाल एआई से जुड़ी परियोजना 'स्टारगेट' से अलग रखा गया है। मस्क ओपनएआई के शुरुआती निवेशकों में से एक थे। मस्क ने ओपनएआई में मुनाफा कमाने वाला मॉडल जोड़ने की आलोचना की थी। बाद में उन्होंने अपना खुद का एआई उद्यम, एक्स एआई लांच किया है।

- **'स्टारगेट' नामक योजना ओरेकल, सॉफ्टबैंक व ओपन एआई के साथ साझेदारी में होगी**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई कंपनी के मार्फत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बुनियादी ढांचे में 500 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। यह योजना ओरेकल, सॉफ्टबैंक व ओपन एआई के साथ साझेदारी में बनाई जा रही है। कहा जा रहा है कि यह आईटी क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी परियोजना होगी। 'स्टारगेट' नामक यह उद्यम, अमेरिकी डाटा केंद्रों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के महत्वपूर्ण निवेश का प्रतीक होगा। तीनों कंपनियों ने इस उद्यम के लिए वित्तीय मदद करने की योजना बनाई है। अन्य निवेशक भी इसमें निवेश कर पाएंगे। इसकी शुरुआत टेक्सास में बन रहे 10 डाटा केंद्रों से होगी।

ट्रंप ने बीते मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन व ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति ने कहा, उस नाम को अपनी पुस्तकों में लिख लें, क्योंकि मुझे लगता है कि आप भविष्य में इसके बारे में बहुत कुछ सुनने वाले हैं। एक नई अमेरिकी कंपनी जो अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन होगा। ट्रंप ने कहा, 'स्टारगेट' तुरंत काम शुरू करेगा, ताकि एआई में अगली पीढ़ी की प्रगति को बढ़ावा देने के लिए भौतिक और आभासी बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा सके।

जहां तक 'स्टारगेट' का सवाल है, यह एक नई कंपनी है, जिसका उद्देश्य उन्नत एआई के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित करना है। इसमें डाटा सेंटर और बिजली उत्पादन सुविधाएं बनाना शामिल है, जो तेजी से विकसित हो रहे एआई परिदृश्य को शक्ति प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसमें शुरुआती निवेश 100 अरब डॉलर का होगा, जिसे बढ़ाकर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाया जा सकता है। यह परियोजना टेक्सास में केंद्रित है, जहां पहले 10 डाटा सेंटर का निर्माण पहले ही शुरू हो चुका है।

स्टारगेट परियोजना का संचालन तीन दिग्गजों की साझेदारी में होगा। इनमें मासायोशी सोन, सॉफ्टबैंक के संस्थापक, सैम ऑल्टमैन, ओपनएआई के सीईओ और लैरी एलिसन, ओरेकल के अध्यक्ष वीआर शामिल हैं। परियोजना की घोषणा के दौरान तीनों दिग्गजों ने स्टारगेट को संभव बनाने का श्रेय ट्रंप को दिया। हालांकि, परियोजना की शुरुआत 2024 में बाइडेन प्रशासन के दौर में ही हो गई थी। ओपनएआई के सीईओ ऑल्टमैन ने कहा, यह इस युग की सबसे महत्वपूर्ण परियोजना होगी। सोन ने इसे 'स्वर्ण युग की शुरुआत' बताया। एलिसन ने कहा कि डाटा सेंटर पहले से ही तैयार हो रहे हैं और अब तक 10 का निर्माण किया जा चुका है। ओरेकल के अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि यह परियोजना डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड से भी जुड़ी हुई है और संभवतः एक अनुकूलित वैक्सीन विकसित करके कैंसर जैसी बीमारियों का इलाज करना आसान बना देगी। चूंकि एआई विकास के लिए बहुत ज्यादा कंप्यूटिंग शक्ति की जरूरत होती है, इसलिए इसको को पूरा करने के लिए जरूरत होती है बहुत सारे डाटा सेंटर और ऊर्जा संसाधन की। उदाहरण के लिए, ओपनएआई ने चैटजीपीटी जैसी प्रणालियों को विकसित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के बुनियादी ढांचे पर भरोसा किया है, लेकिन अब वह अपनी क्षमताओं का विस्तार और अनुकूलन करने के लिए अपनी खुद की सुविधाएं बनाना चाहता है।

'स्टारगेट' वैश्विक एआई दौड़ में अमेरिका को आगे रखने की परियोजना का हिस्सा है। विशेषकर इसका उद्देश्य चीन के खिलाफ खुद को मजबूत बनाना है। व्हाइट हाउस ने एआई की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए ऊर्जा अवसंरचना को सुव्यवस्थित करने की बात कही है। अब तक मासायोशी सोन अमेरिकी तकनीक में निवेश को आगे बढ़ाने की परियोजना में प्रमुख चेहरा रहे हैं। उन्होंने चार वर्षों में अमेरिकी परियोजनाओं में 100 अरब डॉलर का निवेश किया। इसके तहत वीवर्क जैसी कंपनियों में किया गया निवेश शामिल है। इसके अलावे, माइक्रोसॉफ्ट और एनवीडिया जैसे चिपमेकर भी इस परियोजना में शामिल रहे हैं। ये सभी मिलकर स्टारगेट की तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करते हैं। एक प्रमुख वित्तीय फर्म ब्लैकस्टोन ने पिछले साल अनुमान लगाया था कि अमेरिका में पांच वर्षों में डाटा सेंटर में 1 ट्रिलियन डॉलर का निवेश होगा। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी 1 ट्रिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा। 'स्टारगेट' को इस पूंजी के एक बड़े हिस्से को संभालने का काम कर सकती है।

# अमरजीत ने जमीन व कोठी बेचकर बेटी, पत्नी और बहनों को दिए करोड़ों

**नवीन मेल संवाददाता**

- जब देने को कुछ नहीं रहा, तो परिवार के लोग उन्हें वृद्ध आश्रम में छोड़ पानीपत से चले गए
- वृद्ध आश्रम में बीमार पड़े तो आश्रम वाले उनको जन सेवा दल के आशियाने में छोड़ दिया
- 4 साल बाद गत 15 जनवरी को उनकी मौत हो गई, परिवार वाले अंतिम संस्कार में नहीं आए
- पत्नी बोली, हम अंतिम संस्कार में नहीं आएंगे, आप हमें उनका मृत्यु प्रमाणपत्र भेज देना

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन के अमरजीत ने पांच एकड़ जमीन और अपनी कोठी बेचकर बेटी, बहन एवं पत्नी को करोड़ों रुपये दे दिए। जब अमरजीत के पास देने को कुछ नहीं रहा, तो परिवार के लोग उन्हें वृद्ध आश्रम में छोड़कर पानीपत से चले गए। वह वृद्ध आश्रम में बीमार पड़े, तो आश्रम के प्रतिनिधियों ने उन्हें जन सेवा दल के अपने आशियाना में छोड़ दिया। चार साल बाद 15 जनवरी 2025 को उनकी मौत हो गई।

जिला नागरिक अस्पताल के शवगृह में उनका शव अंतिम संस्कार के इंतजार में है। बेटी, पत्नी और बहनों को उनकी मौत की सूचना दी गई, तो उन्होंने अंतिम संस्कार में आने से मना कर दिया। अब मंगलवार को जन सेवा दल के सदस्य असंध रोड स्थित शिवपुरी में उनके शव का अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार, 84 वर्षीय अमरजीत की अज्जीजुलापुर गांव में पांच एकड़ जमीन थी और मॉडल टाउन में उसकी कोठी थी। परिवार में पत्नी, एक बेटी, दो बहनें हैं। अमरजीत ने अपनी जमीन बेचकर बेटी को पढ़ाया और उसे आत्मनिर्भर बनाया। उसकी अच्छे खानदान में शादी भी की। इसके बाद उनकी पत्नी अपनी बेटी के साथ उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में चली गई और उनके पास ही रहने लगी। उनकी एक बहन अमेरिका व दूसरी दिल्ली में चली गई और अमरजीत को पानीपत के एक वृद्ध आश्रम में छोड़ दिया।

वर्ष 2020 में अमरजीत आश्रम में बीमार हो गए तो आश्रम के प्रतिनिधियों ने भी उन्हें जन सेवा दल के अपने आशियाना में छोड़ दिया। जन सेवा दल के सदस्यों ने उनका इलाज कराया और अपने पास रखा। पांच दिन पहले अमरजीत की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जन सेवा दल के महासचिव चमन गुलाटी ने उन्हें जिला नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जब सूचना दी गई, तो पत्नी बोली, हम अंतिम संस्कार में नहीं आएंगे, आप हमें उनका मृत्यु प्रमाणपत्र भेज देना। जन सेवा दल के महासचिव चमन गुलाटी ने बताया एक इंसान ने पूरा जीवन परिवार के लिए कुर्बान कर दिया। जमीन बेचकर उन्हें करोड़ों रुपए दिए। अब परिवार के लोग उनके अंतिम संस्कार में भी आने से इंकार कर रहे हैं। बेटी, पत्नी व बहनों को उन्होंने कॉल कर अमरजीत की मौत की सूचना दी। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार में नहीं आ सकते। उन्हें अमरजीत का मृत्यु प्रमाणपत्र भेज देना।

## नेपाल एपीएफ ने रखा 425 नए बॉर्डर आउट पोस्ट का प्रस्ताव

**काठमांडू।** नेपाल की सीमा सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) ने भारत और चीन की सीमा पर 425 नए बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) बनाने का प्रस्ताव दिया है। इस समय एपीएफ के पास दोनों अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सिर्फ 254 सुरक्षा पोस्ट है, जो सीमा निगरानी के लिहाज से नाकाफी हैं। एपीएफ के आईजीपी राजू अर्याल ने बताया कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और सीमापार से अपराध नियंत्रण के लिए गृह मंत्रालय को भेजे प्रस्ताव में 425 नए बीओपी बनाने की बात कही गई है।

# हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध करते हैं : क्वॉड

## भारतीय विदेश मंत्री डॉ जयशंकर ने लिया भाग

**वॉशिंगटन (हि.स.)**



डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद मंगलवार को क्वॉड के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक हुई। इसमें अमेरिका के नवनियुक्त विदेश मंत्री मार्को रुबियो, भारतीय विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर और जापान एवं ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया। जापान की तरफ से ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व किया। चार देशों के समूह क्वॉड का उद्देश्य इंडो पैसिफिक क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। बैठक के बाद जारी साझा बयान में कहा गया कि, हम चारों देशों का दृढ़ विश्वास है कि समुद्री क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और सुरक्षा, भारत-प्रशांत के लोगों के विकास और समृद्धि को दर्शाता है। हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई का दृढ़ता से विरोध करते हैं, जो बलपूर्वक या जबरदस्ती यथास्थिति को बदलने का प्रयास करती है। साथ ही कहा, हम बढ़ते खतरों के बावजूद क्षेत्रीय समुद्री, आर्थिक और तकनीकी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भारतीय सीमा में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, जवानों की गोलीबारी से भागा

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय सीमा में घुसे एक पाकिस्तानी ड्रोन को गिराने के लिए सेना के जवानों ने गोलीबारी की। गोलीबारी के बाद ड्रोन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में वापिस लौट गया। अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने मंगलवार की देर रात जिले के मेंढर सेक्टर में सीमा बाड़ के पास ड्रोन की हरकत देखी और करीब एक दर्जन राउंड फायरिंग की। उन्होंने बताया कि इलाके में कुछ देर मंडराने के बाद ड्रोन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लौट गया।



## जकार्ता में हुआ बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'ला पेरोस'

# भारत ने दिखाई समुद्री ताकत

- **स्वदेशी विध्वंसक आईएनएस मुंबई के साथ लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी-8आई विमान ने लिया हिस्सा**

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी महासागर क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना का स्वदेशी विध्वंसक पोत आईएनएस मुंबई इंडोनेशिया के जकार्ता में बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'ला पेरोस' में हिस्सा लिया। इस अभ्यास का मकसद इंडो-पैसिफिक में समुद्री संबंधों को मजबूत करना, समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाना और अपने कौशल को एक साथ निखारना था। स्वदेशी विध्वंसक के साथ लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी-8आई विमान ने फ्रेंच-सीएसजी, रॉयल नेवी और रॉयल कैनेडियन नौसेना इकाइयों के साथ बहुराष्ट्रीय अभ्यास के समुद्री चरण में भाग लिया।

## कई प्रमुख वैज्ञानिकों ने किया प्रोफेसर कामकोटि का बचाव


# राजनीतिक मुद्दा बना गोमूत्र का 'औषधीय गुण'

**चेन्नई (हि.स.)**

- **आईआईटी मद्रास के निदेशक ने कहा था, गोमूत्र में एंटी-बैक्टीरियल एंटी-फंगल गुण**
- **थानथाई पेरियार द्रविड़ कझगम ने दावे को छद्म बताया और माफी मांगने को कहा**



गोमूत्र को लेकर आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो वी कामकोटि के दावों के बाद राज्य में यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम, थानथाई पेरियार द्रविड़ कझगम (टीपीडीके) ने कामकोटि के इस दावे को छद्म विज्ञान और शर्मनाक बताया। टीपीडीके ने कामकोटि से दावे के सबूत देने अन्यथा माफी मांगने की मांग की है। इसके बाद डब्ल्यूएचओ के पूर्व सलाहकार डॉ आरएस चौहान, सीएसआईआर-सीआईएमएपी के पूर्व निदेशक डॉ एसपीएस खानुजा, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई, भाजपा नेता तमिलिसाई सौंदर्यराजन और जोहा कंपनी के सीईओ श्रीधर वेंबू सहित कई प्रमुख लोग प्रो कामकोटि के बचाव में उतर आए हैं। दरअसल, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि ने 'माट पोंगल' के दिन 'गो संरक्षण शाला' में गायों की देसी नस्लों की रक्षा और जैविक खेती के महत्व पर अपने विचार रखने के दौरान एक वैज्ञानिक शोध का हवाला देते हुए कहा कि गोमूत्र में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और पाचन गुण होते हैं। वी. कामकोटि ने 'गोमूत्र' के 'औषधीय मूल्य' की प्रशंसा करते हुए उस संन्यासी के बारे में किस्सा सुनाया, जिसने गोमूत्र का सेवन करके तेज बुखार को ठीक किया था।




आईआईटी मद्रास के निदेशक का यह बयान राजनीतिक गलियारे में विवाद का विषय बन गया है। इस मामले में गोमूत्र अनुसंधान के प्रमुख अन्वेषक रहे व पंतनगर के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ आरएस चौहान ने आईआईटी मद्रास के निदेशक के दावे का समर्थन किया। डॉ चौहान डब्ल्यूएचओ के पूर्व सलाहकार और आईवीआरआई, बरेली के निदेशक रह चुके हैं। जिन्होंने 'पंचगव्य उपचार प्रणाली' के लिए 'काउपैथी' नमक शब्द गढ़े। आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि के दावों पर कांग्रेस नेता कार्ति पी चिदंबरम ने निंदा करते हुए कहा कि आईआइटी मद्रास के निदेशक का छद्म विज्ञान का प्रचार करना अनुचित है। थानथाई पेरियार द्रविड़ कझगम ने भी गोमूत्र से लाभ की बात की निंदा की।

### गैलिक एसिड डेरिवेटिव के कारण गोमूत्र में कैंसर-रोधी गुण : डॉ खानुजा

सीएसआईआर-सीआईएमएपी के पूर्व निदेशक डॉ एसपीएस खानुजा ने आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो वी कामकोटि के दावों का समर्थन किया। डॉ एसपीएस खानुजा ने विश्व में पहली बार वर्ष 2000 में गोमूत्र में कैंसर-रोधी गुणों की महत्वपूर्ण खोज में भूमिका निभाई थी। बाद में इसका अमेरिकन पेटेंट कराया था। डॉ खानुजा ने सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक डॉक्टर आरए माशेलकर की मार्गदर्शन में किए गए शोध में पाया कि गोमूत्र की कैंसर-रोधी गतिविधि गैलिक एसिड डेरिवेटिव के कारण होती है।